Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जड़ा बैक टू बैक शतक

हिमाचल पानी देने को तैयार, हरियाणा बन रहा रूकावट, आप के आरोप पर...

शुक्ल पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 21 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 191 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 24 कैरेट	1 किलो चांदी
₹72, 440	₹92,500

आज का इतिहास

- 1862 : ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर 'लिंकन्स इन' से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले प्रथम भारतीय बने।
- 2009 : भारत की बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी साइना नेहवाल सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

न्यूज बाइट्स

भूटान जुलाई में 100 भारतीय शिक्षकों की करेगा नियुक्ति

थिम्पू (भूटान) (ए.)। भूटान सरकार देश में एसटीईएम शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जुलाई में भारत से करीब 100 शिक्षकों को नियुक्त करेगी। एसटीईएम संवर्ग में वे शिक्षक होते हैं , विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों को पढ़ाते हैं।

अरविंद केजरीवाल को जमानत

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार केजरीवाल को गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए फैसला सुनाया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को 21 दिनों की अंतरिम जमानत दी थी। 2 जून को सरेंडर करके वह दोबारा तिहाड़ जेल गए थे। उन्होंने राउज एवेन्यू कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। स्पेशल जज न्याय बिंदु की अदालत ने एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत दी है। ईडी ने कोर्ट से अपील की कि बेल बॉन्ड पर साइन करने के लिए 48 घंटे का समय दिया जाए ताकि आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जा सके। जज ने कहा है कि आदेश पर कोई स्टे नहीं होगा।

आउटसोर्सिंग कर्मियों को भी मिलेगा बोनस

पटना (नि.सं.)। सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्ड व निकायों में आउटसोर्सिंग पर काम करने वाले कर्मियों को बोनस मिलेगा। एक साल में कम से कम 30 दिन काम करने वालों को बोनस मिलेगा। पांच साल से अधिक काम करने पर उनको ग्रेच्युटी की भी सुविधा दी जाएगी। श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी राजेन्दर ने इस बाबत सभी विभागीय सचिवों को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि आउटसोर्सिंग के तौर पर विभिन्न विभागों में मानव बल की सेवा ली जा रही है। काम लेने के दौरान श्रम अधिनियमों का अनुपालन जरूरी है। इसके लिए श्रम संसाधन विभाग की ओर से समय-समय पर निर्देश जारी किए जाते रहे हैं।

नीतीश कैबिनेट में 22 एजेंडों पर लगी मुहर, बिहार विधानसभा का मानसून सत्र 22 से 26 जुलाई तक

बिहार के गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में दौड़ेगी मेट्रो

- राज्य सरकार ने विभिन्न सेवा नियोजनाओं के लिए परीक्षाओं को ऑनलाईन या ऑफलाईन माध्यम से कराने की मंजूरी दी है।
- मुजफ्फरपुर थर्मल पावर स्टेशन से नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन को अंतरित किये गए कार्मिकों के सेवोत्तर लाभों के मामलों में 'बिहार स्टेट इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाई मास्टर ट्रस्ट' द्वारा आच्छादित किये जाने की मंजूरी।
- राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में दलहन की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर व्यवस्था की है।

नीतीश कैबिनेट के फैसले

» खेल विभाग में 98 पदों पर बहाली

» 750 गरीब परिवारों के लिए आवास

» हर पंचायत में खेल क्लब बनाने का फैसला

» किसानों को डीजल अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपए स्वीकृत

» पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए कुल 148 करोड़ रुपए स्वीकृति किए गए हैं

» यह राशि कंप्यूटर, डेस्क, फर्नीचर, लैबोरेटरी आदि पर खर्च होगी

निज संवाददाता | पटना

सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक की। इस बैठक में कुल 22 एजेंडों पर मुहर लगी है। कैबिनेट के प्रमुख फैसले में पटना के बाद अब गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में मेट्रो चलाने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही 22 से 26 जुलाई विधानमंडल का मानसून सत्र बुलाने का फैसला लिया गया है। इस सत्र में 5 बैठक होगी। बैठक में यह तय किया गया है कि खेल विभाग में 98 पदों पर बहाली होगी। वहीं, हर पंचायत में खेल क्लब बनाने के फैसले पर भी मुहर लगी है। बिहार सरकार ही क्लब बनाएगी और खिलाड़ियों को इससे जोड़ेगी। इसके साथ ही पदों पर नियुक्ति के लिए नीतीश सरकार ने नया फैसला लिया है। अब आयोग ऑफलाइन और ऑनलाइन एग्जाम लेगी। इसके अलावा बिहार सरकार ने एसएफसी को 12 हजार करोड़ रुपए दिए हैं। धान, गेहूं, चना, मसूर की अधिप्राप्ति के लिए ये राशि दी गई है। शहरी गरीबों के लिए मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग बनाई जाएगी। 750 गरीब परिवारों के लिए पीपीपी मोड में यह आवास बनेगा। हाउसिंग बोर्ड की जमीन पर शहरी बस्ती, फुटपाथ पर रहने वाले परिवारों के लिए रहने का इंतजाम किया जाएगा। सात निश्चय पार्ट 2 योजना के तहत बहुमंजिला आवास बनाने का फैसला कैबिनेट में लिया गया है। नीतीश कैबिनेट ने पिछले शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में 25 बड़े फैसले लिए थे। बिहार में बेरोजगारों भत्ता देने साथ ही राज्य कर्मियों के हाउसिंग अलाउंस में भी इजाफा किया गया था। बैठक में मनरेगा के तहत बिहार बेरोजगारी भत्ता नियमावली-2024 को मंजूरी दी गई है। इस नियमावली के तहत बेरोजगारों को रोजगार के लिए आवेदन देना होगा। आवेदक को 15 दिनों के भीतर रोजगार नहीं मिलता है तो मांग तिथि से तय सीमा के भीतर दैनिक बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

नीतीश कैबिनेट की बैठक के लिए सप्ताह में मंगलवार और शुक्रवार के दिन तय किए गए हैं। मंगलवार के दिन सरकारी अवकाश या फिर सीएम की व्यस्तता पर शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई जाती है। हालांकि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैबिनेट की बैठक कभी भी बुलाने के लिए अधिकृत हैं। कैबिनेट की मीटिंग में सभी विभाग के मंत्री शामिल होते हैं।

डीजल अनुदान के लिए 150 करोड़ स्वीकृत

बिहार के किसानों के लिए डीजल अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। 8 एकड़ जमीन के लिए डीजल अनुदान मिलेगा। कुल पांच सिंचाई के लिए सरकार की तरफ से किसानों को यह राशि मिलेगी। वहीं पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए कुल 148 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। पॉलिटेक्निक कॉलेज में कंप्यूटर, डेस्क, फर्नीचर, लैबोरेटरी पर यह राशि खर्च की जाएगी। लोकसभा चुनाव के बाद आज मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई थी। चुनाव खत्म होने के बाद यह दूसरी बैठक थी जो मुख्य सचिवालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में सुबह 11 बजे से बुलाई गई।

पटना हाईकोर्ट ने नीतीश कुमार को दिया झटका

आरक्षण का दायरा बढ़ाने वाले कानून को किया रद्द

निज संवाददाता | पटना

बिहार की नीतीश कुमार की सरकार को गुरूवार को आरक्षण के मुद्दे पर पटना हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बिहार में अनुसूचित जाति/ दलित (एससी), अनुसूचित जनजाति/ आदिवासी (एसटी), अति पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का नौकरी और एडमिशन में आरक्षण बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने वाले बिहार आरक्षण कानून को पटना हाईकोर्ट ने रद्द करके सीएम नीतीश कुमार को तगड़ा झटका दे दिया है। संविधान के तीन अनुच्छेदों का उल्लंघन बताकर चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस हरीश कुमार की बेंच ने Bihar Reservation of Vacancies in Posts and Services (Amendment) Act, 2023 और The Bihar (In admission in Educational Institutions) Reservation (Amendment) Act, 2023 को निरस्त किया है। चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली पीठ ने सरकार के उस निर्णय को खत्म कर दिया, जिसमें आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करनेकी बात कही गई थी। आरजेडी के साथ गठबंधन में रहते हुए नीतीश कुमार ने जाति आधारित गणना कराने के बाद यह फैसला किया था। हाईकोर्ट से भले ही झटका लगा है, लेकिन सरकार के पास अभी भी अपने इस फैसले को बरकरार रखना का मौका है। हालांकि इसके लिए उसे केंद्र सरकार के समर्थन की दरकार होगी। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों ने आरक्षण का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया था। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि केंद्र में अगर नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा दो तिहाई की बहुमत से सरकार बनाने में सफल होती है तो संविधान संशोधन कर आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद बार-बार इस बात को दोहराते रहे कि कोई भी आरक्षण को कभी भी खत्म नहीं कर सकता है।

क्या है नौवीं अनुसूची?

संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कानूनों को अदालतों में चुनौती नहीं दी जा सकती है। अब तक इस अनुसूची के तहत बने कानूनों की संख्या 284 हो गई है। 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत निर्धारित की थी। ऐसे में अगर आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार नौवीं अनुसूची को संसोधित करती है तभी यह व्यवस्था स्थायी हो पाएगी।

इन राज्यों की भी है मांग

अब तक कई राज्यों की सरकार ने केंद्र सरकार से आरक्षण की सीमा बढ़ाने की गुजारिश की थी। छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संविधान की नौवीं अनुसूची में नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के 76 फीसदी कोटे की अनुमति देने वाले दो संशोधन विधेयकों को शामिल करने की मांग की थी। उससे पहले पिछले साल नवंबर में झारखंड सरकार ने भी राज्य सरकार की नौकरियों में आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 77 फीसदी कर दिया था और उसे प्रस्ताव को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी थी। हालांकि बिहार ऐसा पहला राज्य नहीं है, जहां इस तरह से आरक्षण की लिमिट बढ़ाने की कोशिश को अदालत से झटका लगा है। बिहार से पहले महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा जैसे राज्यों में भी ऐसा हुआ है।

तामिलनाडु में 35 सालों से 69 फीसदी आरक्षण लागू

फिर भी एक राज्य तमिलनाडु ऐसा है, जो अपवाद है। यहां 69 फीसदी आरक्षण बीते करीब 35 सालों से लगातार मिल रहा है। दरअसल वर्ष 1992 के ऐतिहासिक फैसले में शीर्ष अदालत ने इंदिरा साहनी मामले में जातिगत आरक्षण की 50 फीसदी लिमिट तय की थी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि फिर तमिलनाडु में क्यों 69 फीसदी का जातीय आरक्षण मिल रहा है। दरअसल यह कहानी लगभग 50 साल पुरानी है। वर्ष 1971 तक तमिलनाडु में 41 फीसदी आरक्षण ही थी। फिर जब अन्नादुरई के निधन के बाद करुणानिधि सीएम बने तो उन्होंने सत्तानाथ आयोग बनाया। इस आयोग की सिफारिश पर उन्होंने 25 फीसदी ओबीसी आरक्षण को बढ़ाकर 31 कर दिया। इसके अलावा एससी-एसटी के कोटे को 16 से बढ़ाकर 18 किया गया। इस तरह राज्य में कुल जातीय आरक्षण बढ़कर 49 फीसदी हो गया। इसके बाद 1980 में आई एआईएडीएमके सरकार ने पिछड़ा वर्ग का कोटा बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया। एससी-एसटी का 18 पर्सेंट था ही। इस तरह कुल आरक्षण राज्य में 68 पर्सेंट हो गया। इसके बाद 1989 में करुणानिधि की जब सरकार आई तो इस कोटे में ही 20 फीसदी आरक्षण अति पिछड़ा के लिए अलग से दिया गया। इसके बाद 1990 में मद्रास हाई कोर्ट के फैसले के बाद 18 फीसदी एससी आरक्षण के अलावा एसटी कोटा 1 फीसदी अलग से दिया गया। इस तरह कुल कोटा राज्य में बढ़कर 69 फीसदी हो गया।

नवादा में घर से एक ही परिवार के मिले तीन महिलाओं के शव

निज संवाददाता | नवादा

नवादा के एक घर से गुरुवार सुबह एक ही परिवार की 3 महिलाओं के शव मिले हैं। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तीनों की पहचान शबाना खातून, मंजु खातून, अमना खातून के रूप में की गई है। मामला कौवाकोल थाना क्षेत्र के भलुआही गांव का है। बताया जा रहा है कि तीनों में से एक टीचर थी, जो अपने मायके भलुआही गांव आई थी। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। घटना की जानकारी के बाद कौवाकोल पुलिस के साथ पकरीबरावां डीएसपी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

बदबू आने पर लोगों ने की शिकायत

आसपास के लोगों ने बताया कि उनके घर से बदबू आ रही थी। जिसके बाद हम लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। हमने पुलिस को सूचना दी। जब उसका गेट खोलकर देखा तो तीनों की लाश अंदर पड़ी थी। जिससे बदबू आ रही थी। बताया जाता है कि तीनों महिलाएं घर में अकेले रहती थीं। एक साथ तीन शव मिलने से लोगों में दहशत का माहौल है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम

क्रियान्वयन हेतु 334.34 करोड़ का राज्य सरकार द्वारा श्रम बजट जारी

- बिहार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्री श्रवण कुमार ने बताया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा और टिकाऊ परिसम्पति का सृजन करने के लिए है।

निज संवाददाता | पटना

बिहार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण विकास विभाग को केन्द्र सरकार से प्राप्त होने पर चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रथम भाग के प्रथम किस्त की कुल केन्द्रांश तीन अरब चौतीस करोड़ चौतीस लाख अड़सठ हजार रूपये राज्य के सभी 38 जिलों के लिए बिहार सरकार ने जारी किया।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य आजीविका सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ टिकाऊ परिसम्पति का सृजन कर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना है। योजना अंतर्गत प्रत्येक परिवार के इच्छुक वयस्क सदस्यों द्वारा काम मांगने पर एक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों का अकुशल मजदूरी दिये जाने का प्रावधान है। योजनान्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा मजदूरी मद में राज्य के अकुशल श्रमिकों हेतु निर्धारित मजदूरी दर के अनुरूप व्यय राशि का शत-प्रतिशत तथा सामग्री मद में निर्धारित सीमा के अधीन 75 प्रतिशत राशि का वहन केन्द्र सरकार द्वारा तथा 25 प्रतिशत राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाना है।

ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने आगे बताया कि ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित मनरेगा योजना में राशि की कमी एवं निर्वाचन कार्य के लिए लागू आचार-संहिता के चलते योजना में आई शिथिलता अब दूर हो जाएगी एवं योजना का कार्य तीव्र गति से चल पायेगी।

श्रवण कुमार मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग ने कहा कि सभी विभागीय पदाधिकारियों को जॉब कार्ड बनाने हेतु इच्छुक लोगों को आवेदन प्राप्त होने के निर्धारित दिनों के अंदर अविलंब जॉब कार्ड उपलब्ध कराते हुए योजना को तीव्र गति से पूरा करने का निदेश दिया गया है।

27 जून से प्रारंभ होगा एक्युप्रेशर पखवाड़ा

- सभी शिविर संयोजकों और सहयोगियों को 12 जुलाई को 31वें राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन में शामिल होने के लिए सम्मनित किया जाएगा।

निज संवाददाता | पटना

सम्पूर्ण भारत देश में 27 जून से 11 जुलाई तक पंचम एक्युप्रेशर पखवाड़ा का आयोजन बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, इण्डियन काउन्सिल ऑफ एक्युप्रेशर योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। संयोजक डा. अजय प्रकाश ने बताया कि एक्युप्रेशर महागुरू डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त जी के प्रेरणा से पंचम एक्युप्रेशर पखवाड़ा में एक हजार से अधिक स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं बेसिक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। लगभग एक लाख जनमानस लाभान्वित होंगे।

सभी शिविर संयोजक एवं सहयोगी को पटना के अधिवेशन भवन में 12 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले 31वां राष्ट्रीय एक्युप्रेशर/एक्युपंक्चर सम्मेलन में सम्मनित किया जायेगा। पखवाड़ा का उद्घाटन 27 जून को बिस्कोमान गोलम्बर स्थित बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज प्रांगण मे किया जायेगा। तत्पश्चात 11 जुलाई तक बिहार, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश, पं. बंगाल, नई दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, आसाम, उड़िसा आदि राज्यों में शिविर का लाभ जनमानस ले पाऐंगे।

बिहार में ई. एपशिष्ट के निपटान के लिए एमएसटीसी लिमिटेड के साथ समझौता

निज संवाददाता | पटना

ई. अपशिष्ट (प्रबंधन) नियमावली, 2022 के तहत इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अपशिष्ट / कचरा का पर्यावरणीय दृष्टिकोण से सुदृढ प्रबंधन एवं निपटान हेतु बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन गठित एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सर्वश्री एमएसटीसी लिमिटेड, पटना के साथ गुरूवार को एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। समझौता ज्ञापन पर राज्य पर्षद् की ओर से सदस्य-सचिव, एस चन्द्रशेखर,भा.व.से., तथा सर्वश्री एसएमटीपी लिमिटेड की ओर से मलय मंडल, उप-महाप्रबंधक द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के मुख्यालय, पटना एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में भण्डारित ई. अपशिष्टों को सर्वश्री एसएसटीसी के माध्यम से निलामी एवं इनका उठाव किये जाने की स्वीकृति राज्य पर्षद् द्वारा दी गयी है। इस प्रक्रिया के दौरान राज्य पर्षद् में जमा सभी ई. अपशिष्टों का निपटान सुनिश्चित किया गया है। श्री मलय मंडल द्वारा यह सूचित किया गया कि ऐसा ही समझौता वित्त विभाग, बिहार सरकार के साथ भी पूर्व में किया गया है। राज्य में ई.अपशिष्ट के निपटान का यह एक पहला कदम है जिसके तहत सर्वश्री एमएसटीसी लिमिटेड के सहयोग से विभिन्न सरकारी / निजी कार्यालयों में जमा ई.अपशिष्ट का निपटान हो पायेगा।

नीट के साथ समझौता नहीं होगा, हाई लेवल कमेटी गठित होगी : शिक्षा मंत्री

एजेंसी | नई दिल्ली

नीट एग्जाम विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट एग्जाम के साथ समझौता नहीं होगा। एग्जाम को जीरो एरर बनाया जाएगा। एनटीए के लिए हाई लेवल कमेटी गठित होगी, जो इसको और बेहतर करने की सिफारिश करेगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि टेक्नोक्रेट्स, साइंटिस्ट्स, एकेडमिशियन, साइकोलॉजिस्ट बैकग्राउंड के लोगों को मिलाकर सरकार कमेटी बनाएगी। जल्द ही इसे नोटिफाई किया जाएगा। ये कमेटी एनटीए के स्ट्रक्चर, फक्शनिंग, एग्जाम प्रोसेस, ट्रांसपेरेंसी, ट्रांसफर और डेटा, सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और इम्प्रूव करने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के संबंध में हम बिहार सरकार के लगातार संपर्क में हैं और पटना से हमें कुछ जानकारी भी आ रही है।

सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल ने

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के पूर्वाभ्यास में किया योगाभ्यास कार्यक्रम

निज संवाददाता | पटना

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के पूर्वाभ्यास के क्रम में गुरुवार को सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना एवं 40वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पटना के संयुक्त प्रयास से राजधानी वाटिका (ईको पार्क), पटना में एक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योगाभ्यास के दौरान कुमार चन्द्र विक्रम, उप-महानिरीक्षक, के. रंजीत (उप-महानिरीक्षक), सुब्रतो साहा राय (कमांडेंट/संचार), कुमार राजीव रंजन (द्वितीय कमान अधिकारी), गौतम सागर (उप कमांडेंट), एन. चोंग्लोई (उप कमांडेंट) एवं अन्य अधिकारी/ अधीनस्थ अधिकारी/बलकर्मी के साथ-साथ आम जनता ने भी भाग लिया।

बीमारियों से निपटने को प्रखंड स्तर पर बनेगी मेडिकल टीम

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बाढ़ से महामारी का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग ने जलजनित बीमारी और महामारी की आशंका को देखते हुए एक गाइडलाइन तैयार की है। इसे सभी डीएम और सिविल सर्जनों को भेज दिया गया है। गाइडलाइन के अनुरूप बाढ़ पूर्व तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के पत्र के अनुसार, बाढ़ प्रभावित जिलों के डीएम को अतिशीघ्र महामारी रोकथाम समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति में डीडीसी, एसपी, सिविल सर्जन, आपूर्ति पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी के साथ ही पीएचईडी के अधिकारी रहेंगे। बाढ़ पूर्व तैयारियों के आकलन के लिए मॉकड्रिल भी करेंगे। जिलों को विशेष चिकित्सा दल के गठन के निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें डॉक्टर, स्वच्छता निरीक्षक, परिचारिका, पारा मेडिकल व अन्य स्वास्थ्य कर्मी रहेंगे। सिविल सर्जन के निर्देश पर यह दल क्षेत्र भ्रमण कर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

संक्षिप्त समाचार

कुर्बानी के बाद निकले अपशिष्टों का हुआ निष्पादन

गया। गया नगर-आयुक्त अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को गया नगर-निगम में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें बकरीद के दौरान हुए कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने बताया कि बकरीद पर्व के दौरान मुस्लिम बाहुल्य वार्ड एवं नमाज अदा करने वाले स्थानों पर अच्छे से सफाई हुई। वहां चुना-ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव हुआ और पेयजल की भी उत्तम व्यवस्था की गई। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अपशिष्टों का यथा स्थान निष्पादन हुआ। पर्व के दौरान जोन बनाकर सभी सफाई जोनल प्रभारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, सहायक, लोक स्वच्छता प्रभारी, सफाई नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई। उन्होंने मुस्तैदी से अपने दायित्व का निर्वहन किया। उप नगर-आयुक्त नियमित रूप से रिपोर्ट लेते रहे।

दुकान का ताला तोड़ लाखों रुपए की चोरी

गम्हरिया। थाना से महज 500 मीटर की दूरी बस स्टैंड के समीप चोरों ने एक रेडिमेड का दुकान का ताला तोड़ कर लाखों का समान व नगदी चोरी कर ली गई। पीड़ित दुकानदार विकास कुमार ने बताया कि वे बीते दिनों 2 लाख का कपड़ा लेकर आए थे। सभी कपड़ा और 70 हजार रुपया चोरों ने चोरी कर लिया। दुकानदार ने पुलिस से आग्रह करते हुए कहा कि चोरी का खुलासा जल्द नहीं होने पर सभी दुकान को बंद कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की जाएगी। वहीं थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा।

श्रावणी मेले से पूर्व शुरू हो नई ट्रेन सेवा : चैंबर

गया। सेन्ट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने देवघर से गया होकर वाराणसी के लिए वंदे भारत ट्रेन चलाने के प्रस्ताव पर प्रशंसा की। अध्यक्ष वीपेंद्र अग्रवाल ने कहा कि इस नई सेवा से बैजनाथ धाम देवघर, श्री विष्णुपद धाम गया व बाबा विश्वनाथ की नगरी जैसे तीन महत्वपूर्ण धर्मस्थल एक साथ जुड़ जाएगें। इससे तीर्थ व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। गया -किऊल-देवघर रुट के कम पहचान वाले मार्ग के निवासियों के लिए यह बड़ी सौगात होगी। उन्होंने रेल मंत्रालय से मांग किया कि नई ट्रेन को देवघर के श्रावणी मेले से पूर्व शुरू किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका फायदा उठा सके।

फतेहपुर में मना राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन

फतेहपुर। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को पार्टी कार्यालय में पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी का 54वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी देश के साथ कांग्रेस के भविष्य हैं। देश में इनका कोई विकल्प नहीं है। राहुल गांधी आने वाले समय में देश के पीएम बनेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद पांडेय और संचालन इंटक अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद शर्मा ने किया। मौके पर पंकज कुमार पंकज, बुलंद अख्तर, पूर्व मुखिया राजकरण सिंह, प्रयाग यादव, मंजू देवी व अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

दिवंगत डॉ. भरत सिंह के लिए श्रद्धांजलि सभा

गया। मगध सांस्कृतिक चेतना परिषद गयाजी के बैनर तले एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में दिवंगत डॉ.भरत सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। बता दें कि डॉ.भरत सिंह मगध विश्वविद्यालय बोधगया के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होकर अपने निवास राजापुर बोधगया में रहकर साहित्य-साधना में अभिरत थे, लेकिन विधि के अटल विधान के आगे विवश होकर उन्हें असमय परलोक गमन करना पड़ा जो साहित्य, जगत और शुभचिंतकों के लिए झकझोरने वाला है। वे आजीवन साहित्य-साधना में अभिरत रहे। हिन्दी के साथ-साथ खासकर लोक साहित्य मगही को जो उन्होंने एक नयी अर्थवत्ता प्रदान की है, एक नयी दिशा दी है, वह सदा स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कई मौलिक कृतियों का प्रणयन कर तथा कई रचनाओं का संपादन कर हिंदी मगही साहित्य में जो अमूल्य योगदान दिया है।

बिजली चोरी के आरोपी पर लगा 75 हजार जुर्माना

परवलपुर। विद्युत विभाग की टीम ने बुधवार को स्थानीय बाजार के गायत्री मंदिर के समीप छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक उपभोक्ता को टीम ने बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा। कनीय विद्युत अभियंता धर्मवीर कुमार ने बताया कि टीम ने नवल किशोर प्रसाद को मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा है। पकड़े गये उपभोक्ता पर विभाग ने 75 हजार रुपया जुर्माना लगाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। लगातार चोरी बिजली जला रहे लोगों को नकेल कसने में लगी।

भाजपा के दो पूर्व सांसदों ने जिलाध्यक्ष पर पैसा लेकर पास बनवाने का लगाया आरोप

गया। गया एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात नहीं होने के बाद भाजपा के दो पूर्व सांसदों ने अपने ही पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू सिंह के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनपर पैसा लेकर पास बनवाने का आरोप लगा दिया। बुधवार को देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी विशेष विमान से गया इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद वे यहां से नालंदा चले गए। प्रधानमंत्री से कई नेता व कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। वहीं गया के दो पूर्व सांसद हरि मांझी और रामजी मांझी को एयरपोर्ट पर टहलते देख मीडियाकर्मी वहां पहुंचकर उनसे पूछा कि आपलोग बाहर क्यों हैं। इसपर भड़कते हुए पूर्व सांसद रामजी मांझी ने कहा कि हमलोगों को पास निर्गत नहीं हुआ है इसलिए बाहर हैं। जिलाध्यक्ष जानबूझ कर ऐसा किए हैं। वे पैसा लेकर पास बनवाते हैं। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत वे प्रदेश नेतृत्व के साथ-साथ प्रधानमंत्री जी को भी करेंगे। पूर्व सांसद हरि मांझी ने कहा कि उन्होंने जब जिलाध्यक्ष से पूछा कि हमलोगों का पास क्यों नहीं बना तो उन्होंने कहा कि आपलोग प्रोटोकॉल के तहत नहीं आते हैं। जबकि यहां कई छोटे कार्यकर्ता जिनको हमलोग जानते तक नहीं हैं उनलोगों का भी पास बनवाया गया। कहा कि पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान और वजीरगंज के वर्तमान विधायक पीएम से बार-बार मिलते हैं। हमलोग कमजोर जाति के हैं, इसलिए ऐसा किया जाता है। इसकी शिकायत वे केंद्र से करेंगे। रामजी मांझी पूर्व सांसद हरि मांझी पूर्व सांसद पूर्व सांसदों के आरोप को बेतुका बताते हुए जिलाध्यक्ष श्री चिंटू ने कहा कि वे जिस समाज व परिवार से आते हैं वहां पैसा लेकर काम करना नहीं सिखाया गया है। उन्होंने पूर्व सांसदों से पूछा कि आज जिन-जिन लोगों ने पीएम से मुलाकात की क्या वे भाजपा के कार्यकर्ता नहीं हैं? उन्होंने कहा कि ये ऐसे लोग हैं जिन्होंने पूर्व में पैसा लेकर काम किए हैं और ऐसा दूसरे के बारे में भी सोंचते हैं। कहा कि मेरा यह संस्कार नहीं है। मैं भाजपा का सिपाही हूं। पार्टी ने जो दायित्व सौंपे हैं उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन कर रहा हूं। कहा कि जिन लोगों ने यह आरोप लगाए हैं, उनका कल्चर पैसा लेने का जरूर रहा है। वे लाभ के पद पर रहे हैं ।

महादेव प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन हुआ रुद्राभिषेक

बोधगया। प्राचीन जगन्नाथ मंदिर परिसर में लोकनाथ महादेव प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन बुधवार को रुद्राभिषेक सहित अन्य अनुष्ठान आयोजित किए गए। मुख्य पुरोहित आचार्य रामाचार्य के मार्गदर्शन में मंदिर के पुजारी एवं युवा आचार्यों ने वेद मंत्रों के साथ अन्नाधिवास, फलाधिवास , पुष्पाधिवास सहित अन्य अनुष्ठान किए। प्राण प्रतिष्ठा के इस अनुष्ठान में मंदिर के जीर्णोद्धार में महती भूमिका निभाने वाली समाजसेविका एवं न्यास ट्रस्ट की सदस्य उषा डालमिया खुद भी शामिल हुईं। आदि शंकराचार्य द्वारा प्रतिष्ठापित लोकनाथ महादेव शिवलिंग का इस मंदिर जीर्णोद्धार के बाद गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगा। लोकनाथ महादेव के प्रतिष्ठापित होने के बाद श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर प्राचीन गौरवशाली वैभव को प्राप्त करेगा। प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य पुजारी रवि शंकर शर्मा, मधुसूदन मिश्र, सतीश पांडे, बासुदेव पांडेय, अनूप शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार, रामजन्म सिंह भोला, डॉ कमलेश कुमार सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। देशभर से पर्यटन पर आए श्रद्धालुओ की भी भागीदारी रही।

नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या, 3 महीने पहले हुई थी शादी

पिता बोले- दहेज के लिए ससुराल वालों ने बेटी को मार डाला

निज संवाददाता। गया

गया में नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। घटना से 4 दिन पहले ही ससुराल पहुंची थी। मामला मोहनपुर प्रखंड के सिंधुगढ़ थाना क्षेत्र का है।

पीट-पीटकर मेरी बेटी को मार डाला: मृतका के पिता कृष्णा यादव ने बताया कि 3 माह पहले ही बेटी प्रीति कुमारी की शादी मढ़गढ़ा गांव में रामपति यादव के पुत्र गुड्डू कुमार यादव हुई थी। 4 दिन पहले मेरी बेटी अपने पति के साथ ससुराल गई थी। ससुराल वालों ने बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। डेड बॉडी पर चोट के भी निशान मिले हैं। पीट-पीटकर मेरी बेटी को मार डाला।



ग्रामीणों से बेटी की हत्या की सूचना मिली: उन्होंने आगे कहा कि दामाद और ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। ग्रामीणों से बेटी की हत्या की सूचना मिली थी। जिसके बाद हमलोग पहुंचे और अंतिम संस्कार किया। केवला पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव का कहना है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ताकि किसी और बेटी के साथ इस तरह की घटना ना हो।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी: वहीं, मृतका के पिता के बयान के आधार पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का मामला दर्ज हुआ है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

गया में मालगाड़ी से कटकर राजस्थान के शख्स की मौत

निज संवाददाता। गया

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के गया रेलखंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के डाउन लूप लाइन में खड़ी मालगाड़ी के अंदर से प्लेटफार्म पार करने के दौरान ट्रेन से कटकर राजस्थान के टोंक के रहने वाले शख्स की मौत हो गई। मृतक की पहचान मो. शहजाद के 35 वर्षीय बेटे फारूक के रूप में हुई है। घटना बुधवार रात की है।

मां ने बताया कि गया में ससुराल है। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी को लेने के लिए आया था, लेकिन ससुराल वालों ने मारपीट कर भगा दिया। रफीगंज में एक परिवार के यहां हम लोग थे। रात में टिकट बनवाने के लिए जा रहे थे कि लूप डाउन में मालगाड़ी ट्रेन खड़ी थी। पुल से प्लेटफार्म न चढ़कर अंदर से मेरा लड़का पार कर रहा था। इसी बीच ट्रेन की सिग्नल हुई और ट्रेन चालू हो गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ एक केसरी ने बताया कि शव के दोनों पैर और एक बांया हाथ पूरी तरह से कट गया था, जिसके चलते उसका काफी खून निकल गया और मौत हो गई। प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर किया गया था, लेकिन मगध मेडिकल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

नालंदा में जिला परिषद की पहली बैठक आयोजित

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ के जिला परिषद में गुरुवार को सामान्य बैठक जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी, उपाध्यक्ष नरोत्तम सिंह और उप विकास आयुक्त वैभव श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से सामान्य बैठक की अध्यक्षता की। लोकसभा चुनाव को देखते हुए लगे आदर्श आचार संहिता के हटने के बाद जिला परिषद के अध्यक्ष की अध्यक्षता में सभी सदस्यों के साथ पहली बैठक आयोजित की गई। सामान्य बैठक में कुल 15 एजेंडों पर सदस्यों के साथ चर्चा की गई। जिले भर से अलग-अलग क्षेत्र से चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अध्यक्ष और अधिकारियों को जानकारी दी। इनमें मुख्य रूप से जिला परिषद की आमदनी बढ़ाने, जिला परिषद की जमीन से अतिक्रमण हटाने, जिला परिषद की भूमि पर मैरिज हॉल बनाने, जिला परिषद मार्केट में लगे दुकानों के दुकानदारों से नियमित रूप से किराया वसूली मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। लोकसभा चुनाव के पूर्व किए गए बैठक के दौरान जिन एजेंडों पर मोहर लगी थी, उसके कार्यों पर भी चर्चा की गई है। पूर्व में लिए गए फैसलों पर कितना कार्य हुआ है और कितना कार्य शेष रह गया है जैसे तमाम मुद्दे चर्चा में शामिल किए गए।

15 एजेंडों पर की गई बात, नियमित रूप से किराया वसूली पर चर्चा

नालंदा पुलिस ने अपहृत नाबालिग को सकुशल बरामद किया, दो लड़कों ने मोबाइल दिलाने का दिया था झांसा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 15 जून से लापता किशोर 4 दिन बाद अपने घर लौट आया है। मामला नालंदा के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पपरनौसा गांव का है। किशोर के अपहरण कर लिए जाने का मामला नूरसराय थाना में 17 जून को उसके परिजन द्वारा दर्ज कराया गया था। अपहृत किशोर पपरनौसा गांव निवासी रामजतन पासवान का बेटा विक्रांत(10) है। अपहृत किशोर ने बताया कि उसे बगल गांव के ही एक लड़के ने मोबाइल दिलाने का भरोसा दिया था। इसके बाद वह उसके साथ घर से निकल गया। गांव के बाहर से वह दो लड़कों के साथ ऑटो पर बैठकर नालंदा रेलवे स्टेशन पहुंचा। जहां से उसे पटना के फतुहा ले जाया गया। वहां बच्चे को छोड़ दिया गया। इसके बाद वह लोगों से पूछताछ करते हुए फतुहा से गांव पहुंचा। केस के अनुसंधानकर्ता कृष्ण कन्हैया ने बताया कि किशोर की मां ने 17 जून को नूरसराय थाना पहुंचकर आवेदन दिया था। उनके बच्चे को बगल गांव के दो लड़कों ने मोबाइल देने के बहाने किडनैप कर लिया है। उनके बच्चे के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घट सकती है। मारपीट या उसकी हत्या भी की जा सकती है, या उसे बेचा भी जा सकता है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी। समाचार पत्रों के माध्यम से आसपास के थानों के माध्यम से पुलिस लगातार किशोर के बरामदगी के लिए प्रयासरत थी। तभी बुधवार को सूचना मिली कि किशोर गांव आने वाले रास्ते से आ रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए किशोर को बरामद कर लिया। आगे के अनुसंधान में जुट गई है। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि विक्रांत बगल गांव के दो लड़कों के साथ दिल्ली जाने के लिए निकला था। उसे मोबाइल का झांसा दिया गया था। फतुहा स्टेशन पर जब विक्रांत ने मोबाइल दिलाने का जिद किया तो दोनों लड़कों ने उसके साथ मारपीट की। जब वह रोने लगा तो भीड़ इकट्ठा हो गई। मौका पाकर दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए।

फतुहा स्टेशन पर छोड़ कर भागे

आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया प्रेमी जोड़ा, लड़की के घर वालों ने लड़के की कर दी पिटाई

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को उसके घर वालों ने बंधक बना लिया। हाथ-पैर में रस्सी बांध पिटाई कर दी। मामला सारे थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो दो दिन पहले मंगलवार का है। प्रेमी अपनी प्रेमिका से घर से 2 किलोमीटर दूर उसके गांव गया था। प्रेमी और प्रेमिका दोनों नाबालिग है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किशोर बंधक बना है उसके आसपास भीड़ है। किशोर के हाथ और पैर में रस्सी बंधी है। किशोर बिन्द थाना क्षेत्र के एक गांव का है। दोनों के बीच पिछले 1 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

आपत्तिजनक स्थिति में मिले थे दोनों: प्रेमिका के बुलाने पर किशोर उससे मिलने मंगलवार के दिन उसके घर पहुंचा था। जहां लड़की के घर वालों ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। इसके बाद घर वालों ने पहले लड़की की पिटाई की इसके बाद किशोर के हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया और उसकी भी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद गली में लाकर हाथ पैर रस्सी से बंधे छोड़ दिया गया। किसी ने इस बात की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस उसे ले गई।

हाथ-पैर में रस्सी बांध गली में छोड़ा

गश्ती दल को मौके पर भेजा गया: सारे थाना अध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि एक लड़के को बंधक बनाकर उसकी पिटाई की जा रही है। गश्ती दल को घटनास्थल पर भेजा गया। जहां लड़के को घेरकर कुछ लोग खड़े थे। लड़के के हाथ और पैर रस्सी से बंधे थे। उसे हिरासत में लेकर थाने लगाया गया। जांच में यह बात सामने आई कि वह लड़की से मिलने के लिए गांव गया था। आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। लड़के को थाना से छोड़ दिया गया।

हथियार के साथ दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मामला लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले का है। जहां पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि डायल-112 की पुलिस की सूचना पर लहेरी पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों को थाना क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ला से पकड़ा है। जिनके पास से देसी कट्टा और 10 कारतूस बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पटना जिला के खुसरूपुर निवासी शाहुल कुमार और नालंदा के परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीलीच गांव निवासी अंशु कुमार के रूप में की गई है।

आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज: थाना अध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी खंगाला रही है। साथ ही हथियार और कारतूस के सोर्स का भी पता लगा रही है। छापेमारी टीम में लहेरी थाना के दारोगा सर्वेश कुमार, एएसआई ललन झा और लहेरी थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही। आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई है।



13 जुलाई को जिले में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

निज संवाददाता। गया

गया 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए 19 जून को स्पेशल विद्युत न्यायालय गया में प्रभारी विद्युत न्यायालय सह अपर जिला सत्र न्यायाधीश 12 ब्रजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं सचिव आशीष कुमार अग्निहोत्री के दिशा-निर्देश में विद्युत विभाग के अधिकारियों के बैठक हुई।

बैठक में सचिव ने बिजली विभाग के अधिकारियों से विभाग के न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य एवं विद्युत मामलों को दिनांक 20 जून से 13 जुलाई के बीच प्री-सिटिंग माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करेंगे एवं शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे, साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आमजनों से अपील की है, कि बिजली कोर्ट में लम्बित मामलों का कम्पाउंडिंग फनी 20 जून से 13 जुलाई के पूर्व तक जमाकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठाएं। मौके पर कार्यपालक अभियंता सोहेल अहमद, अजय कुमार, सुनील कुमार, अशोक राज, अनिल कुमार भारती, राजेश प्रसाद, राजेश कुमार, बिनोद कुमार चौधरी, सूरज प्रसाद, राजीव रंजन, चंदन कुमार, दीपक कुमार, सोमनाथ प्रसाद आदि मौजूद थे।

NCC का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू, कर्नल होंगे शामिल

GDM कॉलेज में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप आयोजित

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हरनौत GDM कॉलेज में गुरुवार से NCC के 38 बटालियन बिहारशरीफ का 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ होगा। जीडीएम कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ शंभू नाथ प्रसाद सिन्हा ने बताया कि कैंप में विभिन्न बटालियनों के लगभग 500 में (170) गर्ल्स और (330) बॉयज कैडेट भाग लेगें। इस दौरान कैंप में कैडेट्स को विविध प्रकार का मानसिक और शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें ड्रील, फायरिंग, संगीत, वाद्य, नृत्य, दौड़, राष्ट्रीय एकता और अनुशासन, स्वच्छता और सफाई, समाजसेवा, एनसीसी का संगठन, आपदा प्रबंधन, राष्ट्र निर्माण में कैडेट्स का योगदान, सैन्य इतिहास, प्राथमिक चिकित्सा, सांस्कृतिक गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रिंसिपल डॉ. शंभू नाथ ने कहा कि एनसीसी सैन्य और देश की द्वितीय रक्षा पंक्ति है। इससे कैडेट्स में देश और समाज सेवा का जज्बा पैदा होता है। एनसीसी से प्रशिक्षित कैडेट्स राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पटल पर अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहे हैं। इसके साथ ही करियर निर्माण में भी एनसीसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रिंसिपल ने कहा कि आज पहले दिन की शुरुआत बायोमेट्रिक रिपोर्टिंग से होगी। दूसरे दिन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर सुबह 6 बजे से योगा का प्रशिक्षण होगा। इसके बाद सवा ग्यारह बजे से कमान अधिकारी कर्नल राजेश कैंडिडेट को ओपनिंग ऐड्रेस करेंगे। उन्होंने कहा इस प्रशिक्षण में सूबेदार मेजर सिकुर सवाईया, ट्रेनिंग जेसीओ रुपेश गुरुंग, सीटीओ अरविन्द कुमार सिन्हा अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा यह प्रशिक्षण 29 जून तक चलेगा।

एक ही परिवार की तीन महिला सदस्यों की संदेहास्पद मौत

निज संवाददाता

कौआकोल (नवादा)। कौआकोल थाना क्षेत्र के भलुआही गांव से एक दर्दनाक घटना प्रकाश में आया है। जहां एक ही परिवार के तीन महिला सदस्यों की संदेहास्पद मौत हो गई है। मृतकों में माता एवं उनकी दो पुत्रियां शामिल है। जिसमें एक पुत्री शिक्षिका बताई जाती हैं। जो प्रखण्ड के केवाली पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा में पदस्थापित थीं। घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भलुआही बाजार में अवस्थित एक मकान से सेवानिवृत्त इंजीनियर स्वर्गीय नियाज अहमद की पत्नी आमना खातून (उम्र-लगभग 85 वर्ष),उनकी अविवाहित शिक्षिका पुत्री शबाना खान (उम्र-लगभग 55 वर्ष) एवं एक अन्य पुत्री मंजू खातून (उम्र-लगभग 56 वर्ष) की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। तीनों महिलाएं का शव एक मकान के ही अलग अलग कमरा से बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार शव को देखने के बाद घटना एक-दो दिन पूर्व का घटित होना प्रतीत होती है। स्थानीय लोगों द्वारा मृतका के घर

से शव की दुर्गंध आने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँच कर मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने में जुट गई है। समाचार प्रेषण तक शव को घर से बाहर नहीं निकाला गया है। घटनास्थल पर नवादा एसपी अम्बरीश राहुल समेत पकरीबरावां के एसडीपीओ महेश चौधरी, पुलिस इंस्पेक्टर एवं प्रभारी थानाध्यक्ष सरोज कुमार,एएसआई अर्जुन राम समेत कौआकोल थाना की पुलिस कैम्प किये हुए हैं। हालांकि इस बाबत घटना के कारणों को लेकर अभी तक पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है। लेकिन नवादा के एसपी अम्बरीश राहुल ने कहा कि पुलिस हर विंदु से घटना को लेकर जांच कर रही है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम आएंगे एवं जो भी दोषी होंगे वे सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे। पुलिस मामले की छानबीन में पूरी तरह से जुट गई है एवं लोगों से आवश्यक पूछताछ कर रही हैं। पुलिस के अनुसार तीनों शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजा जा रहा है। घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं है। बरहाल पुलिस के जांच में ही साफ हो सकेगा की घटना का वास्तविक कारण क्या है पुलिस के अनुसार घटनास्थल का फॉरेंसिक टीम द्वारा भी मुआयना करने की बात कही जा रही है। वहीं जिस विद्यालय में शिक्षिका शबाना खान पदस्थापित थीं,वहां के एक अन्य शिक्षक के अनुसार शिक्षिका 18 जून को एक दिन का आकस्मिक अवकाश पर थी, जबकि 19 जून को वह विद्यालय से अनुपस्थित थीं। ऐसे में स्पष्ट है कि घटना 18-19 जून की ही हो सकती है।

करंट लगने से युवक की मौत

निज संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। थाना क्षेत्र के हंडिया गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक हंडिया निवासी स्व. बिलट चौरसिया चौरसिया का 22 वर्षीय पुत्र विकास कुमार बताया गया है। घटना दोपहर के बाद में घटी। खबर मिलते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ा। स्वजन व ग्रामीणों ने बताया स्व. बिलट चौरसिया का पुत्र विकास कुमार गांव में स्थित बधार में पान की खेती को देखने के लिए गुरुवार को दोपहर के बाद गया था। तभी बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आ गया,और अचेतावस्था में भूमि पर गिर पड़ा। तभी आसपास के लोगों की नजर पड़ी, और शोर मचाया, तब काफी संख्या में लोग जुट गए। इस बीच मृतक का भाई गुड्डू कुमार, जीतू कुमार, दीपक कुमार के अलावा ग्रामीण नरेश चौरसिया, जंग बहादुर चौरसिया, सूरज चौरसिया, अनुज चौरसिया, कमलेश चौरसिया, मुन्ना चौरसिया समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे, और आनन फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में दाखिल कराया, जहां कार्यरत चिकित्सक ने जांचोपरांत विकास कुमार को मृत घोषित कर दिया। खबर पाते ही मृतका का मां ललिता देवी, बहन निशु कुमारी, भाई समेत अन्य लोगों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था, उनलोग के करुण क्रंदन से वहां पर उपस्थित लोगों के आंखों से अश्रुधारा बह रही थी। मृत युवक स्नातक कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था,और पान की खेती में अपने भाई को भी हाथ बंटा रहा था,पान की खेती ही जीविका का मुख्य साधन है। उसके पिता का निधन पांच वर्ष पूर्व हो चुका था। घर का कमाऊ सदस्य था। लोग कहते हैं कि गरीब परिवार है, अब इस सभी परिवार का भरण पोषण कैसे होगा, यह चिंता सता रही है।

एनजीओ के सहयोग से विद्यालय में बच्चो के बीच बांटी जा रही खेल सामग्री

निज संवाददाता

नवादा। गैर सरकारी संस्था इएलएम एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन एवं पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से छलांग परियोजना के तहत जिले के वारिसलीगंज एवं पकरीवरावा प्रखंड के विभिन्न सरकारी मध्य एवं उच्च विद्यालयों में नव चेतना केंद्र, कादिरगंज के समन्वयकों के द्वारा वितरण कार्य चल रहा है। केंद्र के सचिव नारायण पासवान ने बताया की वारिसलीगंज प्रखंड में 38 चयनित विद्यालयों में खेल कूद सामग्री बॉटने की योजना है जिसके तहत गुरुवार को प्रखंड के मध्य विद्यालय मकनपुर, लीला बीघा, बल्लोपुर आदि कुल आठ विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सामग्री सौंपा गया है। वितरण कार्य करीब एक सप्ताह तक चलेगी। इस कार्य में चार फिल्ड कॉर्डिनेटर एवं एक प्रोग्राम मैनेजर के द्वारा सामग्री वितरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया की इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में शैक्षिक विकास के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ाना है। इसके लिये फाउंडेशन लगातार कार्यक्रम चलाकर सहयोग कर रही है। खेल कूद सामग्री में फुटबाल, वालीवाल, स्टाम्प, टि शर्ट, विसील आदि खेल कूद से सबंधित सामग्री का वितरण किया जा रहा है, वितरण कार्य में केंद्र के सहयोगी पूजा कुमारी, बिंदु कुमारी अभिषेक कुमार, आशीष राज एवं सतीश कुमार आदि मौजूद थे।

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय "c" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड)
822101 Email- deo.palamu@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची द्वारा प्राप्त अनुशंसा पत्र जो निदेशक माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 3432 दिनांक 22.12.2023 के द्वारा अनुमोदित है। पत्र में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु विभिन्न विषयों यथा– संगीत, भूगोल एवं हिन्दी में कुल 04 (चार) अनुशंसित अभ्यर्थियों का कॉउसिलिंग किया जाना है। कॉउसिलिंग का कार्य जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय पलामू नया समाहरणालय भवन 'सी' ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक 24.06.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं प्रमाण–पत्र की छायाप्रति दो प्रति में फोलडर फाईल के साथ निर्धारित तिथि को ससमय कॉउसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(दुर्गानन्द झा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
पलामू

PR 327019 District(24-25)D

नशे के रूप में हो रहा बोनफिक्स का उपयोग

निज संवाददाता

रजौली (नवादा)। प्रखण्ड क्षेत्र के नवयुवक नशे के रूप में बोनफिक्स का प्रयोग कर रहे हैं। जिससे नवयुवक सस्ते नशे के चक्कर में पड़कर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। बाजार मर बेरोकटोक बोनफिक्स बेचा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से इस तरह के नशे को बड़ी संख्या में लोग अपना रहे हैं। सस्ता नशा होने से बच्चे व किशोर भी इसकी गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। बोनफिक्स का नशा 12 से 18 वर्ष के किशोर ज्यादा अपना रहे हैं। स्कूली छात्र भी शौकिनों में शामिल हैं। स्कूलों में भी इस तरह केस पूर्व में सामने चुके हैं। इलेक्ट्रानिक से लेकर छोटे-छोटे किराना दुकानों में आसानी से बोनफिक्स मिल जाता है। गांवों के बच्चे भी अब इसे अपना रहे हैं। बोनफिक्स 5 से 10 रूपया में मिल जाता है, जो तीन-चार किशोरों के लिए पर्याप्त नशे का साधन बन जाता है। इसी तरह आयोडेक्स, पेन बाम, फेविकोल आदि का उपयोग नशे के रूप में हो रहा है। अनेक युवा खांसी के विभिन्न प्रकार के सिरप को वाइन की तरह नशे में इस्तेमाल करते हैं। जो बाजार के मेडिकल दुकानों में 80 से 100 रूपये में बिना पर्ची के मिल जाता है। जानकारी के अनुसार बोनफिक्स को नशे के रूप में मुंह, नाक से

तेज श्वास लेकर खींचा जाता है। पालीथीन या रूमाल में बोनफिक्स डालने के बाद मुंह नाक से तेज श्वास के साथ खींचते हैं। नेल पॉलिश, पेंट में मिलाने वाले थिनर का उपयोग भी नशा के रूप में करते हैं। थिनर रूमाल में डालने के बाद मुंह से खींचते हैं। अब तमाम कंपनियां फिल्टर पेपर और प्लास्टिक का सिपर बाजार में उपलब्ध करा रही हैं। प्रमुख पान की दुकानों से लेकर गली-मोहल्लों में इसे 10 रुपये कीमत पर बेचा जा रहा है। दुकानदारों से पूछो तो बस इतना कहते हैं कि ग्राहक इसे ले जाते हैं।इसका क्या करते हैं इसमें क्या भरकर पीते हैं ये हमें नहीं पता। सूत्रों के मुताबिक फिल्टर पेपर के इस कोन में मादक पदार्थ भरकर सेवन किया जाता है। ये काम पहले सिगरेट के पैकेट में आने वाली फॉइल से किया जाता था, उसकी जगह बाजार में रेडीमेड फिल्टर पेपर आ गए हैं। यो-यो, गो-गो, ओसीबी जैसी कंपनियां इसे बेच रही हैं। फिल्टर पेपर में अच्छा मुनाफा मिलने के चलते लगभग हर दुकानदार इसे बेचने को तैयार है। बोनफिक्स या आयोडेक्स को मादक नहीं बल्कि जहरीला पदार्थ माना जाता है। बच्चों के लिए इनका प्रयोग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से अत्यधिक घातक है।

डाकघर में भी बनाये जायेंगे आधार कार्ड

निज संवाददाता

नवादा। सरकारी स्कूलों में नए सत्र में कक्षा एक से आठवीं तक में नामांकन लेने कने वाले बच्चों के लिए आधार कार्ड न अनिवार्य कर दिया गया है। नए सत्र में जिन विद्यार्थियों ने नामांकन करा लिया है, उनको 30 जून तक आधार नंबर जमा करना होगा। स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी की संख्या के अनुसार सभी बच्चों का आधार कार्ड होना अनिवार्य है। स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को सभी बच्चों के आधार नंबर उपस्थिति पंजी में दर्ज रोल नंबर के साथ लिंक करने का निर्देश दिया गया है। नया नामांकन कराने वाले सभी विद्यार्थियों का आधार नंबर होना अनिवार्य है। जिले के निजी व सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक से 12वीं के बच्चों के लिए आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया जारी है। ऐसी स्थिति में डाकघर में आधार पंजीकरण कराने का कार्य बच्चो एवं अविभावकों को राहत देगी। इस आशय की जानकारी डाककर्मी जितेंद्र कुमार ने दिया। उन्होंने कहा की पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार सिंह के पहल पर विभिन्न डाकघरों में आधार पंजीकरण करने का कार्य किया जायेगा।

पागल कुत्ते ने मचाया आंतक

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पिछले दो दिन से पागल कुत्ते ने आतंक मचा रखा है। इस दौरान कुत्ते ने कई लोगों को काट कर जख्मी हालत में कर दिया है। सभी पीड़ित व्यक्ति का प्राथमिक इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य नारदीगंज में कराया गया है। उसके आंतक से लोग भयभीत है। लोग कहते हैं कि पागल ने अब्दलपुर, पड़रिया, नारदीगंज बाजार, ओड़ो समेत अन्य गांव के लोग को कुत्ते ने अपना शिकार बनाया। सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचे पड़रिया निवासी महेश प्रसाद की पत्नी सुनीता देवी के अलावा सोनम कुमारी, मुस्कान कुमारी, शिविनि कुमार, निरंजन कुमार, अंशु कुमारी, अमीर कुमार, रोशनी कुमारी, गौतम कुमार, रंजन कुमार, सुभाष कुमार समेत अन्य व्यक्ति पहुंचे, जिन्हें एन्टी रैबीज व अन्य चिकित्सा की गई। लोग कहते हैं कि इन दो दिनों में तकरीबन पचास व्यक्ति को पागल कुत्ते ने अपना शिकार बनाया है।

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर।
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com
Corrigendum-I

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR.NO.326713 District(24-25):D में निविदा सं0 NPB-49/2023-24 (2nd call) को NPB-01/2024-25 पढ़ा जाए। शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिशद् बिश्रामपुर।

PR 327078 District(24-25)D

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार

भारत का सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा
विशेष लोक अदालत 2024
का आयोजन
(दिनांक 29.07.2024–03.08.2024)

भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आपसी सहमति तथा समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जायेगा। सभी सम्बधित पक्षकारों, अधिवक्ताओ तथा सरकारी–गैर सरकारी प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाये। विशेष लोक आदालत में सशरीर अथवा आभासी (Virtual)रूप से शामिल होकर समझौते की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

लोक अदालत के फायदे
–त्वरित समझौता और विवादों का निपटारा
–अंतिम और निश्पादन योग्य पुरस्कार
–विवादों का लागत प्रभावी समाधान
–कोर्ट फी की संपूर्ण वापसी

आप अपने निकटतम राज्य/जिला/तालुका कानूनी सेवा प्राधिकरण से भी संपर्क कर सकते हैं। जनकारीवेबसाइटhttps://www.sci.gov.in/परउपलब्ध है।

ह.
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
लातेहार

ह.
प्रधान जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार
लातेहार

PR 327076 Law(24-25)#D

गुस्से में पति ने खाया जहर, संदिग्ध अवस्था में शव बरामद

नवादा (नि.सं.)। पत्नी द्वारा शराब पीने से मना करने पर उत्पन्न विवाद के बाद गुस्साए पति ने कीटनाशक दवा खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने उच्च विद्यालय के पास से मृतक की संदिग्ध अवस्था में शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना जिले के उग्रवाद प्रभावित रूपौ थाना क्षेत्र के तेलारी गांव का है, जहां संदिग्ध अवस्था में तेलारी उच्च विद्यालय के पास से एक व्यक्ति की शव बरामद हुआ है। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया। मृतक की पहचान तेलारी गांव निवासी रतन राम के रूप में किया गया है। बताया जाता है कि दो-तीन दिनों से रतन राम लगातार शराब पी रहा था। रतन राम की पत्नी उषा देवी शराब पीने से मना करने लगी और दोनों के बीच लगातार लड़ाई-झगड़ा होते रहता था। विवाद ज्यादा हुआ तो रतन राम गुस्से में आकर घर में रखें कीटनाशक दवा खा लिया जिससे उनकी मौत हो गई। रुपौ थाना एसआई अभिषेक कुमार ने बताया कि थाने में सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति का शव तेलारी हाई स्कूल के समीप पड़ा हुआ है। सूचना पाकर जब घटनास्थल पर पहुंच शव क़ो कब्जे में लिया। उन्होंने बताया शव क़ो देखकर प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि युवक ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या किया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से पति-पत्नी के बीच विवाद था जिसके बाद रतन राम ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर लिया है। फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण
सूचना संख्या :– 02/2024–25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्श 2024–25 में मार्च 2025 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 28.06.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

क्र0	सैरातों का नाम	सरकारी डाक की राशि	प्रतिभूति की राशि
01	चेचरिया पुल के पश्चिम में टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती	468200.00	47000.00
02	चेचरिया पुल के पुरब में टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती	826300.00	82600.00
03	श्री बंशीधर नगर हाट/बाजार सैरात की बंदोबस्ती	840000.00	84000.00

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www. garhwa. nic. in एवं विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान	कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय	दिनांक 28.06.2024 (पूर्वा0 11 .00 बजे से अप0 02 .00 बजे तक)
डाक बोलने का स्थान	कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर
डाक बोलने का तिथि एवं समय	दिनांक 28.06.2024 (अप0 03.00 बजे से)

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर।

PR 326981 Urban Development(24-25)D

जिला अभियंता का कार्यालय
जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04 वर्ष 2024–25
D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 28.06.2024 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 29.06.2024 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 29.06.2024 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	प्रखण्ड सरयू अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय अलगडीहा में चाहरदिवारी निर्माण।	7,10,900.00	14,500.00	1250.00	03 माह
2	प्रखण्ड सरयू पंचायत चोरहा में उत्कमित प्राथमिक विद्यालय गोताग में चाहरदिवारी निर्माण।	9,02,800.00	18,500.00	1250.00	03 माह
3	प्रखण्ड सरयू पंचायत घांसीटोला में उत्कमित प्राथमिक विद्यालय चिपरू में चाहरदिवारी निर्माण।	9,84,700.00	20,000.00	1250.00	03 माह
4	प्रखण्ड सरयू पंचायत घांसीटोला में उत्कमित प्राथमिक विद्यालय सोनवार में चाहरदिवारी निर्माण।	10,64,900.00	21,500.00	2500.00	03 माह
5	प्रखण्ड सरयू पंचायत घांसीटोला में उत्कमित प्राथमिक विद्यालय कारीटोला में चाहरदिवारी निर्माण।	12,87,600.00	26,000.00	2500.00	03 माह

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो प्रखण्ड गारू एवं सरयू से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR.NO.327100 Rural Development(24-25):D

संक्षिप्त समाचार

नीट परीक्षा में हुए धांधली के विरोध में पुतला दहन

आरा। जेपी स्मारक पर विरोध सभा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन हुआ। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यह पुतला दहन नीट परीक्षा में भयंकर धांधली और सरकार द्वारा उसकी लीपापोती के विरोध में बुधवार को किया गया। कृष्ण मोहन ठाकुर ने कहा कि गुजरात और बिहार के परीक्षा केंद्र पर सत्ता से जुड़े नेताओं के संरक्षण में नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। 23 लाख 30 हजार से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। उनके इस विश्वास को तोड़ा गया है। वर्तमान सरकार में लगातार पेपर लीक की घटनाएं होती है पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। आज पूरे देश में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छात्रों के संघर्ष में देश भर में आज विरोध कर एकजुटता दिखाई है। पार्टी की मांग है कि यह परीक्षा रद्द कर नये सिरे से पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ परीक्षा आयोजित हो।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पटना डीडीयू-पटना के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

आरा। डिप्लोमा सर्टिफिकेट इन्टरेन्स कॉम्पेटिटिव एक्जाम (पीए, पीएम, पीएमएम 2024 के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए पूर्व मध्य रेल ने 9 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करेगा। इसमें एक जोड़ी ट्रेन पटना-डीडीयू-पटना के बीच चलेगी। इस संबंध में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि गाड़ी सं. 03205/ 03206 पटना-डीडीयू-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल (आरा-बक्सर-दिलदारनगर के रास्ते) गाड़ी सं. 03205 पटना-डीडीयू अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 22 व 23 जून 2024 को पटना जं. से 01.00 बजे खुलकर उसी दिन सुबह 05.00 बजे डीडीयू पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03206 डीडीयू-पटना अनारक्षित परीक्षा स्पेशल दिनांक 21, 22 व 23 जून, 2024 को डीडीयू से 19.30 बजे खुलकर उसी दिन 23.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा 20 जून को पटना से नई दिल्ली एक वन-वे स्पेशल का परिचालन किया जायेगा।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का पार्टी कार्यालय में मना जन्मदिन

आरा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी का 54 वां जन्मदिवस समारोह पार्टी कार्यालय शहीद भवन,आरा में केक काटकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया गया। नेतृत्व जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम जी ने किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी जिस तरह से देश की बदलाव के लिए दिन रात एक करके फर्जी राष्ट्रवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष किया है। यह उनके कुशल नेतृत्व का सबल साक्ष्य है। राहुल गांधी का त्याग और संघर्ष उनके परिवार से विरासत में मिला है। राहुल गांधी की लम्बी आयु के लिए सभी वक्ताओं ने भगवान से प्रार्थना किया। जन्मदिवस समारोह में डॉ शशि कुमार सिंह, घनश्याम उपाध्याय, प्रो. अरुण कुमार सिंह, सत्य प्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, श्रीधर तिवारी, पन्नग त्रिपाठी, अशोक यादव, रज़ी अहमद, नागेंद्र मिश्रा, राकेश त्रिपाठी, बिजेन्द्र यादव, बीरेंद्र मिश्रा, प्रभा सिंह यादव, अब्दुल सलाम कुरैशी, रामबचन तिवारी, भास्कर मिश्रा, शिव शंकर चौबे, हीरा दुबे, घनस्याम चौधरी, रविन्द्र कुमार रवि, सूरज प्रकाश, आशुतोष ठाकुर, गणेश तिवारी, राजू कुमार पाठक, शेखर कुमार, शिव कुमार पटेल, पप्पू पासवान सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आज होगी स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए वार्ता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय स्नातक प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2024-28 में नामांकन के लिए बुधवार को भी पोर्टल नहीं खोल सका। छात्र संगठनों के साथ वार्ता नहीं हो सकी। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो रणविजय कुमार ने बताया कि गुरुवार को छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। मेधा सूची के के प्रारूप पर मंथन होगा। गौरतलब हो कि विगत 15 जून को भी छात्र प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई गयी थी, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया जा सका था। हालांकि बैठक में कुलपति भी मौजूद नहीं थे। विश्वविद्यालय की ओर से जारी पहली मेधा सूची में कथित गड़बड़ी की शिकायत के बाद एडमिशन स्थगित कर दिया गया है। एडमिशन पर रोक के बाद छात्र संगठनों की राय ली जानी है। छात्र संगठनों ने एडमिशन को ले जारी मेरिट पर सवाल खड़ा किया है। कहा कि इसमें कई तरह की त्रुटि है। छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों की अलग-अलग राय है। छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों की मानें तो पहली मेरिट लिस्ट सही तरीके से प्रकाशित नहीं की गयी है। इससे कई मेधावी छात्र छात्राओं को अंगीभूत कॉलेज नहीं मिल पा रहे है। मेरिट लिस्ट प्राप्तांक के आधार पर तैयार नहीं करके, छात्र-छात्राओं कॉलेज की वरीयता के आधार जारी की गयी थी, जो सही नहीं है। मेरिट हमेशा प्राप्तांक के आधार पर तैयार होता है। मेरिट में अधिकतर विद्यार्थियों का नाम उनके पहले कॉलेज चयन के आधार पर हुआ है।

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

ब्रह्मपुर। नरेन्द्र मोदी जी की 3.0 सरकार बनने के बाद एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सह बिहार प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने ब्रह्मपुर विधानसभा के इंदु मैरेज हॉल, रघुनाथपुर रोड में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों द्वारा आयोजित "आभार तथा चिंतन सभा"और चुनावी समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक को सम्बोधित करने के क्रम में मिथलेश तिवारी प्रदेश महामंत्री ने ब्रह्मपुर विधानसभा के भाजपा सहित एनडीए के कार्यकर्ताओं और जनता को आभार प्रकट करते हुए कहा कि भले ही हम लोग बक्सर से चुनाव हार गए हों लेकिन केंद्र में मोदी जी की सरकार 3.0 बन गई है जो हम सभी के लिए गौरव की बात है, साथ ही साथ सभी देवतुल्य जनता और हर एक एनडीए कार्यकर्ताओं के लिए सुखदायक पल है। इसके लिए उन सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को दिल से आभार प्रकट करता हूं। जाहीर सी बात है कि भारत फिर से नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तेजी से विकास के रास्ते पर अग्रसर होता दिखाई देगा और भारत विश्व के टॉप देशों की बराबरी करेगा।श्री तिवारी ने बैठक में उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों से बीते हुए लोकसभा चुनाव का बारी बारी से फिड बैंक लिया। चुनाव में कहां कहां भूल चुक हुई जिसके चलते हमलोग चुनाव हार गये,इसकी गहन समीक्षा और अध्धयन किया गया। उन्होंने कहा की बक्सर लोकसभा के विकास के लिए में प्रतिबद्ध हूं, भले ही मैं चुनाव हार गया लेकिन 4 लाख 8 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने जो मुझपर और भाजपा पर भरोसा और विश्वास जताया है उनके लिए मैं हर पल, सदैव तैयार और तत्परता पूर्वक खड़ा रहूंगा। आगे श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए राजद ने चार पांच निर्दलीय को खड़ा कर फंडिंग किया गया जिससे की भाजपा का 71000 हजार वोट कट गया और जीता हुआ सीट हम हार गये।

प्रमुख व उप प्रमुख ने डीएम से मिल विकास पर की चर्चा

गड़हनी। स्थानीय गड़हनी प्रखण्ड के प्रखण्ड प्रमुख बिनोद सिंह व उप प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह ने चुनाव के बाद पुनः लौटे जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता से मिलकर कई समस्याओं से अवगत कराया। दो वर्षों से गड़हनी में बन रहा सीएससी को भी जल्द निर्माण कार्य पूरा कर जनता को सौपने की बात कही। अंचल और प्रखण्ड कार्यालय में हो रही मनमानी, पीडीएस, आंगनबाड़ी , मनरेगा व अन्य विभागों में हो रही लापरवाही व अनियमितता को सुधारने की बात की। बता दे कि बिनोद सिंह पिछले माह में अविश्वास के बाद प्रखण्ड प्रमुख बने है। प्रमुख बनते ही चुनाव आ गया। प्रखंड में कोई विकास कार्य हुआ नहीं। इसलिए चुनाव के बाद अब प्रखण्ड का विकास तेजी से हो इसको लेकर जिलाधिकारी से मिलकर कई विकास कार्यों के संबंध में अवगत कराया। प्रखण्ड में अभी तक नहरों में पानी नही आया इस पर भी चर्चा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मैं नहर विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात करने का आश्वासन दिया।

इटाढी नगर पंचायत के चौक-चौराहों पर लगेगा CCTV

बक्सर DM ने साफ-सफाई पर निगरानी रखने का दिया आदेश, अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के नगर पंचायत के विकास कार्य को लेकर लोग ठगा महसूस कर रहे है। हालांकि, जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने नगर पंचायत, इटाढी के काम की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की। इसके बाद कई दिशा निर्देश दिया। डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि इटाढी नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सफाई कर्मियों के कार्यों पर निगरानी रखने के लिए और नगर पंचायत के प्रमुख चौक-चौराहों पर बोर्ड से प्रस्ताव पारित कराते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया।

विभागीय नियमानुसार काम कराने का निर्देशः इसके साथ ही नगर पंचायत को सुंदर बनाने को लेकर इटाढी नगर पंचायत के सौंदर्यीकरण के लिए स्ट्रीट लाइट, पोल पर लाइटिंग और उच्च गुणवत्ता के साईनेज लगवाने के लिए कार्य योजना तैयार कर बोर्ड की स्वीकृति के पश्चात विभागीय नियमानुसार काम कराने का निर्देश दिया गया है। वहीं, जल संरक्षण के मद्दे नजर इटाढ़ी नगर पंचायत क्षेत्र में पड़ने वाले तालाब पोखर वगैरह को बोर्ड की स्वीकृति के पश्चात सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इटाढी नगर पंचायत के कमर्शियल क्षेत्रों में दिन में कम से कम दो बार साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि इटाढी नगर पंचायत अंतर्गत आवश्यकतानुसार विभागीय निर्देशानुसार और बोर्ड से सहमति के बाद कार्य कराने को जानकारी हमे देंगे।

आरा जंक्शन पर ट्रेन से गिरकर अररिया निवासी की मौत

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर बुधवार को कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर अररिया निवासी एक युवक की मौत हो गई। मृतक अररिया जिला के कुर्साकंटा थाना क्षेत्र के मरतीपुर गांव वार्ड नंबर-7 निवासी कृपानंद मंडल का 20 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार है। मृतक के ममेरे भाई राकेश कुमार ने बताया कि मैं ममेरे भाई कृष्ण कुमार और एक अन्य दोस्त कामाख्या एक्सप्रेस से अररिया स्टेशन से ट्रेन पर सवार होकर दिल्ली जा रहे थे। वहां से हमलोग हरियाणा के दादरी भिवानी स्थित कंपनी में काम करने जाने वाले थे। जाने के कारण में जैसे ही उनकी ट्रेन आरा स्टेशन का प्लेटफार्म नंबर दो पर रुकी तो कष्णा पानी लेने के लिए नीचे उतर गया। इसी बीच ट्रेन खुल गई। जब वह दौड़कर ट्रेन पर चढ़ रहा था। इसी दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से नीचे गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गई। हमने सभी कोच में उसकी खोजबीन की पर वह नहीं दिखा।

अगले स्टॉप पर पहुंचे तो रेल पुलिस ने दी सूचनाः अगले स्टॉप पर हम दोनों वहां उतरे। तभी आरा रेल पुलिस ने फोन कर सूचना दी कि ट्रेन दुर्घटना में कृष्णा मौत हो गई। सूचना पाकर हम दोनों आरा स्टेशन पहुंचे। सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक अपने तीन भाई में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां बबीता देवी, दो भाई सुमन कुमार और कन्हैया कुमार है।

खैनी मांगकर रुकवाई बाइक, फिर पेट में मारा चाकू

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के लभुआनी गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप बुधवार को बाइक छिनतई का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मारा गया। चाकू दाहिने साइड पेट में लगा है। परिजन ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक पीरो थाना क्षेत्र के तिलाठ गांव निवासी संजय राय का 24 वर्षीय पुत्र अमृत राज है। अमृत राज ने बताया कि आरा से बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था। लौटने के क्रम में जैसे ही लभुआनी गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप कसाप वाली रोड की तरफ मुड़ा। पैशन प्रो बाइक पर सवार दो और अपाची बाइक पर सवार दो युवक आए। बाइक रुकवा कर खैनी मांगा। मैंने कहा खैनी नहीं है। जिसके बाद सिर पर डंडा से मारा और मेरी बाइक को डंडे से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बाइक की चाबी छिनने लगे। विरोध किया तो पेट में चाकू मार दिया। प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखकर पटना रेफर कर दिया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी युवक अमृत राज ने उक्त युवकों पर बाइक व चाबी छिनने का विरोध करने पर खुद को चाकू मारने का आरोप लगाया है।

मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर पड़ोसियों ने की मारपीट, विवाद में दंपती समेत चार लोग हुए जख्मी

♦ पीड़ित परिवार ने पुलिस से की शिकायत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में बुधवार को मोबाइल फोन के विवाद को लेकर दंपती समेत चार लोगों की पड़ोसियों ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में बिहिया थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी हीरालाल धानु उनकी पत्नी रामावती देवी, पुत्री खुशबू कुमारी और पुत्र विजय कुमार शामिल है।

मोबाइल पेड़ के नीचे गिरा थाः रामावती देवी ने बताया कि गांव के ही मैनेजर नामक व्यक्ति का मोबाइल गुम हो गया था। वो मेरे बेटे विजय पर मोबाइल चुराने का आरोप लगा रहा था। जिसको लेकर उस व्यक्ति ने बेटे की पिटाई की। जब हमलोग लोग बीच-बचाव करने लगे तो उनलोगों लोगों ने सभी लोगों की पिटाई कर दी। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। बताया कि उक्त व्यक्ति का मोबाइल भी उसके घर के ही बगल में स्थित पेड़ के नीचे गिरा था, जो उसे मिल गया है। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि एक अधेड़ के साथ महिला को काफी गंभीर चोटें आई है। जिनका प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। ऑब्जर्वेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

भोला हत्याकांड के मुख्य आरोपी सहित दो गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

साहिल कुमार उर्फ भोला हत्या कांड का मुख्य आरोपी सहित दो को नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत कुमार और अन्य पुलिस कर्मियों ने गुप्त सूचना के आधार गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में नवादा थाना क्षेत्र के बधिरों निवासी गुड्डू कुमार पिता स्व दशरथ पासवान और अमन पासवान पिता प्रदोष पासवान है। मृतक साहिल उर्फ भोला नवादा थाना क्षेत्र के बहीरो का रहने वाला था। साहिल का शव घटना के अगले दिन सुबह बहीरो गोठहुला रोड में धनवंती गैस एजेंसी के पास सड़क किनारे मिला था। जिसके बाद साहिल के पिता बुधन पासवान के आवेदन पर तीन नामजद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया था। प्रेस वार्ता में एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया की साहिल कुमार उर्फ भोला हत्या कांड में एफआईआर दर्ज होने के बाद घटना को गंभीरता से लेते हुए नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत कुमार और थाना के अन्य पुलिस कर्मियों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। साथ ही टीम को जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया। जिसके बाद गठित टीम ने त्वरित करवाई करते हुए बस प्राइवेट स्टैंड के पास से हत्या कांड के मुख्य आरोपी गुड्डू कुमार सहित दो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल और एक गोली बरामद किया गया। पुलिस गिरफ्तार दोनों अपराधियों से घटना में शामिल अन्य अपराधियों के बारे में पूछताछ कर रही है। गुड्डू कुमार ने मारी थी साहिल को गोली गिरफ्तार अपराधी गुड्डू कुमार ने पुलिस के द्वारा की गई पूछ ताछ में बताया की साहिल कुमार उर्फ भोला को पहला गोली मैं ही मारा था। जिसके कारण उसकी मौत हो गई थी। पूर्व के विवाद को लेकर की गई थी साहिल उर्फ भोला की हत्या 9 जून को नवादा थाना क्षेत्र के बधिरों के साहिल कुमार उर्फ भोला की हत्या उसके दोस्तों द्वारा पूर्व के विवाद को लेकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठहुला गांव के पास कर दिया गया था। जिसका शव पुलिस को अगले दिन सुबह में मिला था। साहिल के पिता के आवेदन पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसहुला गांव के रणजीत सिंह पिता कृष्णा सिंह, नवादा थाना क्षेत्र के बधिरों गांव के अमन पासवान पिता प्रदोष पासवान और गुड्डू पासवान पिता स्व दशरथ पासवान को हत्या कांड का आरोपी बनाया था। साहिल के पिता ने आगे बताया की साहिल बोला था की मैं गोठहुला में साथियों के साथ यज्ञ देखने जा रहा हू, रात्रि में फिर लौट आयेंगे। परन्तु रात्रि में वह घर नहीं लौटा। एक सप्ताह पूर्व मेरे लड़के के साथ रणजीत सिंह से कुछ बात को लेकर विवाद हुआ था।उस समय रणजीत ने धमकाया था कि हम तुमको उठवा लेंगे।

आरा जंक्शन पर CRPF जवान की लू से मौत

निज संवाददाता। आरा

दानापुर–पंडित दिन दयाल उपाध्याय रेलखंड के आरा जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या दो पर बुधवार को CRPF जवान की लू लगने से मौत गई। इसके बाद जीआरपी ने घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। परिजन आरा रेलवे स्टेशन पहुंचे। मृत जवान बिहिया थाना क्षेत्र के मिश्ररौली गांव के वार्ड-1 निवासी नारायण मिश्रा के 42 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार है। मृत जवान के बड़े राकेश मिश्रा ने बताया कि मुकेश 2003 में CRPF में सिंगनल कोर रेडियो ऑपरेटर के पद कार्यरत हुए थे। वर्तमान में गुजरात के गांधीनगर में पिछले तीन साल से ASI के पद पर कार्यरत थे। उनका परिवार आरा शहर में क्वाटर लेकर रहता था। बड़े भाई ने बताया कि मुकेश एक सप्ताह पूर्व छुट्टी लेकर अपने परिवार के साथ आरा में थे। वे किसी काम को लेकर अपने पैतृक गांव मिश्ररौली जा रहे थे। इसी बीच गर्मी की वजह से उनकी हालत बिगड़ गई और आरा रेलवे जंक्शन पर कुर्सी पर बैठे-बैठे उनकी मौत हो गई।

जानकारी CRPF हेडक्वाटर को दी गईः परिजनों ने इस घटना की जानकारी CRPF हेडक्वाटर दी। इसके बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत जवान के घर में पत्नी संध्या मिश्रा, दो बेटी अपूर्वा एवं अंकिता है।

11.60 लाख लोग फिर होंगे रोटी से वंचित

निज संवाददाता। बक्सर

इस साल भी सरकारी स्तर पर गेंहू की खरीद सुपर फ्लॉप साबित हुई। गेंहू खरीद की अन्तिम तिथि 15 जून तक हीं थी, जो अब समाप्त हो चुकी है। जिले में बाजार में गेहूं के दाम अधिक होने से क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। जिले में गेंहू खरीद की हालात यह रहा कि तीन महीने में मात्र 47 किसानों से 150.300 एमटी गेहूं की खरीद हो पाई है। जबकि लक्ष्य 20143 एमटी गेहूं खरीदारी का था। जिले में 15 मार्च से ही सरकारी स्तर पर गेहूं की खरीदारी शुरू हुई थी। इसको लेकर विभाग ने सभी 11 प्रखंडों में कुल 128 पैक्स व 7 व्यापार मंडल को किसानों से गेहूं की अधिप्राप्ति के लिए केंद्र बनाया था। शुरुआत के दिनों में हीं जो गेहूं किसानों से खरीद हुई इसके बाद से गेहूं की खरीद नही हो पाई। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि गेहूं खरीद के लिए निर्धारित सरकारी दर 2275 रूपए से 75 -150 रुपया प्रति क्विंटल अधिक रेट बाजार में मिला। इसके चलते सरकारी स्तर पर गेहूं खरीद फ्लॉप साबित हुई है। पिछले साल की तरह इस बार भी शुरुआती दिनों में की खरीद नहीं के बराबर हुई। उम्मीद थी कि खरीदारी में तेजी आएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस वर्ष भी खाली रहेंगे गोदाम सवाल यह है कि यदि सरकार गेंहू खरीदेगी नहीं तो फिर गरीबों को वितरण कैसे करेगी। गेहूं खरीद नहीं होने से इस वर्ष भी गेंहू के गोदाम खाली रह गया। बता दें कि सरकारी क्रय केन्द्रों पर किसानों का नहीं पहुंचना काफी गंभीर विषय हैं, क्योंकि जो गेंहू सरकार के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाता है उसे गोदामों में भंडारण किया जाता है। फिर उस गेंहू को राशनकार्ड धारी परिवार के सदस्यों को पीडीएस विक्रेता के माध्यम से वितरण किया जाता है। ज्यादातर पैक्सों ने नहीं की खरीदारी गेहूं के समर्थन मूल्य में इस बार फिर वृद्धि तो की गई है लेकिन बेहद कम। सिर्फ 150 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। पिछले सीजन में 2115 रुपया प्रति क्विंटल की दर पर खरीद होती थी। इसे बढ़ाकर 2275 रुपया प्रति क्विंटल कर दिया गया था। यानि पिछले साल की तुलना में इस साल गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपये प्रति क्विंटल वृद्धि की गई है। बता दें कि कि जिले में 128 पैक्स व 7 व्यापार मंडल से 150.300 एमटी गेहूं की खरीद हो पाई। इसमें से 3 प्रखंडो में तो बोहनी भी नहीं हुई। बाकि के पैक्सों में तो ना क्रय केंद्र खुला ना ही कोई किसान अपना गेहूं बेचने के लिए पहुंचा। ज्यादातर पैक्स अनाज में नमी का बहाना बताकर भी खरीदारी नहीं की। जिले में दो वर्ष से राशनकार्ड धारी गरीब परिवार के सदस्यों को गेंहू की कटौती जारी है। पिछले दिनों तो गेंहू का वितरण बंद हीं कर दिया गया था। अब पीएचएच परिवार के प्रत्येक सदस्यों को 4 किलो चावल व 1 किलो गेंहू दिया जा रहा है। जिसमें गरीब परिवार रोटी से वंचित हो रहें है। यदि यही हाल रहा तो इस वर्ष भी गरीबों को रोटी से दूर रहना होगा। जबकि सरकार को इस बात का कोई असर नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

शिक्षिका से मारपीट, अभद्रता मामले में रिपोर्ट दर्ज

भागलपुर। सुरखीकल की रहने वाली एक सरकारी शिक्षिका के साथ मारपीट व अभद्रता मामले में तिलकामांझी थाने में केस दर्ज हुआ है। उन्होंने भीखनपुर गुमटी नंबर तीन के रहने वाले नावेद रफीक उर्फ कैफी खान को मुख्य आरोपी बनाया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मैं 11 जून को भीखनपुर स्थित एक परिचित के यहां से लौट रही थी। गेट पर लगी गाड़ी के तरफ बढ़ने के साथ ही कैफी खान ने मुझे बाइक से टक्कर मार कर गिरा दिया। मेरा दुपट्टा खींचने का प्रयास किया। साथ ही मुझे अपशब्द कहने लगा। मेरे चालक व परिचित ने रोकने का प्रयास किया तो उन लोगों के साथ भी उसने मारपीट करने लगा। उसने जाते-जाते धमकी देते हुए कहा कि मैं गुरुदेव शिल्पी के कहने पर तुम्हारा पीछा कर रहा हूं। शिक्षिका ने बताया कि आरोपी पहले भी मेरा पीछा करता रहा है। एक बार उसने मेरे सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट किया था। मैंने उस मामले में साइबर थाने में शिकायत की थी। हालांकि उन्होंने तिलकामांझी पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कई बार थाना जाने के बाद मेरा केस दर्ज किया गया।

अदालत ने एसएसपी को लिखा पत्र, कानून का मजाक बना रहे हैं पुलिस के अधिकारी

भागलपुर। एडीजे सात और पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश लवकुश कुमार ने विभिन्न मामलों में चार्जशीट दाखिल करने में देरी पर पुलिस को आड़े हाथों लेते हुए एसएसपी को पत्र लिखकर कहा है कि एसएचओ और आईओ कानून का मजाक बना रहे हैं। कोर्ट ने पीरपैंती थाने में एक नवंबर 2021 को दर्ज एक केस के सिलसिले में कहा कि मामले के एक अभियुक्त संजय कुमार तांती के विरुद्ध 12 मई 2024 को चार्जशीट की गई। जबकि शेष अभियुक्तों गौरव यादव, रूपल यादव, अनिल यादव के खिलाफ अब तक चार्जशीट लंबित है। कोर्ट ने कहा कि कानूनन यौन उत्पीड़न के मामलों में एफआईआर दर्ज होने के दो माह के अंदर जांच पूरी हो जानी चाहिए। लेकिन इस केस में एफआईआर एक नवंबर 2021 को दर्ज हुई पर जांच अब तक लंबित है। इससे साफ जाहिर होता है कि पुलिस अधिकारी कानून के प्रावधानों के प्रति गंभीर नहीं हैं और कानून की अवहेलना करने की आदी हैं। कोर्ट ने सबौर के गोराडीह में 21 फरवरी 2014 को एक मामले में दर्ज एफआईआर में भी एक अभियुक्त पर चार्जशीट सौंपने और शेष अभियुक्तों की की जांच प्रक्रिया अब तक लंबित रखने का हवाला देकर कहा है कि यह कानून का मजाक बनाना है। पत्र की प्रति डीएम और डीआईजी को भी भेजा कोर्ट ने एसएसपी को ऐसे मामलों में संबंधित एसएचओ और आईओ को निर्धारित समय में चार्जशीट देने का निर्देश देने को कहा है। कोर्ट ने इस पत्र की प्रति डीएम और डीआईजी को भी भेजी है। दूसरी तरफ सीजेएम कोर्ट ने शाहकुंड के एसआई महेन्द्र चौधरी को हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में अभियुक्त का आपराधिक इतिहास और केस डायरी नहीं देने पर शोकॉज किया है।

मुंगेर विविः जल्दबाजी में परीक्षा लेने का किया विरोध

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-4, सत्र 2022-2024 की परीक्षा गुरूवार से शुरू होने जा रही है। जिसका एबीवीपी नेता सन्नी झा ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पीजी सेमेस्टर-45 की परीक्षा फॉर्म भरवाने के महज 06 दिनों बाद ही लिया जा रहा है। जो कि सरासर गलत है। परीक्षार्थियों को सिलेबस भी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में परीक्षार्थी परीक्षा में क्या लिखेंगे? इसके कारण विद्यार्थियों को समस्या होगी। इन्हीं कारणों से भारी संख्या में छात्र प्रमोट होते हैं। उन्होंने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय बिना पाठ्यक्रम पूरा किए परीक्षाएं लेता है। यह विश्वविद्यालय का तानाशाह रवैया है। प्रवेश पत्र भी एक दिन पहले परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराया गया।

हीट वेव से लगातार बीमार हो रहे हैं लोग, दो भर्ती

मुंगेर। भीषण गर्मी और उमस के बीच जिले में दस्त व डायरिया सहित हीट वेब के मरीज भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सदर अस्पताल में बुधवार को भी हीट वेब के दो मरीजों को भर्ती किया गया। जबकि तीन मरीज इलाजरत है। वहीं 8 मरीज इलाज के बाद अबतक ठीक हो चुके हैं। सदर अस्पताल में बुधवार में हीट वेब के शिकार शहर के बाटा चौक निवासी 60 वर्षीय प्रदीप कुमार तथा दलहट्टा निवासी वीरेंद्र प्रसाद के 28 वर्षीय पुत्र विकास कुमार को भर्ती किया गया। हाई फीवर के बाद हीट वेव वार्ड में भर्ती किया गया।

यूपी पुलिस ने तातारपुर से दो संदिग्ध को उठाया

भागलपुर। तातारपुर इलाके से उत्तर प्रदेश की पुलिस ने दो संदिध को उठाया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम भागलपुर पहुंची यूपी पुलिस ने वरीय अधिकारी से संपर्क कर लहेरी टोला के दो संदिग्धों की जानकारी दी। जिसके बाद तातारपुर पुलिस की मदद से देर शाम दोनों को उठा लिया गया। हालांकि फिलहाल दोनों संदिग्ध से तातारपुर थाने में पूछताछ हो रही है। यूपी पुलिस व तातारपुर थाने की टीम संदिग्ध से राज उगलवाने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश में एक दर्ज मामले में इन दोनों की तलाश थी।

अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया

भागलपुर। पिछले दिनों छपरा में अधिवक्ता पिता-पुत्र की हुई हत्या के विरोध में भागलपुर व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दोहरे अधिवक्ता हत्या के वीरोध में बार काउंसिल पटना के निर्देश पर भागलपुर में ज्यादातर अधिवक्ताओं ने हाथ पर काला रिबन लगाकर विरोध जताया। अधिवक्ताओं ने ऐसे मामलों में दोषियों पर त्वरित कार्रवार्ई करने की मांग की है।

न्यायिक अधिकारी फिर अधिवक्ता से उलझे

भागलपुर। भागलपुर व्यवहार न्यायालय के एक न्यायिक अधिकारी अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार को लेकर फिर चर्चा में हैं। इन्हीं कारणों से दो बार अधिवक्ताओं की ओर से बहिष्कार झेल चुके उक्त न्यायिक अधिकारी बुधवार को भी एक जूनियर अधिवक्ता से उलझ गए। दोनों के बीच तीखी बहस हुई। इसके बाद मामला जिला जज तक पहुंचा। डीबीए के महासचिव अंजनी कुमार दुबे ने बताया कि उक्त न्यायिक अधिकारी अब लगभग हर दिन इसी तरह का बर्ताव कर रहे हैं। इसी वजह से डीबीए की बैठक में उनके कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय किया गया था। लेकिन अब वे फिर अधिवक्ताओं से कहेंगे कि बहिष्कार के निर्णय का पालन सख्ती से करें। महासचिव ने कहा कि घटना के बाद वह, डीबीए के अध्यक्ष वीरेश मिश्रा और अन्य प्रतिनिधि जिला जज से मिले।

नीट पेपर लीक मामले में छात्र नेताओं ने फूँका पुतला, मुंगेर में जगह-जगह किया प्रदर्शन

मुंगेर। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित आरडी एंड डीजे कॉलेज और तारापुर के आरएस कॉलेज में छात्र नेताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता करते विश्वविद्यालय अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा मामले में केंद्र और राज्य सरकार को जवाब देना चाहिए। वहीं आगे कहा कि आने वाले दिनों में अगर परीक्षा रद्द नहीं की जाती है तो अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा। 24 लाख छात्रों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इसके साथ ही छात्र नेता सरवन कुमार ने कहा कि छात्र मेहनत करके परीक्षा देने के लिए जाते है और वहां पता चलता है कि पेपर पहले ही लीक हो चुका है। सरकार को सिर्फ अपनी कुर्सी से मतलब है छात्रों के जीवन से कोई लेना-देना नहीं। इसलिए किसी नेता ने अब तक कुछ नहीं कहा है। सभी लोग मौन धारण किए हुए है। सरकार अगर हमारी बातें नहीं मानती है तो हम लोग अनशन पर बैठेंगे।

दो पक्षों में मारपीट और गोलीबारी में 9 लोग जख्मी

जमीन पर मिट्टी गिराने को लेकर हुआ विवाद, तीन घायलों को मायागंज किया रेफर

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बुधवार की देर रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी हुई। घटना में दोनों पक्षों से दो महिला समेत कुल 9 जख्मी है। मामला अकबरनगर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव से जुड़ा हुआ है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एक पक्ष की तरफ से दूसरे पक्ष के जमीन पर मिट्टी गिराई जा रही थी, विरोध करने पर हमला कर दिया गया। जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। लोगों ने बताया कि गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। दूसरे पक्ष के लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि घटना में किसी को गोली लगी नहीं है। वहीं, एक पक्ष से सुखनंदन यादव ने बताया कि जमीन

को लेकर विवाद हुआ तो दूसरे पक्ष के लोगों ने जमकर मारपीट और गोलीबारी की। जिसमें नेहा कुमारी, रूचि कुमारी, रवि कुमार उर्फ पीपी कुमार और मुझे चोटे लगी है।

सभी घायलों का इलाज चल रहाः वहीं, दूसरे पक्ष से जवाहर यादव ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई है। जिसमें दूसरे पक्ष से बंटी कुमार यादव, मुंशी कुमार यादव, मुन्ना कुमार यादव घायल हुए हैं। इधर, घटना की जानकारी घायलों ने अकबरनगर पुलिस को दी। लेकिन आरोप है कि पुलिस समय रहते घटनास्थल पर नहीं पहुंचे, इसके बाद पीड़ित गंभीर अवस्था में ही अकबरनगर थाना पहुंचे। पुलिस ने इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेज दिया। जहां पर सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घायल में शामिल अधिकांश लोगों को सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। जिससे स्थिति नाजुक बनी हुई है। इधर, डॉक्टर ने बेहतर उपचार के लिए तीन लोगों को मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया है। मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

भागलपुर के गोराडीह थाना अध्यक्ष को पद से हटाया

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के गोराडीह थाना क्षेत्र में हुए सुमेश मंडल हत्याकांड मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। गोराडीह थाना अध्यक्ष को पद से हटा दिया गया है। जबकि पुलिस उप निरीक्षक सनोज कुमार राजवंशी को लाइन हाजिर किया गया है। मालूम हो की पुलिस ने शक के आधार पर निर्दोष को संदिग्ध के तौर पर उसे हिरासत नहीं लिया था। थाने में उसकी पिटाई की गई थी। घायलों का आरोप है कि पुलिस ने प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल डाला, करंट लगने की कोशिश की थी। तलवे में बेल्ट से पीटा था। सीनियर अधिकारी एक्शन में आए और कार्रवाई करते हुए थाना अध्यक्ष और पुलिस उप निरीक्षक सनोज कुमार पर कार्रवाई की है। मामले को लेकर सिटी एसपी राज ने बताया कि सुमेश मंडल हत्याकांड में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के लिए थाना पर लाया गया था। इसकी खबर डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया में करंट लगने और पेट्रोल डालने की बात का उल्लेख किया गया है। पूरे मामले की जांच विधि व्यवस्था DSP द्वारा किया गया। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पाया गया कि घायलों से सख्ती से पूछताछ की गई। पेट्रोल डालने और करंट लगाने की बात गलत निकली। प्रशासनिक और विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से थाना अध्यक्ष और पुलिस निरीक्षक शांता सुमन को थाना अध्यक्ष के पद से हटाया गया। पुलिस उप निरीक्षक सनोज कुमार राजवंशी को लाइन हाजिर किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट अप्राप्त है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मायागंज अस्पताल में भर्ती घायलों ने बताया कि पुलिस ने पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में लिया था। जबरदस्ती उनसे आरोपियों के नाम कबूल करवाना चाह रही थी। जब कहा गया कि मुझे नहीं पता तो उनके द्वारा बर्बरता पूर्वक पिटाई की। प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल डाला। करंट लगने की कोशिश की।

सदर अस्पताल में बिना सहमति के महिलाओं को लगाया कॉपर-टी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर सदर अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मियों की लापरवाही का मामला सामने आया है। दरअसल एक साथ तीन प्रसूति महिला से बिना पूछे ही कॉपर-टी लगा दिया गया। वहीं जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो लोगों ने सदर अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद परिजनों ने सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर रमन कुमार को आवेदन देकर कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार 17 और 18 जून को प्रसव कराने के लिए शहर के विभिन्न इलाकों से तीन महिलाएं अपने परिजनों के साथ सदर अस्पताल पहुंची। इसमें 26 वर्षीय चंदा भारती, 23 वर्षीय स्तुति कुमारी और 21 वर्षीय साक्षी कुमारी का नाम शामिल है। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने तीनों महिलाओं से बिना पूछे कॉपर-टी लगा दिया। वहीं जब परिजनों को कॉपर-टी फॉर्म पर हस्ताक्षर के लिए कहा गया तो परिजन गुस्सा हो गए और कर्मियों से कहा की बिना पूछे वह लोग ऐसा कैसे कर

सकते है। प्रसूता साक्षी ने बताया कि जब ऑपरेशन हो रहा था तभी नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि कॉपर-टी लगा देते है। मैने कहा कि पहले मेरे परिजन व पति से पूछ लीजिये, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और कॉपर- टी लगा दिया। वहीं प्रसूति स्तुति कुमारी के पति रविशंकर ने कहा कि 17 जून को अपनी पत्नी की डिलीवरी कराने के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां ऑपरेशन के बाद बच्चा हुआ। अस्पताल के कर्मियों ने कहा कि पत्नी को कॉपर- टी लगा देते है तो मैंने मना कर दिया। वहीं पत्नी ने रात में बताया कि ऑपरेशन के दौरान दस साल वाला कॉपर-टी लगा दिया गया है। मामले को लेकर सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद कुमार सिन्हा ने बताया कि किसी भी महिला से बिना पूछे कॉपर-टी नहीं लगाया जाता है।

पुलिस की पिटाई से घायलों से मिलने पहुंचे अजय मंडल

पीड़ितों से बोले डॉक्टर-नाटक कर रहे तुमलोग, कुछ नहीं हुआ है...सभी का नाम काटो

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के गोराडीह थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए किसान हत्या मामले में पुलिस ने 7 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान मारपीट की थी। मारपीट की घटना में 6 लोग घायल हुए थे। जिसका इलाज शुक्रवार से ही मायागंज अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को दो डॉक्टरों ने पीड़ित को डिस्चार्ज और घर जाने को कहा। पीड़ित द्वारा कहा गया कि अभी हम चलने लायक नहीं है। हम घर कैसे जाएंगे? काफी रिक्वेस्ट और जनप्रतिनिधियों के पैरवी पर उन्हें फिर से भर्ती किया गया। मामले को लेकर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि ऐसा कोई बात नहीं है, सभी घायल मायागंज अस्पताल में ही भर्ती हैं।

पीड़ित का बयानः घायल धनेश्वर दास ने बताया कि ड्रामा वार्ड में दो लोग आए दोनों ने पूछा कि क्या हुआ है? आपबीती बताने पर उन्होंने कहा कि यह लोग नाटक कर रहे हैं। सभी को डिस्चार्ज करो, नाम काट दो। इसके बाद उन्होंने रिक्वेस्ट किया तो एक्स-रे के कागजात ले लिया। पीड़ित ने कहा कि हमने जख्म के निशान को दिखाया, कहा मैं चलने के लायक अभी नहीं हूं। अभी मुझे क्यों डिस्चार्ज कर रहे हैं? इसके बाद उन्होंने कागजात लेकर चले गए।

घायल से मिलने पहुंचे सांसद अजय मंडलः जदयू सांसद अजय मंडल घायल से मिलने बुधवार को मायागंज अस्पताल पहुंचे। जहां पर पीड़ित से उन्होंने मुलाकात की। परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया। कहा, दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। अजय मंडल ने भास्कर को बताया कि एसपी से निवेदन किया गया है कि दोषियों पर कार्रवाई की जाए इस मामले में पुलिस काम कर रही है। दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। इधर, स्पेशल सेल के एक अधिकारी परिजनों से पूछताछ करने के लिए पहुंचे। पूछताछ करने आए अधिकारियों ने बताया कि हमने यहां से पीड़ित से बयान ले लिया है आगे से फॉरवर्ड की प्रक्रिया कर रहे हैं।

बेटी के शादी में लिए कर्ज के टेंशन में है पीड़ित - सात घायल में शामिल एक घायल संदीप दास भी है जो अपने बेटी के शादी के लिए कर्ज पर पैसा लिए थे। भास्कर को बताया की तीन लाख कर्ज हैं। पुलिस ने उसे परेशान किया।

पूर्व मध्य रेल

खुली निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या 14/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./24–25

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या : टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./14/24–25, कार्य का नाम एवं स्थान : पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल के 12, 08 व्हीलर और 06, 04 व्हीलर टावर वैगन इंजन की तीन वर्षो के लिए मरम्मत और रखरखाव अनुबंध ('बी', 'सी' और 'डी' चेक) / ए.एम.सी। **कार्य की अनुमानित लागत (मूल्य टी. आई. एन) :** रू. 4,74,62,356.00, **अग्रधन राशि :** रू. 3,87,300.00

निविदा खुलने एवं जमा करने की तारिख और समयः निविदा 12.00 बजे तक www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। खुलने की तारीख यानी 12.07.2024 को और उसी दिन 12.30 बजे खोला जाएगा। **5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है आदिः** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण डी.ई.ई. (टी.आर.डी.)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/0518/डीएनआर/ईटीआरडी/टी/24–25/40

भागलपुर में सड़क पर खेल रहे बच्चे को ट्रैक्टर ने रौंदा

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क पर खेल रहे एक बच्चे को रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना सनोखर थाना क्षेत्र के बखरी गांव के पास की है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बेलंदा बलवड्डा से सनोखर की तरफ तेज रफ्तार में ट्रैक्टर आ रहे थे। ट्रैक्टर का टायर पंचर हो गया। इसके कारण ट्रैक्टर चालक ने आपा खो दिया और सड़क पर खेल रहे बच्चे को रौंद दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि पास में दो अन्य बच्चे हादसे के चपेट में आ गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

मरने वाले की पहचान छट्टू मंडल के बेटे प्रिंस कुमार(12) के रूप में की गई है। इधर, घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद ट्रैक्टर छोड़ कर ड्राइवर फरार हो गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद सनोखर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर ली है। आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने शव रख कर सड़क को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया।

मालदा मंडल के तहत मुरारपुर हाल्ट स्टेशन पर हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर की नियुक्ति

अधिसूचना सं. सी.192/हाल्ट–पॉलिसी/एम/पार्ट III दिनांकः 18.06.2024

मालदा मंडल के तहत नाथनगर स्टेशन और छीटमकंदपुर हाल्ट स्टेशनों के बीच स्थित **मुरारपुर हाल्ट स्टेशन (एमपीवाई)** में कमीशन के आधार पर टिकट बिक्री के कार्य –संचालन के लिए हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर के चयन हेतु योग्य स्थानीय निवासियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर के चयन हेतु इच्छुक आवेदक **उसी जिले** का निवासी होना चाहिए जहाँ उपर्युक्त हाल्ट स्टेशन स्थित है। निर्धारित नियमों और शर्तों (मानदंडों) की संतुष्टि और पूरा करने वाले इच्छुक आवेदक **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, डीआरएम कार्यालय, डाकघरः झलझलिया, जिलाः मालदा, पश्चिम बंगाल, पिनः 732102 के कार्यालय** में उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में दिनांक 24.06.2024 से 22.07.2024 तक किसी भी कार्यदिवस को 11.00 बजे से 17.00 बजे के बीच और अंतिम दिन अर्थात दिनांक 23.07.2024 को 11.00 से 14.00 बजे के बीच आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 23.07.2024 को 14.00 बजे है और भरे हुए आवेदन को जमा करने की अंतिम तिथि 23.07.2024 को 17.00 बजे है और आवेदन उसी तिथि को 17.30 बजे खोला जाएगा। वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से भी आवेदन डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन और लिफाफे के ऊपर हाल्ट स्टेशन के विशेष नाम ''.....(हाल्ट का नाम)..... हाल्ट स्टेशन में हाल्ट कॉन्ट्रैक्टर के चयन हेतु आवेदन'' और सुचारू पत्राचार के लिए पिन कोड के साथ पूरा पता, ई–मेल और मोबाइल नं. का उल्लेख रहना चाहिए। आवेदन **''वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डीआरएम कार्यालय, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, पहली मंजिल, डाकघरः झलझलिया, जिलाः मालदा, पश्चिम बंगाल, पिनः 732102''** के पते पर भेजा जाना चाहिए।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

आपसी विवाद में नाबालिग भतीजा ने चाचा को मारी गोली

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित सुजावलपुर में 27 वर्षीय मोहम्मद वलीउल्लाह की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। वहां सुबह से ही सास-बहू में झगड़ा चल रहा था। झगड़े के बाद मुफस्सिल थाना की पुलिस को सूचना दी गई। परिवार वालों का आरोप है कि पुलिस टीम ने फोन पर कहा कि पारिवारिक झगड़ा है आप आपस में सुलझाइए। झगड़ा समाप्त नहीं हुआ। शाहजुबैर रोड में कारपेंटर का काम करने वाले मोहम्मद वलीउल्लाह को सूचना मिली की सुजावलपुर स्थित घर में उसकी मां के साथ भाई और भाभी मारपीट कर रही है। वलीउल्लाह झगड़े को समाप्त कराने के लिए अपना पैतृक घर पहुंचा। आठ भाइयों में सबसे छठा वलीउल्लाह पहले मंझले भाई रहमतउल्लाह और भाभी शबनम को समझाने की कोशिश की, लेकिन दोनों नहीं माने। इस बीच मंझले भाई रहमतउल्लाह उर्फ लालू ने वलीउल्लाह का दोनों हाथ पकड़ लिया और अपने नाबालिग बेटे को गोली मारने को कहा। नाबालिग ने अपने चाचा वलीउल्लाह के सीने में गोली मार दी। इससे उसकी मौत हो गयी। इधर, एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि कॉल आने के बाद 112 की टीम पहुंची थी। सभी को समझा कर लौट गई।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

बिहार सरकार

(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –03 /औरंगाबाद/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 18.06.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 10.07.2024 से 31.07.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :–दिनांक 10.07.2024 से 31.07.2024 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–12.07.2024 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :– दिनांक–01.08.2024 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :–तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि 120 दिन

क0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	बीड प्रोसेसींग राशि +सर्विस टैक्स	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	Special Repair of Old Circuit House, Campus, Boundary wall& Kitchen in the campus of circuit house Aurangabad	37.492/–	75,000/–	5000/–	As Per Online Requirement	4 माह
	कुल	37.492				

विस्तृत जानकारी के लिए **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,औरंगाबाद

PR. No.002220 (BCD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्याः 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक : 18.06.2024। मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्याः** 1। **निविदा संख्याः टीएन-91-24-25। कार्य का नामः** सियालदह में: वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/कार्य/सियालदह के अधीन डीआरएम बिल्डिंग तथा कंट्रोल बिल्डिंग की रिसती हुई छत का उपचार सहित डीआरएम बिल्डिंग, द्वितीय मंज़िल के ट्रैक सेल कार्यालय का जीर्णोद्धार तथा मरम्मत आदि। **निविदा मूल्यः** ₹ 84,53,687.86। **जमा बयाना राशिः** ₹ 1,69,100। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 06 (छः) महीना। **क्रम संख्याः** 2। **निविदा संख्याः टीएन-92-24-25। कार्य का नामः** मंडल रेल प्रबंधक भवन, सियालदह के पुराने रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण। **निविदा मूल्यः** ₹ 22,07,909.20। **जमा बयाना राशिः** ₹ 44,200। **कार्य पूरा करने की अवधिः** 04 (चार) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 12.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। निविदा खुलने की तारीख एवं समयः **12.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे** (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)।

(SDAH-90/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइटः**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

नीट पेपर लीक मामले को लेकर सियासत तेज

निज संवाददाता

पटना। नीट पेपर लीक मामले को लेकर बिहार में सियासत काफी तेज है। इस बीच, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का भी इस मामले में नाम आने से सियासी पारा हाई हो गया है। आइए आपको उन चार बयानों के बारे में बताते हैं, जो राजद नेता तेजस्वी यादव की टेंशन बढ़ा रहे हैं। इन बयानों ने बिहार की राजनीति में तहलका मचा दिया है। नीट पेपर लीक मामले में पहला आरोपी है नीतीश कुमार। आरोपी नीतीश की सबसे पहले सिंकदर से मुलाकात नगर परिषद दानापुर के कार्यालय में हुई। सिकंदर इस कार्यालय में जूनियर इंजीनियर है। थोड़े से समय में दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इसके बाद सिकंदर यादवेन्दु ने ही नीतीश की मुलाकात नगर परिषद दानापुर के कार्यालय में कार्यरत अमित आनंद से कराई। इस तरह तीनों आपस में दोस्त बन गए। इन दोस्तों के बीच बातों का सिलसिला चला तो तीनों ने रुपये लेकर बच्चों को पास कराने की बात की। अमित ने नीतीश को बताया कि बच्चे को पास कराने के बदले 30-32 लाख रुपये लगते हैं। इसके बाद सिकंदर और अमित आनंद के बीच डील हुई। नीतीश ने बताया कि परीक्षा से एक दिन पहले प्रश्न पत्र लीक करवाकर सभी बच्चों को उत्तर को रटवाया जा रहा था। पूरा बयान पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें। इसके बाद आता है दूसरा आरोपी अमित आनंद। अमित आनन्द ने भी अपने बयान में नीट पेपर लीक कहानी अपने हिसाब से बताई है। अमित ने अपनी सिकंदर से मुलाकात की पूरी कहानी बताते हुए कहा है कि उसे जब जानकारी हुई कि पैसा लेकर नीट परीक्षा को पास कराया जा सकता है, तो खुद सेटर बन गया और सिंकदर के डील फाइनल कर ली। डील हुई कि अमित पेपर सेट करेगा और तय हुए रुपयों पर सिंकदर बच्चों को लेकर आएगा। अमित ने यह भी कहा कि जब काम आगे बढ़ा तो सिकंदर यादवेन्दु द्वारा पूछा गया कि चारों बच्चों को कब बुलाया जाए तो मैंने बताया कि 04 मई 2024 की रात में बुलाइये। इसके बाद नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करवाकर सभी बच्चों को उत्तर के साथ पढ़वाया एवं रटवाया गया। सिकंदर के पकड़े जाने के बाद सारी पोल खुल गई। पूरा बयान पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें। इधर, तीसरे आरोपी सिकंदर यादवेन्दु ने अपने बयान में अमित आनंद और नीतीश कुमार से हुई उसकी मुलाकात की कहानी कुछ और ही बताई है। उसका कहना है कि वह अमित और नीतीश से नगर परिषद कार्यालय में मिला था। अमित और नीतीश ने ही उसे किसी भी परीक्षा/प्रतियोगिता में प्रश्न पत्र आउट कराकर बच्चे को पास कराने की बात बताई थी। उसने यह भी बताया कि नीट परीक्षा पास कराने को लेकर 30-32 लाख रुपये में डील होती है। सिकंदर ने बताया कि उसके पास चार बच्चे थे। डील फाइनल होने के बाद वह इन बच्चों के लिए बीती 4 और 5 मई की रात में प्रश्न पत्र लेकर आया और उत्तर रटवाए गए। पूरा बयान पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें। इसके बाद आता है चौथा आरोपी अनुराग यादव। अनुराग की अपनी एक अलग ही कहानी है। उसने अपने बयान में बताया है कि वह नीट परीक्षा की तैयारी कोटा में एलेन कोचिंग सेंटर में रहकर कर रहा था। यहां बता दें कि नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड सिंकदर उसका फूफा है। सिकंदर ने ही उसे बताया था कि 5 मई को नीट की परीक्षा है। यह भी कहा कि कोटा से वापस आ जाओ। सारी सेटिंग हो चुकी है। अनुराग आगे कहता है कि सिकंदर ने ही उसे 4 मई की रात अमित आनंद और नीतीश कुमार के पास छोड़ दिया था। वहां उसे नीट परीक्षा का प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका दी गई, जिसे रात में पढ़वाया और रटवाया गया। उसने आगे यह भी बताया कि उसका सेंटर डीवाई पाटिल स्कूल में था। बकौल अनुराग, मैं स्कूल में परीक्षा देने गया तो जो प्रश्न पत्र रटवाया गया था, हूबहू वही सवाल परीक्षा में पूछे गए थे।

22 जुलाई से शुरू हो रहा भगवान शिव का प्रिय मास सावन

- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव को जलाभिषेक, रूद्राभिषेक करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।

निज संवाददाता

पटना। भगवान शिव को समर्पित सावन माह 22 जुलाई से आरंभ होगा। सावन में सोमवारी का विशेष महत्व है। इस वर्ष पांच सोमवारी पड़ेगा। 21 जुलाई रविवार को आषाढ़ पूर्णिमा के बाद सावन प्रतिपदा 22 जुलाई को सोमवार पड़ेगा। रक्षाबंधन का पर्व सावन पूर्णिमा 19 अगस्त सोमवार को मनाया जाएगा। ज्योतिष आचार्य पीके युग के अनुसार, इस वर्ष प्रीति योग और सावन नक्षत्र में सावन की शुरुआत होगी। सावन के पहले दिन 22 जुलाई को सुबह से शाम तक प्रीति योग बना रहेगा। पहली सोमवारी 22 जुलाई को और मंगला गौरी व्रत 23 जुलाई को है। दूसरी सोमवारी 29 जुलाई, तीसरी सोमवारी पांच अगस्त, चौथी सोमवारी 12 अगस्त और पांचवीं व अंतिम सोमवारी 19 अगस्त को पड़ेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव को जलाभिषेक, रूद्राभिषेक करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। वहीं, सोमवार को व्रत करने से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है। सावन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी दो अगस्त को शिवरात्रि मनाई जाएगी। श्रद्धालु सावन माह में सात्विक भोजन व व्रत के दिन फलाहार कर शिव की पूजा कर उत्तम फल को प्राप्त करते हैं।

राहुल गांधी की जन्मतिथि पर कांग्रेस का समारोह

निज संवाददाता

पटना। राहुल गांधी की जन्मतिथि पर बुधवार को कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय (सदाकत आश्रम) में आयोजित समारोह में कांग्रेस-जनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर खूब चुटकी ली। संयोग से बुधवार को नालंदा विश्वविद्यालय परिसर के उद्घाटन के लिए मोदी बिहार दौरे पर रहे। चुटकी लेते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि केवल घूम-घूम कर फीता काटने से समाज व बिहार का भला नहीं होगा। इसके लिए ठोस प्रयास करना होगा। नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व के लिए शिक्षा का केंद्र रहा है। ठीक उसी तरह जैसे आज आक्सफोर्ड, कैंब्रिज एवं हार्वर्ड विश्वविद्यालय हैं, लेकिन मोदी के साथ समस्या है कि वे काम की बात नहीं करते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बहुत पहले से मांग करते आ रहे हैं कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाए, लेकिन मोदी को बिहार की सुध ही नहीं। अगर वे बिहार को विशेष दर्जा देते हैं तो कांग्रेस उन्हें धन्यवाद करेगी। अखिलेश के नेतृत्व में कांग्रेस-जनों ने राहुल की तस्वीर के आगे केक काटकर दीर्घायु होने की कामना की। बच्चों के बीच केक के साथ मिठाई का वितरण हुआ। प्रेमचंद्र मिश्रा, राजेश कुमार, लाल बाबू लाल, राजेश राठौड़, आनंद माधव, शरवत जहां फातिमा, ज्ञान रंजन आदि समारोह में उपस्थित रहे। अखिलेश ने कहा कि राहुल गांधी देश के सर्वप्रिय नेता हैं। लोकसभा चुनाव के परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है। अंकगणित में आइएनडीआइए बेशक पिछड़ गया, लेकिन जनता के साथ केमिस्ट्री बनाने में राहुल अव्वल रहे। उनके विचार जन-मानस को उद्वेलित कर रहे, जबकि नरेन्द्र मोदी की विश्वसनीयता धूल चाटने लगी है।

2000 लीटर महुआ पास किया गया नष्ट

डालमियानगर (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के गंगौली स्थित सोन नहर के पास से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 2000 ली. से ज्यादा देसी महुआ पास शराब को बरामद कर विनष्ट किया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी की अध्यक्षता में छापेमारी की गई ,जिसमें मौके से शराब कारोबारी भागने में सफल हुए।

सड़क किनारे खड़े डंफर में यात्री बस ने मारी टक्कर, 10 जख्मी

निज संवाददाता

सासाराम (रोहतास)। के दरिगांव थाना क्षेत्र के एनएच दो फोरलेन पर गुरुवार को एक अनियंत्रित बस ने सड़क किनारे खड़े डंफर में टक्कर मार दिया। जिससे बस में सवार दस यात्री घायल हो गए। सभी घायल नवादा जिले के हैं, जो लखनऊ से नवादा लौट रहे थे। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों घटना की जानकारी एनएचएआई के एंबुलेंस को दिया। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस ने सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी का इलाज चल रहा है। सदर अस्पताल सासाराम के डॉ संजय कुमार ने बताया कि बस तथा डंपर की टक्कर में 10 जख्मी को अस्पताल लाया गया है। जिसमें एक की हालत गंभीर है, अन्य को मामूली चोट आई है। सभी घायल नवादा जिला के अकबरपुर देवरा के बताए गए हैं। यात्री अशोक राजवंशी ने बताया कि वो सभी लखनऊ में मजदूरी करने गए थे। काम खत्म होने के बाद सभी अपने गांव लौट रहे थे। इस बीच तारचंडी के पास दुर्घटना हो गई हैं, जिसमें बस में सवार लोगों को चोट लगी है, जिनका इलाज यहां चल रहा है। दरिगांव थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, अभी किसी के द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

दानापुर नगर परिषद के निलंबित जेई ने रांची में बनाई अकूत संपत्ति

निज संवाददाता

पटना। नीट यूजी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा, अंडर ग्रेजुएट) के पेपर लीक में गिरफ्तार सिकंदर यादवेंदु भले ही दानापुर नगर परिषद में कनीय अभियंता था, लेकिन इसमें काली कमाई से रांची में अकूत संपत्ति बना रखी है। सूत्र बताते हैं कि सिकंदर के कारनामों की जांच के दौरान बिहार और झारखंड की पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। फिलहाल, झारखंड पुलिस के सहयोग से उसकी संपत्ति का ब्योरा खंगाला जा रहा है। संभव है कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में सिकंदर पर एक और मुकदमा हो सकता है। हालांकि, इस बारे में नीट पेपर लीक की जांच कर रही बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की ओर से अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जाता है कि सिकंदर लंबे समय से पेपर लीक करने वाले गिरोह से जुड़ा था। उसका काम गिरोह का अभ्यर्थी मुहैया कराना था। वह प्रति अभ्यर्थी आठ-दस लाख रुपये अधिक वसूलता था। सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार अभ्यर्थी अभिषेक के पिता अवधेश कुमार और सिकंदर यादवेंदु लगभग एक दशक से कई तरह का कारोबार कर रहे हैं। इनके बीच की कड़ी शेखपुरा का रहने वाला धीरज है, जो पटना में रहता है। धीरज और रांची के अनुज के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। साक्ष्य एकत्र करने के बाद रुपयों की हेराफेरी की बाबत एक और प्राथमिकी हो सकती है, जिसमें धीरज और अनुज की गिरफ्तारी भी संभव है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी को रांची के चौड़ी मौजा में सिकंदर के 16 डिसमिल के एक भूखंड की जानकारी हुई है, जिसकी कीमत दो करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा उसकी पत्नी के नाम पर भी 45 डिसमिल जमीन होने की बात सामने आई है। इस तथ्य की पुष्टि के लिए रांची के भूमि निबंधक से वैध दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गौर हो कि पांच मई को सबसे पहले रांची स्थित एक केंद्रीय जांच एजेंसी से पटना पुलिस को नीट यूजी पेपर लीक की सूचना मिली थी। साथ ही सिकंदर की झारखंड रजिस्ट्रेशन नंबर डस्टर कार का नंबर भी बताया गया था, जिसके बाद शास्त्री नगर थाने की पुलिस ने नेहरू पथ पर उसे और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। विभाग ने सिकंदर को निलंबित कर दिया है।

कृषि स्नातक के 15 विद्यार्थी कृषि के प्रतिष्ठित कंपनी में चयनित

निज संवाददाता

जमुहार। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ने शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपनी अद्वितीय पहचान बनाई है। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, अनुभवी शिक्षक, और उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड ने इन्हें उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित स्थान प्रदान किया है। यहाँ के छात्र और शिक्षक, दोनों ही, शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहे हैं, जो इन्हें न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाते हैं। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट के दूसरे चरण में बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के 15 विद्यार्थियों का चयन कृषि की प्रतिष्ठित कंपनी फार्मरफेस ऑर्गेनिक्स टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट प्राइवेट लिमिटेड में हुआ। इसमें 11 छात्र एवं 4 छात्राओं का चयन फार्मर रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. एच. के. सिंह ने बताया कि फार्मरफेस ऑर्गेनिक्स जैसी कंपनी में संस्थान के छात्रों का चयन होना, छात्रों के साथ-साथ संस्थान के शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। प्रो. सिंह के अनुसार, पिछले वर्ष भी संस्थान के छात्रों का चयन कई नामी और प्रसिद्ध कंपनियों में हुआ था। इस अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एम. के. सिंह, सचिव गोविन्द नारायण सिंह, तथा विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ मेंबर मोनिका सिंह ने खुशी व्यक्त की और संस्थान के शिक्षकों को बधाई दी। संस्थान के प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. ए. के. सिंह ने चयनित छात्रों के साथ-साथ प्लेसमेंट सेल के सदस्यों डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. नितेश कुमार सिंह, डॉ. विकाश सिंह, डॉ. प्रशांत कुमार सिंह और डॉ. वरुण मिश्रा के कार्यों की सराहना की तथा आने वाले दिनों में अधिक से अधिक छात्रों को नामी गिरामी एग्रो बेस्ड कंपनियों में चयन दिलाने का भरोसा दिलाया।

दरिगांव में तीन साल बच्ची की हत्या

सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र के कादिरगंज मुहल्ले में साढ़ेतीन साल की बचची की हत्या का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची दरिगांव थाना की पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भे दिया है। मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है, जो मृत बच्ची का अभिभावक बताया जाता है। दरिगांव थानाध्यक्ष ने बताया कि कादिरगंज मुहल्ले में बच्ची की मौत की खबर पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया कि मामले में आशिक इलाही नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि गिरफ्तार आशिक ही बच्ची का देख रेख करता था। बच्ची उसे दो साल पहले लावारिस हालत में धनबाद स्टेशन पर मिली थी, तब से उसे अपने पास रखे हुए था। कहा कि वह नशेड़ी प्रवृति का आदमी है, नशा में ही बच्ची के साथ मारपीट किया है जिससे उसकी मौत हो गई है। बताते हैं कि नशा के कारण ही इसकी पत्नी डेढ़ साल पहले इसे छोड़ कर चली गई है। गिरफ्तार आशिक से पूछताछ की जा रही है।

हीट वेव के कारण 8वीं क्लास तक सभी स्कूल बंद

सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। रोहतास में गर्मी और लू को देखते हुए जिला प्रशासन ने 20 से 22 जून तक रोहतास के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। यह आदेश कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान शिक्षक और अन्य लोग तय समय पर स्कूल आएंगे।

चिराग पासवान पर लट्टू हुई भोजपुरी एक्ट्रेस

निज संवाददाता

पटना। हाजीपुर के नवनिर्वाचित सांसद और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। जिस दिन से उन्होंने केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली है, तभी से उनके वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रहे हैं। कुछ सोशल मीडिया हैंडल पर तो चिराग को 'नेशनल क्रश' तक बताया जाने लगा है। वहीं, अब एक भोजपुरी एक्ट्रेस निशा दुबे ने चिराग पासवान की एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। इसमें चिराग पासवान दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में केंद्रीय मंत्री के रूप में शपत लेते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, वीडियो क्लिप में निशा दुबे भी नजर आ रही हैं। निशा दुबे ने चिराग का वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा- 'यार ये बंदा इतना क्यूट क्यों है'। निशा दुबे ने वीडियो में चिराग पासवान को भी टैग किया। इस वीडियो को 4 दिन पहले शेयर किया गया था, जिसे लाखों लोग देख चुके हैं। वीडियो पर 29 हजार से ज्यादा लाइक्स भी हैं। वहीं, तरह-तरह के कमेंट्स भी आ रहे हैं। दरअसल, राजनीति में आने से पहले चिराग पासवान एक्टर बनने के लिए बॉलीवुड गए थे। चिराग पासवान ने बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत के साथ भी एक फिल्म की थी। हालांकि, वह नहीं चली। चिराग का सिक्का बॉलीवुड में नहीं चला और वापस बिहार आ गए। बिहार आकर उन्होंने अपने पिता रामविलास पासवान के साथ राजनीति शुरू की। अब वह हाजीपुर से सांसद हैं और मोदी कैबिनेट में मंत्री हैं।

लघुकथा दिवस की जानकारी सोशल मीडिया के विश्व विख्यात गुरु गूगल के पास भी नहीं : सिद्धेश्वर

निज संवाददाता

पटना। लघुकथा दिवस 19 जून को क्यों मनाया जाता है और इसका आरंभ कहां और कब हुआ हमारे जैसे बुद्धिजीवियों की स्थिति भी यह है कि बिना ताक झांक किये, बिना पूरी जानकारी लिए, किसी ने कह दिया 19 जून होता है लघुकथा दिवस। फिर क्या, हम लोग मानने लगे 19 जून को लघुकथा दिवस। आज के दिन हम इस तह तक क्यों नहीं गए कि आखिर आज के दिन हम क्यों मनाते हैं लघुकथा दिवस। मैंने गूगल सर्च किया तो पाया कि लघुकथा दिवस की जानकारी सोशल मीडिया के विश्व विख्यात गुरु गूगल के पास भी नहीं है। अखिल भारतीय लघुकथा कक्ष एवं भारतीय युवा साहित्यकार परिषद के तत्वाधान में ऑनलाइन एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिस संगोष्ठी का संचालन करते हुए संयोजक सिद्धेश्वर ने उपरोक्त विचार व्यक्त किया। इस परिचर्चा में कुछ विद्वान साहित्यकारों ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे कि लघुकथा दिवस का औचित्य क्या है। हमारे आमंत्रण पर लघुकथा कलश के संपादक और वरिष्ठ लघुकथाकार योगराज प्रभाकर ने कहा कि-' सिद्धेश्वर जी मैं 19 जून को लघुकथा दिवस के रूप में नहीं स्वीकार करता। 'सबसे पहली बात यह है कि जिनके जन्मदिन पर लघुकथा दिवस मनाई जाती है, उनकी रचना लघुकथा की श्रेणी में आती ही नहीं। तो फिर उनके जन्मदिन पर लघुकथा दिवस क्यों। माधवराव सप्रे जिनके जन्मदिन को लघुकथा दिवस कहते हैं लोग, और जिनकी कहानी 'एक टोकरी भर मिट्टी '(जिसे वे स्वयं नहीं लघुकथा कहते) फिर हम उसे लघुकथा कह कर क्यों प्रसारित कर रहे हैं? क्यों उनकी इस रचना को पहली लघुकथा कहते हैं और इसलिए उनके जन्मदिन को लघुकथा दिवस के रूप में मनाने का षड्यंत्र रचते हैं उनसे पहले रावी की पहली लघुकथा पुस्तक 'मेरे कथा गुरु (एक) और (दो)प्रकाशित हुई थी उसमें प्रकाशित रचनाएं लघुकथा के श्रेणी में आ सकती है तो फिर उनके जन्मदिन पर क्यों नहीं बिहार से डॉ. सतीशराज पुष्करणा और 40 वर्षों से सिद्धेश्वर जी निस्वार्थ भाव से साहित्य साधना कर रहे हैं। लघुकथा आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाए हैं। लेकिन बिहार के कुछ तथाकथित मठाधीश खेमेबाज लघुकथाकार, बिहार में ही आप लोग जैसे लघुकथाकारों को उपेक्षित करने का लगातार षड्यंत्र रच रहे होते हैं, जो साहित्य की गंदी राजनीति का परिचायक है, और मैं ऐसे लोगों से नफरत करता हूं। ऐसे लोग ही लघुकथा दिवस मनाने का आनन फानन में निर्णय ले लिये जो गलत है। मुख्य अतिथि के विचार व्यक्त करने के बाद, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लघुकथा लेखिका डॉ. अनीता रश्मि ने कहा कि-'लघुकथा ने सर्वाधिक विवाद झेला है। लघुकथा तो सबसे प्रतिष्ठित विधा है, सबसे लोकप्रिय लेकिन विवाद भी इसी विधा के हिस्से सबसे ज्यादा आया है। आज भी विवाद थमा नहीं है। आकार-प्रकार, प्रस्तुतिकरण, भाषा आदि कई बातों पर बड़े लघुकथाकार एकमत नहीं हैं। योगराज प्रभाकर जी ने ठीक ही कहा है कि माधवराव सप्रे जी की प्रथम मानी जानेवाली रचना के साथ लघुकथा लिखा ही नहीं था। अब ऐसे में यह विरोध विचारणीय है। इसके लिए सभी प्रसिद्ध लघुकथाकारों को मिलकर विचार करना चाहिए। एकमत होना चाहिए। खेमेबाजी से ऊपर उठकर सहमति बनाकर कार्य करना चाहिए। आपस में बातचीत कर उसके आधार पर निर्णय लेना चाहिए। अन्यथा लघुकथा दिवस मनाना ही नहीं चाहिए।, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ मंजू सक्सेना ने भी योगराज प्रभाकर की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि विश्व लघुकथा दिवस को मातृ दिवस और पितृ दिवस की तरह पश्चिम देशों की नकल बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने योगराज प्रभाकर जी से लघुकथा संबधित अपनी कुछ जिज्ञासा को शांत भी किया। इस गोष्ठी के संयोजक सिद्धेश्वर जी ने डॉ सतीश राज पुष्करणा की प्रशंसा करते हुए कहा कि डॉ पुष्करणा जी ने अपने लघुकथा संग्रह में नये पुराने सभी लघुकथाकारों को स्थान दिया। इसके विपरीत वर्तमान में स्थापित लघुकथाकारो द्वारा संपादित पुस्तक में केवल अपने ही गुट के लघुकथाकारों को स्थान दिया जा रहा है। इस चर्चा में योगराज प्रभाकर जी ने लघुकथा के इतिहास की भी चर्चा की। तथा इस विषय में बहुत महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। तर्पण एवं राइजिंग बिहार की सह संपादक ऋचा वर्मा ने विस्तार से कहा कि लघुकथा दिवस का औचित्य मुझे कुछ खास नजर नहीं आता। अगर लघुकथा दिवस मनाया जाता है तो कहानी दिवस भी मनाना चाहिए, कविता दिवस भी मनाना चाहिए, समीक्षा दिवस, भी मानना चाहिए आलेख दिवस भी मानना चाहिए। यह दिवस की परंपरा सोशल मीडिया के आने के बाद जोर पकड़ी है। मैं तो कहूंगी कि यह पश्चिमी देशों से आयातित की गई है। लघुकथा का इतिहास बहुत पुराना है पंचतंत्र की कथाएं लघुकथाएं हैं मंटो ने भी बहुत सारी लघुकथाएं लिखीं, हरिशंकर परसाई भी लिखा करते थे लघुकथाएं। मेरे विचार से ऐसा नहीं हुआ होगा कि किसी ने एक रूपरेखा बनाई और कहा कि चलो इसी के अनुसार एक कथा लिखो और उसे लघुकथा कहा जाएगा। लघुकथा के स्वरूप में रचनाएं पहले लिखी गईं, फिर उसका नामकरण किया गया ऐसा विश्वास मेरा है। गूगल मीट के माध्यम से फेसबुक के अवसर साहित्यधर्मी पत्रिका मंच पर लघुकथा दिवस के विषय में चर्चाएं हुईं। जो कई मायने से महत्वपूर्ण रही। संगोष्ठी में सोशल मीडिया के माध्यम से नलिनी श्रीवास्तव, राज प्रिया रानी, दुर्गेश मोहन, सपना चंद्रा, सुनील कुमार उपाध्याय, एकलव्य केसरी, रश्मि लहर, ललन सिंह, यतीन्द्र कुमार की भी भागीदारी रही। संगोष्ठी का समापन डॉ मंजू सक्सेना के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन का समापन

निज संवाददाता

जमुहार। चिकित्सा शिक्षा में गुणवत्ता वृद्धि एवं तकनीकी युक्त नए सिलेबस के अनुसार शिक्षक प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार में चल रहे तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन का आज समापन हो गया। नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, डॉक्टर हीरालाल महतो ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयक एवं बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर आशीष वर्मा इस कार्यक्रम के पर्यवेक्षक रहे, जिनके देखरेख में तीन दिनों से चल रहा यह कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। डॉक्टर महतो ने बताया कि तीन दिनों में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विभिन्न विभागों के तीस चिकित्सकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो चिकित्सा विज्ञान के छात्रों को शिक्षा प्रदान करेंगे। नए-नए शोधों एवं आधुनिकतम जानकारी से युक्त प्रशिक्षण प्राप्त कर ये शिक्षक आने वाली पीढ़ी को बेहतर चिकित्सक प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख शिक्षकों में डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर शंभू प्रसाद, डॉक्टर विवेक सिंहा, डॉक्टर अशोक कुमार देव, डॉक्टर नीपेन्द्र आनंद, डॉक्टर रंजन कुमार, और डॉक्टर चंद्रकांत दिवाकर शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, प्राचार्य कार्यालय के प्रधान सहायक प्रमोद कुमार सिंह, मनीष कुमार, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार, एवं रविंद्र कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शराब लदा ट्रक जब्त, 622 लीटर शराब बरामद

निज संवाददाता

नोखा (रोहतास)। स्थानीय पुलिस ने आरा सासाराम पथ रामनगर पेट्रोल पंप के समीप वाहन चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लदे एक ट्रक को जब्त कर लिया। इसके अंदर से 622 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब को यूपी से ट्रक में लादकर सासाराम होते हुए बिक्रमगंज ले जा रहा था। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकर बताया कि गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश की ओर से कुछ तस्कर भारी मात्रा में शराब की खेप लेकर सासाराम होते हुए बिक्रमगंज चौक के पास डिलीवरी देने जा रहा था। सूचना के आधार पर नोखा थाना क्षेत्र के आरा सासाराम पथ पेट्रोल पंप के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने सासाराम से बिक्रमगंज की ओर से आ रही एक ट्रक को रुकवाया तो वाहन चालक शौच का बहाना बना कर भागने लगा।

संक्षिप्त समाचार

खैनी मांगकर रुकवाई बाइक, फिर पेट में मारा चाकू, विरोध करने पर सिर पर लाठी भी मारी

आरा(भोजपुर)। भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के लभुआनी गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप बुधवार को बाइक छिनतई का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मारा गया। चाकू दाहिने साइड पेट में लगा है। परिजन ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद पटना रेफर कर दिया गया है।

जख्मी युवक पीरो थाना क्षेत्र के तिलाठ गांव निवासी संजय राय का 24 वर्षीय पुत्र अमृत राज है। अमृत राज ने बताया कि आरा से बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहा था। लौटने के क्रम में जैसे ही लभुआनी गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप कसाप वाली रोड की तरफ मुड़ा।

पैशन प्रो बाइक पर सवार दो और अपाची बाइक पर सवार दो युवक आए। बाइक रुकवा कर खैनी मांगा। मैंने कहा खैनी नहीं है। जिसके बाद सिर पर डंडा से मारा और मेरी बाइक को डंडे से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बाइक की चाबी छिनने लगे। विरोध किया तो पेट में चाकू मार दिया। प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखकर पटना रेफर कर दिया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी युवक अमृत राज ने उक्त युवकों पर बाइक व चाबी छिनने का विरोध करने पर खुद को चाकू मारने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

गैरेज में चोरी करते पकड़ाए पिता-पुत्र, लोगों ने बांस के पेड़ से बांध पीटा, दोनों अस्पताल में भर्ती

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र के सकरा बाजार स्थित एक गैरेज में चोरी करते पिता और बेटे को स्थानीय लोगों ने पकड़ा। उसकी जमकर पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने दोनों को बंधक बना लिया।पिटाई से दोनों चोर बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिता और पुत्र को एक गैरेज में चोरी करते गैरेज मालिक ने रंगे हाथ दबोच लिया। दोनों को बांस के पेड़ से बांधा, उसकी जमकर पिटाई कर दी। सकरा थाना एसआई शिव जतन कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो चोर को ग्रामीणों ने चोरी करते पकड़ा है। सूचना के बाद घटना पर पहुंच बंधक बने दोनों चोर को ग्रामीणों की भीड़ से निकाल इलाज के लिए पुलिस ने रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे एसकेएमसीएच भेज दिया। दोनों लोगों का नाम पता का सत्यापन नहीं हो पाया हैं। वही गैरेज मालिक के द्वारा अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है।

विद्यालय में बैठी पंचायत, पुलिस ने सुलझाया विवाद

1 दिन पहले की थी मारपीट, शिक्षक-शिक्षका के प्रेम विवाह से भड़के अभिभावक

पूर्णिया। पूर्णिया के बीकोठी स्थित प्राथमिक विद्यालय जंगल टोला में शिक्षक-शिक्षिका के प्रेम विवाह के बाद मंगलवार को हुए हो हंगामे और मारपीट के बाद बुधवार शाम शिक्षक नव दंपती थाने पहुंचे। यहां से पुलिस के संरक्षण में दोनों स्कूल पहुंचे। जहां पब्लिक की मौजूदगी में विवाद सुलझाया गया।

इससे पहले मंगलवार को एक युवती अपने जीजा के साथ स्कूल पहुंच गई और खुद को शिक्षक का प्रेमिका होने का दावा किया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। जिसके बाद दोनों के साथ हल्की मारपीट भी हुई। हालांकि हालात और बेकाबू होते, इससे पहले ही दोनों वहां से भाग निकले। इसके बाद दोनों ने अपना फोन बंद कर लिया था।

पूरा मामला बीकोठी थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जंगलटोला के शिक्षक इंद्रानंद कुमार और शिक्षिका वृश्चिका से जुड़ा है। शिक्षक इंद्रानंद कुमार बिकोठी के निवासी है तो वहीं शिक्षिका वृश्चिका पटना की रहने वाली है। दोनों एक ही स्कूल में बतौर शिक्षक बहाल हैं। मामले को सुलझाने बुधवार को स्कूल में पुलिस की मौजूदगी में पंचायत बैठी। जहां बच्चे के अभिभावकों और ग्रामीणों को समझाते हुए पुलिस ने कहा कि प्रेम प्रसंग में शादी करना कोई जुर्म नहीं और शिक्षक-शिक्षिका सरकारी कर्मचारी हैं। इसलिए इन्हें स्कूल में अपना काम करने दें। इसके बाद भी किसी को आपत्ति हो तो डीईओ से शिकायत कर इनका यहां से तबादला करा दें। हालांकि पुलिस के समझाने और शिक्षक नव दंपती की ओर से अपना पक्ष रखने पर ग्रामीण मान गए। दोनों अब इस विद्यालय पढ़ाएंगे।

गौरतलब है कि जंगलटोला प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक इंद्रानंद कुमार और शिक्षिका वृश्चिका ने 2 जून को घरवालों की मर्जी से प्रेम प्रसंग में पूर्णिया सिटी स्थित मां पूरण देवी मंदिर से शादी कर ली थी। इसके बाद दोनों 18 जून यानी कल जैसे ही स्कूल पहुंचे। ग्रामीण भड़क गए। हंगामा और मारपीट करते हुए दोनों को यहां से चले जाने को कहा।

इस विवाद में खुद को शिक्षक का प्रेमिका बताने वाली युवती ने आग में घी डालने का काम किया। जिससे हालात और बेकाबू हो गए। नाराज अभिभावक और ग्रामीणों ने हो हंगामा और मारपीट शुरू कर दिया। जिसके बाद किसी तरह दोनों खुद को बचाकर भाग निकले थे।

दुबई जाएंगी बिहार की सब्जियां, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया सरकार का प्लान

पटना। बिहार के सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों की सब्जियों को निर्यात करने की तैयारी की जा रही है। इन सब्जियों को दुबई एवं नेपाल को निर्यात करने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। शीघ्र ही यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। सहकारिता विभाग में बुधवार को सब्जी उत्पादन एवं प्रसंस्करण की समीक्षा बैठक के बाद सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी देश में खेती किसानी को बढ़ावा देने के लिए काफी काम करते हैं। किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर साल 6 हजार की राशि दी जाती है। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्योग विभाग एवं कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करें। व्यवसाय विकास के लिए तीनों संघों को योजना बनाकर उपलब्ध कराएं। भारतीय सब्जी अनुसंधान केन्द्र वाराणसी में तीनों संघों को निबंधन कराएं ताकि सब्जी उत्पादक समितियों को प्रशिक्षण मिले। मंत्री ने कहा कि इससे किसानों को सीधे फायदा मिलेगा। लोकल मार्केट से बाहर भेजने पर कीमत अच्छी मिलेगी और उनकी आमदनी बढ़ जाएगी। सबजी का व्यवसाय करने वालों की भी कमाई होगी। उन्होंने कहा कि सब्जी निर्यात के लिए बिहार में निर्यात नीति के निर्माण की आवश्यकता है। राज्य में सब्जी निर्यात की प्रक्रिया शुरू होने से सहकारी समितियों के विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा। यह सहकारी समितियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। राज्य के सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों एवं संघों के कार्य संचालन के लिए कार्यालय की उचित व्यवस्था की जाए। जिन समितियों के पास भवन निर्मित हो चुके हैं, वे इस भवन से तथा जहां निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ वे किराये पर भवन लेकर कार्य संचालन करें।

पटना-गया सहित 9 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

पटना। भारतीय रेल बेरोजगार युवाओं की सहूलियत के लिए ट्रेन चलाने जा रही है। डिप्लोमा सर्टिफिकेट एंट्रेस कंपीटिटिव एक्जाम को देखते हुए नौ जोड़ी परीक्षा विशेष ट्रेनें चलेंगे। 03397 पटना-गया अनारक्षित परीक्षा स्पेशल 21, 22 एवं 23 जून को पटना जं. से रात 01.00 बजे और वापसी में गया से 21, 22 व 23 जून को रात 8.00 बजे खुलेगी। इनका परिचालन कराने के पीछे मकसद है कि इन कंपीटिटिव परीक्षा में शामिल होने वाले लड़के लड़कियों को कोई दिक्कत या असुविधा नहीं हो। परीक्षा के समय ट्रेन पर अचानक काफी लोड बढ़ जाता है। इससे न सिर्फ विद्यार्थियों को दिक्कत होती है बल्कि, सामान्य यात्रियों की यात्रा भी भीड़ के कारण सुगम नहीं रह पाती। इन कारणों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

गाड़ी सं. 03205 पटना-डीडीयू अनारक्षित परीक्षा स्पेशल 21, 22 एवं 23 जून, 2024 को पटना जं. से 01.00 बजे खुलेगी। वापसी में 21, 22 एवं 23 जून को डीडीयू से शाम 7.30 बजे खुलेगी। पटना से कटिहार स्पेशल 21, 22 एवं 23 जून को पटना जं. से शाम 3.00 बजे चलेगी। सहरसा से पटना के लिए 21 एवं 23 जून को रात 8.30 बजे स्पेशल खुलेगी। वापसी में 22 एवं 24 जून को शाम 7.10 बजे खुलेगी। रक्सौल-पटना, बेतिया-पटना, मुजफ्फरपुर-छपरा अनारक्षित परीक्षा स्पेशल, मुजफ्फरपुर -भागलपुर स्पेशल 21 एवं 23 जून को मुजफ्फरपुर से रात 10.30 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 04.30 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05267 भागलपुर-मुजफ्फरपुर अनारक्षित परीक्षा स्पेशल 22 एवं 24 जून को भागलपुर से शाम 7.30 बजे खुलकर अगले दिन रात 12.45 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।

इन ट्रेनों के परिचालन से परीक्षा देने जाने और घर लौटने में अभ्यर्थियों को काफी सुविधा होगी। वे आसानी से अपने परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुंच सकते हैं। इंडियन रेलवे का यह कदम नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं और युवतियों के लिए काफी अच्छा है।

गया में मालगाड़ी से कटकर राजस्थान के शख्स की मौत

पत्नी को लेने ससुराल आया था, मां बोली-ट्रैक क्रॉस करते वक्त चल पड़ी गुड्स ट्रेन; हाथ-पैर कटे

गया।पंडित दीनदयाल उपाध्याय के गया रेलखंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के डाउन लूप लाइन में खड़ी मालगाड़ी के अंदर से प्लेटफार्म पार करने के दौरान ट्रेन से कटकर राजस्थान के टोंक के रहने वाले शख्स की मौत हो गई।

मृतक की पहचान मो. शहजाद के 35 वर्षीय बेटे फारूक के रूप में हुई है। घटना बुधवार रात की है। मां ने बताया कि गया में ससुराल है। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी को लेने के लिए आया था, लेकिन ससुराल वालों ने मारपीट कर भगा दिया। रफीगंज में एक परिवार के यहां हम लोग थे। रात में टिकट बनवाने के लिए जा रहे थे कि लूप डाउन में मालगाड़ी ट्रेन खड़ी थी। पुल से प्लेटफार्म न चढ़कर अंदर से मेरा लड़का पार कर रहा था। इसी बीच ट्रेन की सिग्नल हुई और ट्रेन चालू हो गई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ एक केसरी ने बताया कि शव के दोनों पैर और एक बांया हाथ पूरी तरह से कट गया था, जिसके चलते उसका काफी खून निकल गया और मौत हो गई। प्राथमिक उपचार बाद बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर किया गया था, लेकिन मगध मेडिकल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

हथियार के साथ फर्जी गार्ड को किया गिरफ्तार, कारतूस भी बरामद

टोल प्लाजा पर नकली लाइसेंस बनाकर कर रहे थे ड्यूटी

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर पुलिस ने मनियारी टोल प्लाजा पर नकली दो सिक्योरिटी गार्ड को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। दोनों गार्ड नकली लाइसेंस बनाकर लगभग 15 वर्षों से ड्यूटी कर रहे थे। मामले को लेकर डीएसपी पश्चिम 2 एसी ज्ञानी ने बताया कि टोल प्लाजा का फर्जी लाइसेंस लेकर फर्जी सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम कर रहे हैं।

जब लाइसेंस का सत्यापन कराया गया तो फर्जी लाइसेंस पाया गया।एक लाइसेंस गोपालगंज का बना हुआ है। इनके पास दोनाली बंदूक और कारतूस बरामद किया गया है।

रैकेट में और भी लोग शामिल हो सकते

पूछताछ में बताया कि कैच सिक्योरिटी

कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड है।इसेके माध्यम से ड्यूटी यहां कर रहे है। वहीं से वेतन भुगतान होता है। लाइसेंस के वेरिफिकेशन के बाद ही ड्यूटी यहां लगाया गया था। मामले में प्रथम दृष्टया सिक्योरिटी कंपनी है। इनके विरुद्ध साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। अगर दोषी पाए जाते तो उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। इस रैकेट में और भी अन्य लोग हैं जो फर्जी लाइसेंस और दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। उसकी गिरफ्तारी को लेकर आगे कार्रवाई की जा रही है। जिनकी गिरफ्तारी हुई वे मदन यादव भोजपुर के साहपुर थाना निवासी और सुनील कुमार औरंगाबाद के निवासी हैं। 2009 में लाइसेंस बनाकर सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम कर रहे थे।

विशाल मेगा मार्ट के सामने से चुरा ली बाइक, मास्टर की लगा ले गया चोर; सीसीटीवी में कैद घटना

औरंगाबाद। औरंगाबाद के एम.जी रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट में एक चोर ने बड़ी आसानी से बाइक चोरी की और फरार हो गया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। फुटेज में देखा जा सकता है कि एक चोर बाइक की लॉक खोलने का प्रयास कर रहा है तो दूसरा लोगों पर नजर रख रहा है। घटना को लेकर फेसर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी चंदन कुमार ने नगर थाना में तहरीर समर्पित कर बाइक खोजबीन की मांग है। उसने बताया कि मार्ट के आगे वह अपनी बाइक खड़ी कर कुछ सामग्रियों की खरीदारी करने अंदर गया जब वापस लौटा तो देखा कि उसकी बाइक उस जगह से गायब थी। इस दौरान उसने अपने स्तर से काफ़ी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। उसने बताया कि चोर ने संभवतः मास्टर चाबी का इस्तेमाल किया होगा, क्योंकि हमारी बाइक लॉक थी। इधर, थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एक युवक की शिकायत पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसका एक सीसीटीवी भी सामने आया है।

बिहार के बेरोजगारों के लिए खुशखबरी, मेला लगाकर बांटी जाएंगी नौकरियां

पटना। राज्य के बेरोजगारों के लिए अच्छी खबर है। श्रम संसाधन विभाग ने नियोजन सह मार्गदर्शन मेला के माध्यम से रोजगार देने का निर्णय लिया है। इसके लिए नीतीश सरकार की ओर से जिलों में एक दिवसीय नियोजन सह मार्गदर्शन मेला लगाया जाएगा। इसे रोजगार मेला के नाम से भी जाना जाता है। विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए 14 जिलों में लगने वाले रोजगार मेला का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विभाग के अनुसार इस वर्ष रोजगार मेला की शुरुआत कैमूर से होगी। नीतीश कुमार की सरकार राज्य में दस लाख नौकरी और दस लाख रोजगार देने के लिए कृतसंकल्पित है। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दावा करते हैं कि बिहार में नौकरी और रोजगार देने की शुरूआत तब हुई जब आरजेडी सत्ता में आई।

दी गई जानकारी के मुताबिक कैमूर में 24 जून को

रोजगार मेला का आयोजन होगा। इसी तरह डालमियानगर में 26 जून, बक्सर में 27 जून, भोजपुर में 28 जून, औरंगाबाद में 29 जून को रोजगार मेला का आयोजन होगा। जबकि गया में एक जुलाई, नवादा में तीन जुलाई, नालंदा में चार जुलाई, शेखपुरा में पांच जुलाई, खगड़िया में छह जुलाई, बेगूसराय में आठ जुलाई, समस्तीपुर में 10 जुलाई, दरभंगा में 11 जुलाई और मधुबनी में 12 जुलाई को नियोजन सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन होगा। मेला में शामिल होने वालों को एनसीएस पोर्टल पर निबंधन जरूरी है। निबंधन नहीं करने वालों को मेला स्थल पर भी निबंधन की सुविधा दी जाएगी। दरअसल इन दिनों बिहार में नौकरी और रोजगार राजनीति का मुख्य मुद्दा बना हुआ है। एनडीए और विपक्षी महागठबंधन के नेता बिहार के बेरोजगारों को नौकरी देने को लेकर एक दूसरे की खिचाई करते रहते हैं। नीतीश कुमार दावा करते हैं कि पिछले दिनों जो भी नौकरियां दी गईं वे सभी उनकी सरकार ने दिए। उनकी सरकार की यह पूर्व की योजना थी। इसमें राजद के नेताओं का कोई योगदान नहीं है। जबकि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दावा करते हैं कि 17 महीनों को सरकार में डिप्टी सीएम रहते उन्होंने पांच लाख से ज्यादा बेरोजगारों को नौकरी दिलाई। लोकसभा चुनाव में बिहार में यह मुद्दा छाया रहा और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बनकर उभरेगा।

पुलिस की पिटाई से घायलों से मिलने पहुंचे अजय मंडल

पीड़ितों से बोले डॉक्टर-नाटक कर रहे तुम लोग, कुछ नहीं हुआ है...सभी का नाम काटो

भागलपुर। भागलपुर के गोराडीह थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए किसान हत्या मामले में पुलिस ने 7 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान मारपीट की थी। मारपीट की घटना में 6 लोग घायल हुए थे। जिसका इलाज शुक्रवार से ही मायागंज अस्पताल में चल रहा था। बुधवार को दो डॉक्टरों ने पीड़ित को डिस्चार्ज और घर जाने को कहा।

पीड़ित द्वारा कहा गया कि अभी हम चलने लायक नहीं है। हम घर कैसे जाएंगे? काफी रिक्वेस्ट और जनप्रतिनिधियों के पैरवी पर उन्हें फिर से भर्ती किया गया। मामले को लेकर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि ऐसा कोई बात नहीं है, सभी घायल मायागंज अस्पताल में ही भर्ती हैं।

पीड़ित का बयान: घायल धनेश्वर दास ने बताया कि ड्रामा वार्ड में दो लोग आए दोनों ने पूछा कि क्या हुआ है? आपबीती बताने पर उन्होंने कहा कि यह लोग नाटक कर रहे हैं। सभी को डिस्चार्ज करो, नाम काट दो। इसके बाद उन्होंने रिक्वेस्ट किया तो एक्स-रे के कागजात ले लिया। पीड़ित ने कहा कि हमने जख्म के निशान को दिखाया, कहा मैं चलने के लायक अभी नहीं हूं। अभी मुझे क्यों डिस्चार्ज कर रहे हैं? इसके बाद उन्होंने कागजात लेकर चले गए।

घायल से मिलने पहुंचे सांसद अजय

मंडल: जदयू सांसद अजय मंडल घायल से मिलने बुधवार को मायागंज अस्पताल पहुंचे। जहां पर पीड़ित से उन्होंने मुलाकात की। परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाया। कहा, दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। अजय मंडल ने बताया कि एसपी से निवेदन किया गया है कि दोषियों पर कार्रवाई की जाए इस मामले में पुलिस काम कर रही है। दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। इधर, स्पेशल सेल के एक अधिकारी परिजनों से पूछताछ करने के लिए पहुंचे। पूछताछ करने आए अधिकारियों ने बताया कि हमने यहां से पीड़ित से बयान ले लिया है आगे से फॉरवर्ड की प्रक्रिया कर रहे हैं।

बेटी के शादी में लिए कर्ज के टेंशन में है पीड़ित : सात घायल में शामिल एक घायल संदीप दास भी है जो अपने बेटी के शादी के लिए कर्ज पर पैसा लिए थे। तीन लाख कर्ज हैं। पुलिस ने उसे परेशान किया। तीन दिन से घायल मायागंज अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। घर में कमाने वाले सिर्फ वही थे, मजदूरी कर घर का भरण पोषण करते थे। अस्पताल में एडमिट हो जाने के कारण घर की दहनीय स्थिति खराब हो चुकी है। पत्नी और बेटे घर पर ही है। अकेले मायागंज अस्पताल में इलाज चल रहाहै। उन्होंने आगे बताया कि हम मजदूरी करते थे, तो कर्ज वाले को भी पैसे देते थे और घर में राशन भी आता था।

विचार-मंथन

संपादकीय

नीट से न्याय

नीट या मेडिकल प्रवेश परीक्षा विवाद को सुलझाने की कवायद जारी है, इसी कड़ी में सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन को चुनौती देने वाली सात याचिकाओं को स्वीकार कर लिया। खास यह कि एक याचिका में इस बार के नीट-यूजी परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग की गई है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के अलावा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी या एनटीए से भी जवाब मांगा है और अगली सुनवाई 8 जुलाई को बड़े फैसले की उम्मीद है। अब तक के घटनाक्रम से यह तो बिल्कुल साफ हो गया है कि इस बार की प्रवेश परीक्षा में कुछ बड़ी कमियां रह गई हैं। इस बात के भी स्पष्ट संकेत हैं कि परीक्षा के साथ कोई न कोई गंभीर खिलवाड़ हुआ है। यह सुखद है कि एनटीए ने भी ग्रेस मार्क्स के खेल पर ध्यान दिया है और 1,563 छात्रों को फिर टेस्ट में बैठना पड़ेगा। टेस्ट का यह फैसला न्यायोचित है, जिन बच्चों के साथ ग्रेस मार्क्स की वजह से नाइंसाफी हुई है, उन्हें अब न्याय मिलने की संभावना बढ़ गई है। बहरहाल, पूरी परीक्षा को नकार देने की कवायद ठीक नहीं है। लाखों विद्यार्थियों ने बहुत संसाधन और समय लगाकर परीक्षा दी है, उनके साथ न्याय होना चाहिए। अक्सर ऐसा होता है कि जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं होते, वे फिर से परीक्षा की मांग करते हैं, पर यहां किसी भी परीक्षा को न्यायोचित ढंग से ही देखना चाहिए। यहां भावना के ज्यादा मायने नहीं हैं। परीक्षा नियम-कायदे का मामला है, उसकी गुणवत्ता के साथ किसी भी तरह का समझौता किसी अन्याय से कम नहीं है। बहरहाल, कहीं न कहीं कुछ अन्याय हुआ है, तभी तो जगह-जगह उच्च न्यायालयों में परीक्षा को चुनौती दी गई है और एनटीए उचित ही चाहता है कि तमाम मामलों की सुनवाई एक ही जगह सर्वोच्च न्यायालय में हो। कोई आश्चर्य नहीं, एनटीए की ऐसी ही मांग पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया गया है। इस पर भी 8 जुलाई को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ व न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाश पीठ को पूरी कड़ाई के साथ प्रश्नपत्र लीक और कदाचार की सुनवाई करनी पड़ेगी। एक बड़ा खतरा यह है कि अगर कदाचार का सहारा लेने वाले माफिया अभी बच गए, तो मेडिकल प्रवेश परीक्षा पर हमेशा के लिए दाग लग जाएगा। यह संभव है कि इस कदाचार में एनटीए के भी कुछ लोग लिप्त रहे हों, अत- एनटीए की जांच पैनल पर कितना भरोसा किया जाए, यह फैसला अदालत को ही करना चाहिए। यह मांग शायद उचित है कि जांच अदालत की निगरानी में होनी चाहिए। अपने देश में मेडिकल की पढ़ाई का खर्च कई निजी संस्थानों में करोड़ों रुपये में पहुंच गया है।

टेस्ट मैच के खिलाड़ी नीतीश! अंतिम गेंद तक बनाते हैं रणनीति

राजनीति में कोई हमेशा न तो दोस्त होता है और न ही दुश्मन। इस बात का एहसास बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने धुर विरोधी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ दो-दो बार सरकार बना कर पुष्ट कर डाला। 'अविश्वसनीय राजनीति' के साथ नेशनल पॉलिटिक्स में सीधी दखलंदाजी वाली पाली पर विराम लगाते ही, नीतीश कुमार की चुप्पी को सियासी गलियारों में आवाज मिलने लगी है। इस आवाज को तब बल मिला, जब एक फ्लाइट में सफर कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपने बगल में बिठा लिया। ये वो समय था, जब केंद्र में मंत्रियों की संख्या और विभाग को लेकर जदयू की राजनीति के स्वर मध्यम हो गए थे। नीतीश कुमार दो ध्रुवी राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। काफी संयमित होकर हर छोर की राजनीति के साथ समन्वय बना कर चलते हैं। हाल ही में फ्लाइट में तेजस्वी यादव को पीछे से अपने साथ बिठाने का कोई एक मकसद नहीं था। एक तो भाजपा का कान खड़खड़ाए और दूसरा ये कि धुर विरोधी तेजस्वी यादव से संवादहीनता न आए। नीतीश कुमार की राजनीति का एक पहलू ये भी है कि संख्या बल का दबाव सहयोगी दल पर बना रहे। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी के 'पीएम पद का ऑफर' वाले बयान को इससे जोड़ कर देखा जा सकता है। इस बयान का मतलब इंडिया गठबंधन की तरफ एक खिड़की खोलना भी है। वैसे भी क्रिकेट की भाषा में बात करें तो नीतीश कुमार टेस्ट मैच के खिलाड़ी रहे हैं। बल्लेबाजी धीमी करते हैं। ट्वेंटी-ट्वेंटी की तरह हर बॉल पर छक्का मारने की फिराक में नहीं रहते। ये नीतीश कुमार की डिफेंसिव तकनीक है।

प्रधानमंत्री खुद को कितना बदल पाएंगे, क्या शासन शैली में भी आएगा परिवर्तन!

(रामचंद्र गुहा)

करीब एक साल पहले यानी 1 जुलाई, 2023 को इसी पेज पर छपे एक लेख में मैंने लिखा था कि मुझे भारतीय लोकतंत्र में बदलाव की उम्मीद है। मुझे लगता था कि लोकसभा में किसी एक पार्टी को बहुमत नहीं मिलेगा। हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री स्वाभाविक रूप से सत्तावादी हैं। उनकी पार्टी को आम चुनावों में दो बार मिले बहुमत से उनके व्यक्तित्व के इस पहलू को बल मिला है। हालांकि जुलाई 2023 में या उसके कुछ महीनों बाद तक मैं संशय में था कि यह उम्मीद सच होगी या नहीं। फरवरी, 2024 में 'फॉरेन अफेयर्स' में छपे एक लेख में प्रधानमंत्री की नीतियों की आलोचना की गई थी। मैंने टिप्पणी करते हुए कहा था कि 'इंडिया' गठबंधन को मोदी और भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। हां, इतनी उम्मीद की जा सकती है कि 'इंडिया' गठबंधन संसद में भाजपा के बहुमत में सेंध जरूर लगा सकता है। उसके कुछ समय बाद उत्तर भारत को बहुत करीब से जानने वाले पत्रकार अनिल माहेश्वरी ने मुझे बताया कि विपक्ष न सिर्फ संसद में भाजपा के बहुमत में सेंध लगाएगा, बल्कि उसे खत्म भी कर देगा। 25 फरवरी, 2024 को अनिल माहेश्वरी ने मुझे लिखा, मैं इस बात को लेकर डरा हुआ हूं कि आपकी उम्मीद गलत हो सकती है। वामपंथी और उदारवादी जमीनी हकीकत को समझ नहीं पाए और भाजपा को लगभग 230 सीटें मिल सकती हैं। एक सप्ताह बाद फिर माहेश्वरी ने यह लिखा, मोदी अपने राजनीतिक स्वभाव में तानाशाही गुणों के साथ अनिर्णय से ग्रस्त हैं। यह बात मेरे इस कथन को मजबूत करता है कि भाजपा की ताकत 230 सीटों तक कम हो सकती है। 18 मार्च को माहेश्वरी ने पुन- मुझे एक ई-मेल भेजा, जिसमें लिखा था, भाजपा को 230 सीटें मिलेंगी, जिनमें उत्तर प्रदेश में 80 में से 30 सीटें शामिल हैं। राहुल गांधी की क्षमताओं के बारे में मेरे मन में कई तरह की आशंकाएं हैं, फिर भी वह एकमात्र ऐसे गैर-भाजपाई नेता हैं, जो सड़क पर उतरे हैं और अच्छी-खासी भीड़ को अपनी ओर खींचने में सफल रहे हैं। अनिल माहेश्वरी ने चुनाव शुरू होने से एक महीने पहले यह भविष्यवाणी कर दी थी। जुलाई, 2023 में मैंने आशा के विपरीत उम्मीद जताते हुए कहा था कि

> *जैसे कि संसद में बहस के लिए ज्यादा समय देंगे, दूसरी पार्टियों द्वारा शासित राज्यों में राज्यपालों के हस्तक्षेप को कम करेंगे। उनके वरिष्ठ मंत्री या स्वयं मोदी भी मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से अपमानित नहीं करेंगे। हालांकि उनकी शासन-शैली में कोई बदलाव आएगा या नहीं, यह कहना अभी संभव नहीं है। उनकी प्रवृत्ति सत्ता का केंद्रीकरण करने की रही है।*

गठबंधन की सरकार आएगी। भारत बहुत बड़ा और विविधताओं वाला देश है। इसे सहयोग और सलाहों के बिना चलाया ही नहीं जा सकता है। हालांकि संसद में ज्यादा बहुमत होने से सत्ता पक्ष में अहंकार आ जाता है। बहुत अधिक बहुमत वाला प्रधानमंत्री अपने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता है, विपक्ष का अनादर करता है, प्रेस पर लगाम लगाता है, संस्थानों की स्वायत्तता को खत्म करता है और नहीं तो कम से कम राज्य के हितों और अधिकारों की अनदेखी करता है। खासतौर पर उन राज्यों की, जहां किसी और पार्टी का शासन रहता है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले मैंने इंदिरा और राजीव गांधी की सरकारों को देखा है, जिनमें प्रचंड बहुमत के कारण सत्तावादी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लक्षण मिलते हैं। दूसरी तरफ मैंने गठबंधन सरकारों को भी देखा है, जब प्रेस और न्यायपालिका अधिक स्वतंत्र थे और नियामक संस्थाओं पर नियंत्रण करने की कोशिश कम थी। 1989 से 2014 के बीच किसी भी एक पार्टी को संसद में बहुमत नहीं मिला था। इस दौरान सात प्रधानमंत्री हुए, जिनमें से चार- वीपी सिंह, चंद्रशेखर, देवगौड़ा और गुजराल दो साल से भी कम समय तक कार्यालय में रहे। दूसरी तरफ, तीन प्रधानमंत्रियों ने पांच साल के कार्यकाल पूरे किए, जिनमें नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह शामिल हैं। अब मोदी तीसरे कार्यकाल में उन प्रधानमंत्रियों की श्रेणी में आ गए हैं, जिन्होंने बिना पूर्ण बहुमत के सरकार चलाई। हालांकि उनसे पहले के प्रधानमंत्रियों ने अपने अनुभव और स्वभाव के चलते प्रभावी तरीके से सरकार चलाई। नरसिम्हा राव ने प्रधानमंत्री बनने से पहले इंदिरा और राजीव गांधी की कैबिनेट में लंबे समय तक काम किया। वाजपेयी प्रधानमंत्री बनने से पहले मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी की सरकार में विदेश मंत्री रहे। मनमोहन सिंह ने भी प्रधानमंत्री के पद पर आने से पहले नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में काम किया था। इसके अलावा राव, वाजपेयी और मनमोहन ने सरकार से बाहर रहते हुए विपक्षी सांसदों की भूमिका भी निभाई। एक प्रचारक और पार्टी के संगठनकर्ता के तौर पर मोदी ने कई वर्षों तक अन्य लोगों के साथ या उनके अधीन भी काम किया, लेकिन जब से उन्होंने चुनावी राजनीति में कदम रखा, वह कभी भी मात्र विधायक या सांसद नहीं रहे। यहां तक कि राज्य या केंद्रीय स्तर पर मंत्री भी नहीं रहे। 2001 से उन्होंने खुद को मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के रूप में ही देखा है। पिछले कुछ सालों में उन्होंने खुद को बॉस, टॉप बॉस, सोल और सुप्रीम बॉस के रूप में देखा है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने खुद को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसने एक बहुत बड़े पंथ का निर्माण किया है या एक ऐसा नेता, जो अपने दम पर पहले अपने राज्य और फिर देश को समृद्धि के शिखर पर ले जाएगा। राज्य और केंद्र, दोनों जगहों पर उन्होंने किसी भी नई परियोजना के शुरू होने या उसके पूरे होने का हमेशा श्रेय लिया, चाहे वह पुल हो, हाईवे हो, रेलवे स्टेशन हो, खाद्य सब्सिडी हो या कुछ और। नरसिम्हा राव और वीपी सिंह का व्यक्तित्व आत्मसंतुष्ट और संयमित था। वाजपेयी का व्यक्तित्व अधिक करिश्माई था, लेकिन उन्होंने कभी भी खुद को पार्टी का केंद्र-बिंदु नहीं माना, अपनी सरकार या देश का तो बिल्कुल भी नहीं। इस तरह देखा जाए तो ये तीनों ही अपने अनुभव और स्वभाव के आधार पर कैबिनेट के सहयोगियों और विपक्ष के साथ सलाह-मशविरा कर काम करने के लिए तैयार रहते थे। देखा जाए तो प्रधानमंत्री को स्वयं जीत की हैट्रिक लगाने की पूरी उम्मीद थी, इसलिए उन्होंने इस बात की घोषणा पहले ही कर दी थी कि नए सिरे से पदभार संभालने पर वह पहले सौ दिनों के एजेंडे पर तेजी से काम करेंगे। 'द इकोनोमिक टाइम्स' ने 10 मई को इस बात का दावा किया कि 'मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में 100 दिनों के एजेंडे में 50 से 70 लक्ष्य निर्धारित करेंगे।' ध्यान देने योग्य बात है कि यहां अपेक्षा की गई थी कि पिछले तेईस वर्षों से गांधीनगर और नई दिल्ली जो कुछ चल रहा था, सब कुछ वैसे ही बना रहेगा। हालांकि जिस मोदी 3.0 की बात की गई, वह अप्रत्याशित तरीके से एनडीए 2.0 निकला। इस बात से यह सवाल उठता है कि क्या बहुमत के बिना मोदी कैबिनेट मंत्रियों, अपने सांसदों के प्रति नरम रवैया अपनाने में, विपक्ष को सम्मान देने में और उन राज्यों की सरकारों को, जहां सरकार उनकी पार्टी की नहीं है, उन्हें सम्मान देने में राव एवं मनमोहन का अनुकरण कर सकते हैं। इन सवालों के जवाब मिलने में शायद कई महीने या साल लग सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि जल्द ही नरेंद्र मोदी अपनी शासन-शैली में बदलाव लाएंगे।

प्यासी दिल्ली पर लड़ाई हुई सियासी

(पुष्पेंद्र कुमार)

दिल्ली में पानी की किल्लत पर एक तरफ तो आम जनता परेशान है तो वहीं दूसरी तरफ राजनीति भी इसे लेकर बेचैन है। भारतीय जनता पार्टी आज दिल्ली सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर गई है। दिल्ली में पानी की कितनी कमी है, इस बात को केवल वही समझ सकता है जिसे टैंकर आने के बाद बाल्टी और डब्बे लेकर उस टैंकर के पीछे भागना पड़ता है। आइए अब जानते हैं कि दिल्ली हर साल जल संकट से क्यों जूझती है और पानी कहां से मिलता है। दिल्ली में इस समय पारा काफी हाई है। इसी वजह से पानी की मांग लगातार बढ़ती ही जा रही है और भूजल का स्तर भी काफी नीचे जा चुका है। इसके साथ ही दिल्ली के ट्यूबवेल और रेनी कुएं, आसपास की नदियां सूख गई हैं। इसके अलावा जल प्रदूषण भी एक बड़ी वजह है। नदियो, झीलों और दूसरे जल स्रोतों में बढ़ते प्रदूषण की वजह से उनका पीने लायक नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी में रोजाना 129 करोड़ गैलन पानी की जरूरत होती है और दिल्ली जल बोर्ड केवल 1000 एमजीडी पानी ही उत्पादन करता है। दिल्ली के पास पानी का खुद का कोई भी सोर्स नहीं है। इसी वजह से उसे पड़ोसी राज्यों के भरोसे पर रहना पड़ता है। डीजेबी के आंकड़ो के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को रोजाना 129 करोड़ गैलन पानी की जरूरत होती है और ज्यादातर पानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब से मिलता है। दिल्ली को हरियाणा से यमुना नदी से, पंजाब से रावी-ब्यास नदी के अलावा भाखड़ा-नांगल और उत्तर प्रदेश से गंगा नदी से पानी मिलता है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश से ऊपरी गंगा नहर के जरिए गंगा नदी से दिल्ली को 470 क्यूसेक (लगभग 254 एमजीडी) पानी मिल जाता है। हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करने वाले दो चैनल- कैरियर लाइन्ड चैनल और दिल्ली सब ब्रांच यमुना और रावी-ब्यास नदियों से पानी की आपूर्ति करते हैं। दिल्ली का जल संकट कोई आज की बात नहीं है। यह विवाद करीब 3 दशक पहले शुरू हुआ था। साल 1995 में दिल्ली के लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने के लिए एक पर्यावरणविद कमोडोर सुरेश्वर धारी सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था। उन्होंने कोर्ट में एक पीआईएल दायर की थी। सिन्हा ने इस याचिका में कहा कि यमुना नदी के पानी के प्रवाह को ठीक बनाने की मांग की थी। सिन्हा ने तर्क दिया कि पीने के पानी को बाकी किसी दूसरी चीजों के मुकाबले ज्यादा तवज्जों दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सिन्हा के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए पानी का अधिकार दूसरी बाकी चीजों से ज्यादा जरूरी है। दिल्ली ज्यादा पानी की हकदार है। इसके अलावा कोर्ट ने हरियाणा को आदेश दिया कि पूरे साल दिल्ली को जरूरी मात्रा में पानी देना होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नहर प्रणाली में रिसाव को बंद करके राजधानी की बढ़ती पानी को जरूरतों को पूरा करने के लिए दिल्ली और हरियाणा के बीच में एक जरूरी पहल की शुरुआत की। दिल्ली में जल संकट को लेकर सियासी दल एक-दूसरे पर हमला बोलने में लगे हुए हैं। एक तरफ जहां बीजेपी मटका फोड़ प्रदर्शन कर रही है। वहीं, आम आदमी पार्टी लगातार बीजेपी को टारगेट करने में जुटी हुई है। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि टैंकर माफियाओ पर लगाम नहीं लगाई जा रही है। अगर यह दिल्ली सरकार के हाथ में होता तो बहुत पहले ही लगाम लग चुकी होती। उन्होंने आगे कहा कि टैंकर माफिया पर लगाम इसलिए नहीं लगाई जा रही है क्योंकि हरियाणा पुलिस और दिल्ली पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है। आतिशी ने यह भी आरोप लगाया कि राजधानी में पाइपलाइन काटने की साजिश हो रही है। आतिशी ने कहा कि साउथ दिल्ली में पाइपलाइन में साजिशन 6 बोल्ट काटे गए, दिल्ली में पानी की परेशानी बढ़ाने के लिए षड्यंत्र हो रहा है। इस षड्यंत्र के कारण साउथ दिल्ली में आज 25 फीसदी पानी की कमी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के जल संकट के मुद्दे पर कहा कि राज्यों के बीच में यमुना जल का बंटवारा एक बेहद ही जटिल मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट के पास फॉर्मूला तय करने की विशेषज्ञता नहीं है।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5407

			7		9		2	
		9	2	1	6			5
5			8		4			
	6					4		
3	7			4			6	1
		2					5	
			9					3
7			3	8	5	2		
	3		4		1			

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5406

8	5	3	2	4	1	6	9	7
9	4	2	6	5	7	8	1	3
1	7	6	9	8	3	2	4	5
5	6	9	4	7	2	1	3	8
2	3	4	8	1	5	9	7	6
7	8	1	3	6	9	4	5	2
6	9	7	5	2	4	3	8	1
4	2	5	1	3	8	7	6	9
3	1	8	7	9	6	5	2	4

वर्ग पहेली 5407

1	2	3	4	5		■	6
7					■	8	
	■		■	■	9		
10	11		■	12			
■		■	13				
14					■		■
	■	■		■	15	■	16
17				■	18		

संकेत: बाएं से दाएं

1. 1961 को इस अमेरिका के प्रथम अश्वेत एंव 44 वें राष्ट्रपति ने जन्म लिया था (6)
7. निराकरण या समाधान करना (5)
8. सड़क, मार्ग (अंग्रेजी)(2)
9. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष (3)
10. चोचला, ठसक, हाव-भाव (3)
12. अज्ञात, अप्रसिद्ध, नामहीन, अख्यात (4)
13. दूरदर्शन पर पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत के संगीतकार (5)
14. युवराज, नवाबज्यादा, पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता (5)
17. भगवान, ईश्वर, प्रभु (4)
18. जिंदगी, हयात, पुरानी फिल्मों के ये अभिनेता अपनी खल-भूमिका के लिए जाने जाते थे (1915-1987) (3)

ऊपर से नीचे

1. यह अरब देश है जिसमें 33 छोटे-छोटे द्वीप शामिल है इस देश की राजधानी मनामा है (4)
2. लार, वार्निश, गोंद (2)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. अभिमुखता, दिशा में, तरफ (2)
5. वेष, विन्यास, पहनावा, पोशाक (2)
6. मुगल शासक अकबर के शासन काल में नवरत्नों में से एक थे जिसने भूमि पैमाईश का आयोजन किया था (5)
8. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (5)
9. खुशबू, महक, संगीत का विशेष कंपन (3)
11. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (3)
12. परस्पर निर्वाह या जीवन निर्वाह, रास्ता (3)
13. महर्षि वाल्मीकि का प्रसिद्ध पौराणिक ग्रंथ (4)
14. प्रेम करना, अजीज मानना, दिल में जगह देना, मन लगाना, रीझना (3)
15. 332 द्वीप वाले द्वीपपुंज की राजधानी सुवा है (3)
16. गौरव की भावना, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

वर्ग पहेली 5406 का हल

ज	य	दे	व	■	सा	के	त
ग	म	न	■	बा	त	■	पा
दं	■	दा	वा	■	हिं	स	क
बा	ब	र	■	गा	दु	र	■
■	र	■	रे	■	स्ता	■	भू
अ	सी	म	■	सो	नी	प	त
टू	■	शा	ना	■	■	■	ना
ट	ह	ल	ना	■	श	प	थ

आज का राशिफल

मेष

आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार मिलेगा। । नौकरी पेशा और व्यापारियों को अच्छा लाभ होगा और आपका पद भी बढ़ेगा। किसी पुराने निवेश से अच्छा लाभ होगा और भविष्य के लिए योजना भी करेंगे। सांयकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

वृष

आज कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। क्योंकि आपको दूसरों की मदद करने से सकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। लेकिन आप अपने सद्व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। निवेश से अच्छा धन लाभ होगा और संपत्ति खरीदने की योजना सफल होगी।

मिथुन

आज पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा पूरी होगी। कामकाज में व्यस्तता अधिक रहेगी और व्यर्थ व्यय से बचें। प्रिय एवं महान पुरूषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा। नौकरी पेशा जातकों को अधिकारियों का साथ मिलेगा।

तुला

आज अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और किसी अन्य बिजनस में निवेश भी करेंगे। आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों से मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है। सायंकाल से देर रात तक देव दर्शन का लाभ लेंगे।

वृश्चिक

आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा हो सकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रूपए पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, अन्यथा धन फंस सकता है। नया बिजनस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा रहेगा। दुकानदार पूरे दिन व्यस्त रहेंगे।

धनु

आज राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति होगी। व्यापारी प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और रूका हुआ कार्य भी संपन्न होगा, जिससे अच्छा लाभ होगा। नौकरी पेशा जातक किसी दूसरी कंपनी में इंटरव्यू के लिए जा सकते हैं। नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी, जिनसे भविष्य में अच्छा लाभ भी होगा।

कर्क

आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। नौकरी पेशा जातकों को अधिकारियों का साथ मिलने से समय पर कार्य पूरा करेंगे और अपने कामकाज से संतुष्ट रहेंगे। पिताजी की मदद से नई संपत्ति व वाहन खरीदने की इच्छा पूरी होगी।

सिंह

आज जीवन के स्तर में सुधार आने की संभावना है। आप पैसों की बचत करने में सक्षम होंगे और कारोबार के लिए बनाई गई योजनाओं के सफल होने की संभावना भी है। किसी संपत्ति के खरीद फरोख्त के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। सायंकाल के समय स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा लेकिन पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

कन्या

आज वैवाहिक जीवन आनंददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। व्यापारियों के लिए उच्च सफलता के योग बन रहे हैं और व्यापारिक योजनाएं पूरी होंगी। नौकरी पेशा जातकों को किसी दूसरी कंपनी से अच्छा ऑफर मिल सकता है।

मकर

आज आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन, सम्मान, यश व कीर्ति की वृद्धि होगी। रूका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से भेंट होगी। नौकरी पेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सेल्स व मार्केटिंग से जुड़े जातकों को अच्छा फायदा होगा और अपने टारगेट पूरा कर पाएंगे। सायंकाल के समय प्रियजनों से भेंट और मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

कुंभ

आज आय के नए स्रोत बनेंगे और किसी पुराने निवेश से अच्छा रिटर्न मिलेगा। साझेदारी में बिजनस करने से अच्छा फायदा होगा और आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत होगी। बिजनस करने वालों को वाक्पटुता विशेष सम्मान दिलाएगी। कामकाज में भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा।

मीन

आज अटके धन की प्राप्ति होगी और धन संचय करने में सफलता भी मिलेगी। नौकरी पेशा जातक अगर नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं तो आपको शानदार अवसर मिलेंगे। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। इस राशि के व्यापारी प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे और किसी अन्य बिजनस में निवेश भी करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

संक्षिप्त समाचार

मानसून सिर पर सफाई में तेजी की दरकार, निचले इलाके वाले चिंतित

बड़कागांव (हजारीबाग)। बुधवार को पुलिस जवानों को लेकर जा रही बस की ब्रेक फेल हो गयी। इससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस हादसे में एक बाइक सवार बस की चपेट में आ गया। इससे बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। इनमें एक सहिया की स्थिति गंभीर है। उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर में बड़कागांव – हजारीबाग रोड स्थित 13 माइल के पास बुधवार को विपरीत दिशा से आ रही पुलिस बस ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक सवार सहिया तारा भोक्ता एवं चालक घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसे हजारीबाग से रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। चालक का इलाज सदर हॉस्पिटल में किया जा रहा है। अस्पताल में महिला को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत कर रही थी। इसके अलावा शरीर में अंदरूनी चोट आई है। महिला तारा भोक्ता पंदनवा टांड़ की रहने वाली है। वह बड़कागांव हॉस्पिटल में ट्रेनिंग के लिए आ रही थी। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस वाहन छापेमारी में निकली थी। आने के दौरान ब्रेक फेल हो गयी और एक वाहन को बचाने के कारण, बाइक सवार को चपेट में ले लिया।

शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर तीन दिनों की मोहलत

हजारीबाग। शहर में जाम की समस्या को देखते हुए 19 जून से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाना तय था। लेकिन अब फुटपाथ दुकानदारों को तीन दिनों की मोहलत दी गई है। अतिक्रमण हटाने को लेकर तीन दिनों की छूट इसलिए दी गयी है ताकि अतिक्रमण करने वाले अपने सामान खुद ही हटा लें। बुधवार को नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाने को लेकर शहर में घूम–घूम कर चेतावनी दी। इस दौरान अतिक्रमणकारियों से कहा गया कि वह खुद 21 जून तक अतिक्रमण को हटा लें नहीं तो 22 से अतिक्रमण हटाने को लेकर सघन अभियान चलाया जाएगा। शहर की ट्रैफिक समस्या को निजात दिलाने पिछले दिनों डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरबिंद कुमार सिंह के निर्देश पर जिला स्तरीय कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक हुई थी। जिसमें सदर एसडीओ शैलेश कुमार, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह, डीटीओ और नगर निगम के अधिकारी शामिल हुए थे। बैठक में शहर में ट्रैफिक समस्या पर विस्तृत चर्चा हुई थी एवं एक मास्टर प्लान बनाया गया। बैठक में तय किया गया था कि मास्टर प्लान को धरातल पर उतारने के लिए शहर में 19 जून से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया था कि यदि फुटपाथ पर से दुकानदार स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो प्रशासन को हटाने में जो खर्च आएगा, उसकी भरपाई अतिक्रमण करने वाले दुकानदार से ही की जाएगी। सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ा किए गए वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही उनपर ट्रैफिक नियम के अनुसार जुर्माना भी लगाया जाएगा।

सर्पदंश के बाद झाड़-फुंक के चक्कर में युवक की गई जान

रांची/खूंटी, एजेंसी। अड़की प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिरबांकी पंचायत के चेरेम्बा गांव में शनिवार की रात एक 25 वर्षीय युवक पीई हंस को जहरीले सांप ने डंस लिया। बीहड़ जंगल व सुदूर इलाके में बसे चेरेम्बा के लोगों में अज्ञानता, अशिक्षा के साथ जागरुकता का अभाव है। इस कारण सांप के डंसने के बाद उनके परिजन उसे अस्पताल ना ले जाकर झाड़फूंक कराने ले गए, लेकिन पीई हंस की मौत हो गई। रविवार देर रात तक मृतक का शव उसके घर में पड़ा था। इस संबंध में बताया कि पीई हंस जमीन पर बिस्तर लगाकर अपने घर में सो रहा था। उसके गांव में बिजली भी नहीं है। मध्यरात्रि को वह लघुशंका के लिए बाहर निकलने के लिए सिरहाने की ओर रखे टॉर्च उठाने लगा, तभी उसे सांप ने डंस लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व मुखिया जवरा मुंडा ने कहा कि सोमवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सरकार की ओर से प्रावधानानुसार चार लाख मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

नवनिर्वाचित सांसद चंद्रप्रकाश को किया सम्मानित

राजगंज। राजगंज मैराकुल्ही स्थित बीजीएम गार्डन में सोमवार को नवनिर्वाचित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। म्मान समारोह में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष भाजपा से घनश्याम ग्रोवर, राजगंज मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, तोपचाची से आशुतोष पाल, विक्रम पाण्डेय, सुनील मंडल, जगरनाथ महतो, संतोष महतो, प्रमोद चौरसिया, हलधर महतो, गिरधारी महतो, अजय सिंह, सूरज सोनी, रमेश महतो, नरेश महतो, आर के चौधरी आदि थे।

बच्चों के लिए रोचक शिक्षण सामग्री तैयार करने पर जोर

चाईबासा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर झारखंड शिक्षा परियोजना पश्चिमी सिंहभूम द्वारा निपुण समागम -2024 का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय 4 दिवसीय गैर आवासीय शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) कार्यशाला जिला स्कूल में आरंभ हुआ।

कार्यशाला में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पठन-पाठन में बेहतर समझ विकसित करने के लिए नवीनतम और बच्चों के लिए रोचक शिक्षण सामग्री निर्माण करने का लक्ष्य रखा गया है। लिहाजा कार्यशाला में जिले के हर प्रखंड से पांच-पांच रचनात्मक सोच रखने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को शामिल किया गया है। इन शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि सामग्री निर्माण में नवाचार की झलक दिखनी चाहिए। इसके लिए प्रतिभागियों को प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों के सीखने के प्रतिफल दिए गए हैं। प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया है कि टीएलएम ऐसा हो,जिसे कम-से-कम राशि खर्च कर बनाया जा सके। जिले स्तर पर बेहतरीन टीएलएम चयनित होकर रांची में आगामी 4 से 6 जुलाई तक आयोजित राज्य स्तरीय निपुण समागम में प्रदर्शित होगा। कार्यशाला के प्रथम दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी टोनी प्रेम टोप्पो ने प्रतिभागियों को अच्छे से टीएलएम का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया। ताकि बच्चों को अधिगम प्रतिफल प्राप्त करने में सहजता हो। कार्यशाला में प्रशिक्षक रुप में प्रेमजीत सिंह,मंगल सिंह मुंडा,ज्योति बसु बारिक, संजय कुमार जारिका, विद्यासागर लागुरी,शंभू सिंह महतो, कृष्णा देवगम,संजीव कुमार बालमुचू, हरिनारायण सिन्हा और विमल किशोर बोयपाई शामिल हैं।

10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने का लक्ष्य

चाईबासा। जिला शिक्षा पदाधिकारी टोनी प्रेमराज ने जिला स्कूल के सभागार में जिला स्कूल के मैट्रिक तथा इंटर के रिजल्ट की समीक्षा की। साथ ही अगले वर्ष होने वाले 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणाम अच्छा हो इस लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश दिया। बच्चों की परीक्षा को लेकर अच्छी तरीके से तैयारी हो। चाहे वह बच्चा जैक बोर्ड का विद्यार्थी हो या सीबीएसई का जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि जल्द ही सरकार द्वारा किताब उपलब्ध करा दिया जाएगा। समीक्षा बैठक में अनुमंडल पर शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यालय के प्रधान शिक्षिका सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

विजिटिंग रजिस्टर में अधिकारी ने लिखा डॉक्टर एब्सेंट, उस दिन की हाजिरी भी बनी हुई मिली

रांची, एजेंसी। शहर की आबादी को अपने घर के आसपास चिकित्सा सुविधा का लाभ देने के लिए नगर निगम की ओर से जिले के विभिन्न वार्डों में 24 आयुष्मान भारत-अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इन सेंटरों में रोगियों को कितना लाभ मिल पा रहा है, इसका अंदाजा इस रिपोर्ट को पढ़ने के बाद खुद ही लगा सकेंगे...। सभी सेंटर्स में ड्यूटी का समय निगम द्वारा सुबह 9 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है।

पड़ताल के क्रम में रिपोर्टर ने अर्बन सेंटर में उपलब्ध विजिटर्स बुक देखा, इसमें एक अधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में 31 मई को डॉक्टर को अनुपस्थित पाकर एब्सेंट लिखा। जबकि अटेंडेंस रजिस्टर में उक्त डॉक्टर की उस दिन की उपस्थिति दर्ज मिली। ऐसे में साफ जाहिर होता है कि मैनुअल अटेंडेंस बनाने के नाम पर चिकित्सक धांधली करते हैं और हर दिन सुबह या शाम में कुछ देर के लिए सेंटर में आकर हाजिरी बनाकर वापस चले जाते हैं। यही हाल वार्ड नं. 3, वार्ड नंबर 33, 38, 40 समेत अन्य जगहों पर मिला।

दोपहर 2ः15 बजे। रिएलिटी चेक करते हुए वार्ड 3 के अर्बन हेल्थ सेंटर जाने पर यहां भी डॉक्टर ड्यूटी में अनुपस्थित मिलीं। इस बीच वहां एक मरीज और एमपीडब्लू स्टाफ के बीच बकझक हो रही थी। स्टाफ से पूछने पर कि डॉक्टर कहां हैं उसने बताया कि मैम अभी निकली है सर। जबकि इलाज कराने आए एदलहातू के मरीज अखिलेश कुमार ने कहा कि मैं दिन में दूसरी बार इलाज कराने आया हूं। सुबह 10 बजे आया और 10ः45 तक रुका रहा, लेकिन डॉक्टर नहीं आईं। कहा गया कि दोपहर में आएं। मैं अभी 2 बजे आया हूं और फिर कहा जा रहा है कि डॉक्टर नहीं हैं। अखिलेश बाएं हाथ में दर्द की समस्या लेकर पहुंचा था, उसने दावा किया कि आज डॉक्टर ड्यूटी में आई ही नहीं है।दोपहर के 3 बजे हैं। धुर्वा स्थित हाईकोर्ट गेट नंबर 2 के सामने अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में भी डॉक्टर उपस्थित नहीं मिले। डॉक्टर रूम खाली था। एमपीडब्लू स्टाफ ने कहा कि मैम थोड़ी देर पहले ही गई हैं। विजिटर्स रजिस्टर देखने पर पता चला कि 28 मई को डॉक्टर अनुपस्थित थीं। 12 अप्रैल को भी निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित पाई गई थीं। 30 मार्च को भी एब्सेंट, 27 को भी एब्सेंट, 21 मार्च और 19 मार्च को भी वे उपस्थित नहीं मिलीं।

जेयूटी का पहला दीक्षांत समारोह 15 नवंबर को

रांची। झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) का पहला दीक्षांत समारोह राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को आयोजित होगा। बुधवार को कुलपति डॉ डीके सिंह की अध्यक्षता में हुई जेयूटी 21वीं कार्यकारिणी परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सभी संस्थाओं में स्टूडेंट सपोर्ट सेंटर (एसएससी) खोले जाएंगे। इससे छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास पर ध्यान दिया जाए। ताकि विद्यार्थी किसी प्रकार के तनाव या अवसाद का शिकार न हों और उनकी हरसंभव सहायता की जा सके। यूजीसी के नियमानुसार विश्वविद्यालय में रिसर्च डेवलपमेंट सेंटर खोले जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा। बैठक में बीते 18 मई को संपन्न हुई विश्वविद्यालय की अकादमिक काउंसिल में लिए गए सभी निर्णय को संपुष्ट किया गया।बैठक में सदस्य के रूप में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव के प्रतिनिधि के रूप में अवर सचिव मोहम्मद सैयद रियाज अहमद, निदेशक उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त निदेशक रंजीत कुमार सिंह, अपर सचिव उद्योग विभाग, बीआईटी सिंदरी के निदेशक, राजकीय पॉलिटेक्निक रांची के प्राचार्य, जेयूटी के निदेशक पाठ्यक्रम विकास प्रो स्नेह कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ विप्लव किशोर पांडेय, रजिस्ट्रार निशांत कुमार मौजूद थे।

शादी से पहले सिकल सेल की जांच कराएं

चाईबासा। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस बुधवार को सदर अस्पताल के ओपीडी प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम को उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, सिविल सर्जन डॉक्टर साहिर पाल और परियोजना निदेशक स्मिता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन ने कहा कि भारत सरकार एनीमिया मुक्त देश बनाने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रही है और जगह-जगह जांच व उपचार के लिए शिविर लगाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 2027 तक अपने देश को एनीमिया मुक्त बनाना है। एक साथ जिले के सभी विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यक्रम करना बहुत बड़ी बात है। यदि आप शादी करने के लिए जा रहे हैं तो सिकल सेल एनिमिया की जांच करानी चाहिए। दोनों में से किसी एक में एनीमिया पाया जाता है तो आने वाले दिनों में उसके संतान पर भी इसका असर पड़ता है। हर

गांव हर शहर में लोगों को जागरुक करना है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर साहिर पाल ने कहा कि एनीमिया खून की कमी से होता है, इसलिए हमेशा आयरन और विटामिन युक्त सामानों का उपयोग करना चाहिए।

इससे शरीर में खून की कमी को दूर किया जा सकता है। उन्होंने एनीमिया बीमारी और बचाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जिले में एनिमिया जांच करने का लक्ष्य एक लाख है। अब तक 60 हजार जांच हो चुकी है। इसमें 528 एनीमिया रोग से ग्रस्त पाया गया है। सभी का उपचार किया जा रहा है। मौके पर परियोजना निदेशक स्मिता कुमारी, एसीएमओ डॉक्टर भारती मिंस और जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर मीना कालूंडिया ने भी सिकल सेल एनीमिया के बीमारी के बारे में विस्तार से बताया। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन अविनेश सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में सहिया , स्वास्थ्य कर्मी और आमजन भारी संख्या में उपस्थित थे।

धावा दल ने होटल से 2 बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी देवघर विशाल सागर के निर्देशानुसार बुधवार को बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत गठित धावा दल द्वारा श्रम अधीक्षक देवघर शैलेन्द्र कुमार साह के नेतृत्व में एनसीपीसीआर के दिशा निर्देश में मधुपुर शहरी क्षेत्र के विभिन्न गैराजों एवं होटलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें शहर के एक होटल से कुल 2 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। साथ ही मुक्त कराए गए इन दोनों बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति देवघर को सुपुर्द कर दिया गया। इस संबंध में श्रम अधीक्षक देवघर ने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रमिकों से कार्य कराना संज्ञेय अपराध है।

बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं उन्मुलन) अधिनियम 1986 एवं संशोधित अधिनियम 2016 की धारा-3 या धारा-3। के उल्लघंन पर धारा-14 के अनुसार नियोक्ता पर 20 हजार रुपए से

50 हजार रुपए तक जुर्माना अथवा 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। इस अवसर पर धावा दल में श्रम अधीक्षक देवघर के अतिरिक्त जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मीरा कुमारी, यूनिसेफ जिला समन्वयक देवघर नरेन्द्र शर्मा, स्वयंसेवी संस्था आश्रय से दीपा कुमारी, स्वयंसेवी संस्था चेतना विकास से नीता पाठक एवं नरेश दास, चाईल्ड हेल्पलाईन को-ऑर्डिनेटर अनिल पासवान, सुबोध मंडल एवं सुजित कुमार वर्णवाल शामिल थे।

सांसद ने धन्यवाद यात्रा के दौरान पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

हजारीबाग। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतने के बाद से मनीष जायसवाल मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनका आभार जाता रहे हैं। बुधवार को नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल की धन्यवाद यात्रा बुधवार को बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत पतरातु प्रखंड पहुंची। इस दौरान उन्होंने पतरातु, भदानी नगर और भुरकुंडा भाजपा मंडल के एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में मतदाताओं के बीच पहुंचकर उनका आभार जताया। इस दौरान कहीं विकास योजनाओं की आधारशिला रखी तो कहीं विस्थापितों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत पतरातु डैम स्थित सर्किट हाउस के समीप से की। जिसके बाद लबगा, कुरसे, लपंगा, न्यू मार्केट, पतरातु, सौंदा डी, भुरकुंडा छठ मंदिर, भुरकुंडा थाना चौक, जनता टाकीज, बिरसा चौक, पटेल नगर, भुरकुंडा रिभर साइड, बुधबाज़ार, सीसीएल सौंदा कॉपरेटिव, सयाल ज़मुरिया बाज़ार में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और सांसद बनाने के लिए उनका आभार जताया।

इस दौरान सभी जगहों पर सांसद मनीष जयसवाल का एनडीए कार्यकर्ताओं एवं विस्थापित-प्रभावित संघर्ष मोर्चा, पतरातु ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि आपके अथक परिश्रम और आशीर्वाद के बदौलत ही सांसद बना हूं। फिलहाल मैंने जनता की सहूलियत के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रधान सेवा कार्यालय हजारीबाग शहर में स्थापित किया है और जल्द ही रामगढ़ में भी एक सेवा कार्यालय खोलने की तैयारी हैं। आप अपनी समस्याओं से अवगत कराएं समाधान करना हमारा कर्तव्य होगा। क्षेत्र की हर समस्याओं को जायज मंच तक जरूर लेकर जाऊंगा। मौके पर पतरातु ब्लॉक मोड़ स्थित प्रसिद्ध देवस्थल बाबा बुच्चा बांध पहुंच सांसद मनीष ने बाबा से क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस दौरान रामगढ़ जिले के पतरातु प्रखंड स्थित हफुआ पंचायत के ग्राम ईचापिरि में सांसद ने यहां डीएमएफटी योजना अंतर्गत कुल 38 लाख रुपए की लागत से केशव गंझु के घर से स्वतंत्रता सेनानी खैरा मांझी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, रामगढ़ जिले के जिला परिषद उपाध्यक्ष रीता देवी, झारखण्ड के पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे। साथ ही आभार यात्रा के दौरान भाजपा एवं आजसू के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सिर में चोट और गर्दन ही हड्डी टूटने से हुई चारों की मौत

धनबाद। बरवाअड्डा में जीटी रोड पर मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में मारे गए चार युवकों के सिर में गंभीर चोट लगी थी और सभी की गर्दन की हड्डी टूट गई थी। इसी को उनकी मौत का कारण बताया जा रहा है। कार चला रहे राहुल गुप्ता की छाती की पसलियां भी टूट गई थीं। शवों के पोस्टमार्टम में यह खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद सभी शव को परिजनों को सौंप दिया गया। बता दें कि मंगलवार की रात 11.30 बजे बरवाअड्डा के पास जीटी रोड पर रॉन्ग साइड से जा रही कार में ट्रक ने टक्कर मार दी थी।

घटना में कार सवार जोड़ाफाटक के शक्ति मंदिर निवासी राहुल गुप्ता, बेलगड़िया के न्यू कॉलोनी निवासी विशाल पासवान, आनंद कुमार और संकेत वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार झरिया निवासी अमन गुप्ता घायल हो गए हैं। राहुल रांगाटांड़ में चूड़ी की दुकान चलाते थे और बाकी चारों उनके यहां काम करते थे। मंगलवार की रात नौ बजे दुकान बंद कर सभी कार से जीटी रोड स्थित किसी होटल में गए। वापसी में रॉन्ग साइड से आ रही कार में ट्रक ने टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सभी कार के अंदर फंस गए थे। उन्हें निकालने के लिए कार को काटना पड़ा था। इसके बाद सभी को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां इमरजेंसी में डॉक्टरों को चार को मृत घोषित कर दिया था।

बुधवार की दोपहर सभी शवों का पोस्टमार्टम किया गया। सभी के शरीर में अल्कोहल के अंश मिले हैं। अंदाजा है कि तेज रफ्तार कार का ऊपरी हिस्सा ट्रक से टकराकर टूट गया। इस कारण चार लोगों के सिर में चोट आई और उनकी गर्दन की हड्डी टूट गई। स्टीयरिंग से चोट लगने के कारण कार चला रहे राहुल की छाती की पसलियां भी टूट गई हैं। चारों के शरीर में जख्म के कई और निशान भी मिले हैं।

मृतकों में दो नाबालिग : बरवाअड्डा दुर्घटना में चूड़ी कारोबारी राहुल गुप्ता के साथ मारे गए विशाल पासवान और आनंद कुमार नाबालिग थे। विशाल की उम्र सिर्फ 15 वर्ष और आनंद कुमार की सिर्फ 14 वर्ष थी। चौथा मृतक संकेत वर्मा भी सिर्फ 20 वर्ष का था। अपने परिवार की खराब आर्थिक स्थिति के कारण तीनों चूड़ी दुकान में काम करते थे। राहुल की उम्र 36 वर्ष थी।

अमन एशियन जालान में भर्ती : राहुल गुप्ता की कार में सवार पांच लोगों में झरिया निवासी जगदीश गुप्ता का 24 वर्षीय बेटा अमन गुप्ता भी था। वह जीवित बचने वाला एकमात्र युवक है। उसका इलाज एशियन जालान में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार दुर्घटना के शिकार अमन की नाक की हड्डी टूट गई है। उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

शहर में जाम की समस्या को लेकर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हजारीबाग। हज़ारीबाग नगर निगम क्षेत्र में सड़क जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए बुधवार को भाजपा नेता अनुपम सिन्हा ने पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल के साथ नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि शास्त्री चौक से रेलवे स्टेशन, शास्त्री चौक से पीटीसी चौक, मटवारी मैदान से कोर्रा चौक, कोर्रा चौक से कॉलेज मोड़, शास्त्री पथ से पेलावल तक, पानी टंकी से अन्नदा चौक, इंटरनेशनल मार्ग, हुरहुरु रोड, लोहसिंघना रोड, सुभाष मार्ग, जाकिर हुसैन रोड, कनहरी रोड, कल्लू चौक आदि शहर के तमाम क्षेत्रों में आए दिन जाम लगते रहते हैं। आवेदन में यह भी बताया गया है कि शहर में संचालित विभिन्न दुकानों तथा अन्य व्यवसायिक भवनों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न होती है। नगर आयुक्त से जल्द इस पर कोई ठोस कदम उठाने का आग्रह किया गया है। प्रतिनिधि मंडल में अनुपम सिंह के अलावा पूर्व वार्ड पार्षद मो नसीम, संजीव कुमार, सोमू कुमार, सुभम कुमार सहित कई सदस्य शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

राहुल गांधी के जन्मदिन पर रामदास अठावले का तंज, कहा- हमेशा नेता प्रतिपक्ष बनकर रहना

मुंबई, एजेंसी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस और सहयोगी दलों के तमाम नेताओं ने उनको शुभकामनाएं दी। राहुल गांधी ने भी उनका शुक्रिया अदा किया। शुभकामना देने वालों में केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास अठाले भी शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने जिस अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं, इसकी उम्मीद कोई कांग्रेसी कार्यकर्ता कभी नहीं कर सकता है।

अठावले ने तंज भरे लहजे में राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राहुल गांधीजी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामना, आप हमेशा विरोधी पक्ष नेता बनकर रहना! आपको बता दें कि उन्होंने संसद में भी एक बार इसी अंदाज में कांग्रेस नेता को शुभकामनाएं दी थी।

रामदास अठावले अपनी बेबाकी और चुटीले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वह संसद में जब भी किसी विषय पर बोलने के लिए खड़े होते हैं तो अपनी काव्य रचनाओं का जमकर इस्तेमाल करते हैं। उनके भाषण पर संसद में खूब ठहाके भी लगते हैं।

गिर जाएगी मोदी सरकार, चैलेंज देकर बरसे उद्धव ठाकरे, शिंदे ने किया पलटवार

मुंबई, एजेंसी। शिवसेना के स्थापना दिवस के मौके पर उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे ने मुंबई के दो इलाकों में समानांतर कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर खूब हमले किए। जनता के समर्थन से उत्साहित उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती दे दी। उद्धव ठाकरे ने इस साल के अंत में होने वाले चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा, मोदी जी, मैं आपको महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू करने के लिए आमंत्रित करता हूं... यह आप बनाम मैं होगा। उन्होंने शिवसेना के दो गुटों के हाथ मिलाने और एनडीए में जाने की अटकलों को भी खारिज कर दिया। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि वह उन लोगों के साथ कभी नहीं जाएंगे जिन्होंने उनकी पार्टी को खत्म करने की कोशिश की। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ संभावित सुलह से जुड़ी अटकलों पर विराम लग गया।

ठाकरे ने शिवसेना के 58वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नौ जून को सत्ता में आई नरेंद्र मोदी सरकार गिर जाएगी और उसकी जगह 'इंडिया' गठबंधन नीत सरकार सत्ता संभालेगी। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन पर पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी (भाजपा) यह खबर फैलाकर अपनी नाकामी छिपाने की कोशिश कर रही है कि शिवसेना (यूबीटी) सत्तारूढ़ राजग में शामिल हो जाएगी।

अयोध्या में हार के कारण तलाशने में जुटे बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

फैजाबाद , एजेंसी। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के बावजूद फैजाबाद की प्रतिष्ठापूर्ण सीट पर हार से भाजपा को करारा झटका लगा है। इस संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को मिली हार की समीक्षा के लिए बुधवार की सुबह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी अयोध्या पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को पूरे दिन अलग अलग विधानसभाओं में बैठकें कर हकीकत जानने का प्रयास किया। मंडल स्तर के पदाधिकारियों से बारी-बारी मुलाकात कर हार के मूल कारणों तक पहुंचने की कोशिश की। दोपहर में सबसे पहले मिल्कीपुर विधानसभा से समीक्षा बैठक शुरू हुई। इसके बाद सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर बीकापुर विधानसभा की बैठक हुई। देर रात सर्किट हाउस में अयोध्या विधानसभा की समीक्षा हुई। इस दौरान बारी-बारी से प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ स्थानीय मंडल अध्यक्षों से बंद कमरे में बात की। इस दौरान किसी विधायक को नहीं बुलाया गया था। अयोध्या विधानसभा की समीक्षा के दौरान सर्किट हाउस में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

हिमाचल पानी देने को तैयार, हरियाणा बन रहा रुकावट

आप के आरोप पर भाजपा ने दिया जवाब

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच जल संकट बढ़ता जा रहा है। दिल्ली सरकार का कहना है कि हिमाचल प्रदेश अतिरिक्त पानी देने को तैयार है, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार रुकावट बनी हुई है। जल मंत्री आतिशी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात हो चुकी है। वह पानी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वो पानी भी हरियाणा से होकर आना है। हरियाणा ने पानी देने से इनकार कर दिया।

मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सामने गुहार लगाई कि दिल्ली 100 एमजीडी पानी की जरूरत है। कोर्ट ने भी माना कि दिल्ली में पानी का संकट है। इन सब के बावजूद हरियाणा ने पानी नहीं दिया। हमारे विधायक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिलने के लिए गए, लेकिन वो नहीं मिले। हरियाणा को 100 एमजीडी पानी देना भी है तो वो उसके आवंटन का 1.5 प्रतिशत है।

राजधानी में तीन करोड़ लोगों को परेशानी: आतिशी ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली सरकार के सभी उच्च अधिकारी हरियाणा सरकार के अधिकारियों से मिलने के लिए गए थे, लेकिन उन्होंने अतिरिक्त पानी देने से मना कर दिया। दिल्ली में तीन करोड़ लोग रहते हैं, जिन्हें 1050 एमजीडी पानी मिलता है, जबकि हरियाणा में भी तीन करोड़ लोग रहते हैं, लेकिन उन्हें 6050 एमडीटी पानी आवंटित है। अगर हरियाणा को 100 एमजीडी पानी देना भी है तो वो उसके कुल आवंटन का महज 1.5 प्रतिशत है। फिर भी हमारी हर संभव कोशिश के बाद हरियाणा सरकार दिल्ली को पानी नहीं दे रही है।

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी की ओर से अनशन का ऐलान करने को लेकर दिल्ली भाजपा ने सवाल उठाए हैं। आतिशी की प्रेस कांफ्रेंस के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से समझौते से ज्यादा पानी मिल रहा है। दिल्ली सरकार की मंत्री जल संकट के नाम पर राजनीतिक कर रहीं हैं। वो कितना भी अनशन कर लें, लेकिन दिल्ली में जल संकट के नाम पर जनता को लूटने नहीं दिया जाएगा। भाजपा का आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आतिशी अनशन करने की बात कर रहीं हैं, लेकिन उससे पहले उन्हें यह भी बताना चाहिए कि वर्ष 2013 में दिल्ली जल बोर्ड 600 करोड़ के लाभ में था, लेकिन अब 73 हजार करोड़ रुपये के घाटे में चला गया है। आखिरकार जल बोर्ड की ऐसी हालत किसने की है। 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है।

सफदरजंग अस्पताल पर भी जल संकट की मार

दिल्ली में गहराए जल संकट से अस्पताल भी प्रभावित होने लगे हैं। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के स्पोर्ट्स इंजरी केंद्र में पानी की कमी से ऑपरेशन थिएटर का काम प्रभावित हुआ है। बताया जाता है कि अस्पताल में पर्याप्त पानी न होने से एसी पूरी तरह काम नहीं कर पाया। इस वजह से ऑपरेशन थिएटर का तापमान सही न होने की वजह से पांच सर्जरी स्थगित हो गई हैं। पानी न होने से एचवीएसी चिलर प्लांट कुछ देर के लिए बंद हो गया। दरअसल, अस्पताल में केंद्रीयकृत एसी संचालित करने के लिए पानी की जरूरत होती है। पिछले कुछ समय से पानी की समस्या के कारण वॉटर टैंकर से पानी मंगाया जा रहा है। पानी के प्लांट पर रेड की वजह से समय पर टैंकर अस्पताल नहीं पहुंच सका। इससे परेशानी का सामना करना पड़ा।अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर में मरीज की सर्जरी करते समय तापमान 22 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए। एसी से तापमान 26 डिग्री तक पहुंच गया था। ऐसे में सर्जरी के दौरान मरीजों को संक्रमण का खतरा होता है। इस वजह से कुछ सर्जरी रद्द करनी पड़ी। इससे पहले खबर आई कि सफदरजंग अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में बीते तीन दिन से एसी नहीं चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि एसी नहीं चलने से मरीजों की डायलिसिस जैसी सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। इस मसले जब तूल पकड़ा और बात मीडिया में आई तो अस्पताल प्रशासन ने कहा कि इमारत के केंद्रीयकृत एसी की डिस्केलिंग का काम चल रहा है। इससे परेशानी आई है। एसी एक से दो दिन में चलने लगेगा। फिलहाल मरीजों के लिए पंखे लगाए गए हैं।

रेप के बाद डिप्रेशन में आई 13 साल की बच्ची ने किया सुसाइड, इंस्टाग्राम पर बने दोस्त ने दिया धोखा

नईदिल्ली, एजेंसी। गाजियाबाद के मोदीनगर की एक कॉलोनी में दुष्कर्म के बाद डिप्रेशन में आई 13 साल की छात्रा ने बुधवार शाम को पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। उसके साथ यह वारदात तब हुई थी, जब इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद वह पहली बार आरोपी युवक से मिलने के लिए पहुंची थी। हालांकि घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पीड़िता के पिता मोदीनगर की एक कॉलोनी में अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते हैं, जबकि पीड़िता आठवीं क्लास में पढ़ती थी। बच्ची की पहचान कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कृष्णानगर कॉलोनी निवासी युवक हिंमाशु सोनी से हुई थी। सोमवार शाम को युवक ने छात्रा को मैसेज करके अपने पास बुलाया। वह छात्रा को सुनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया। रेप का विरोध करने पर छात्रा के साथ मारपीट भी की गई। किसी को यह बात बताने पर छात्रा को परिवार सहित जाने से मारने की धमकी दी। किसी तरह छात्रा अपने घर पहुंची और अपनी परिजनों को आपबीती सुनाई। पिता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में स्न्नढ्ढक्रकराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी और पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने की तैयारी कर रही थी। थाने में पीड़िता के 161 के बयान दर्ज हो गए थे।

घटना के बाद से ही डिप्रेशन में आ गई थी छात्रा: घटना के बाद से ही छात्रा गुमशुम सी हो गई थी। परिजनों ने बताया कि वह किसी से कोई बात नहीं कर रही थी और ना ही उसने मंगलवार से खाना खाया था। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल कराया था। मेडिकल कराने के बाद परिजन छात्रा को लेकर घर आ गए थे। परिवार के सभी लोग शाम करीब पांच बजे एक ही कमरे में सो गए थे।

पहली मंजिल पर पंखे से लटकी मिली छात्रा: बताया जा रहा है कि शाम सवा सात बजे के आसपास जब पिता की आंख खुली तो छात्रा कमरे में मौजूद नहीं थी। उसको तलाशते हुए पिता घर की पहली मंजिल पर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उसे तोड़ा गया। जैसे ही दरवाजा तोड़ा तो छात्रा पंखे से लटकी मिली। तुरन्त उसे नीचे उतारकर स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन हालात गंभीर होने पर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय छात्रा की मौत हो गई।

घटता जा रहा भूजल, हम धरती मां के साथ कर रहे अन्याय; दिल्ली एलजी ने लोगों से की एक अपील

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने घटते जल स्तर पर चिंता जाहिर की। उन्होंने इस स्थिति को सभी के लिए चिंताजनक बताया और कहा कि इससे पता चलता है कि हम धरती माता के साथ अन्याय कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लेने और एक पौधा लगाने का भी आग्रह किया। एलजी वीके सक्सेना और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलजी सक्सेना ने कहा, पिछले एक महीने से दिल्ली और पूरा देश भीषण गर्मी झेल रहा है। हम इसे झेलने को मजबूर हैं। दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भूजल स्तर दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। यह हम सभी के लिए चिंताजनक स्थिति है। इससे पता चलता है कि हम धरती मां के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। इसलिए मैं सभी से अपील करता हूं कि वे इस अभियान (एक पेड़ मां के नाम) का हिस्सा बनें और एक पौधा लगाएं। आपको सिर्फ पौधा लगाकर और उसके साथ फोटो खिंचवाकर अपने अभियान को खत्म नहीं करना है। आपको उस पेड़ की जिम्मेदारी इस सोच के साथ लेनी है कि भविष्य में यह आपकी पहचान बनेगा। जब कोई व्यक्ति इसकी छाया में बैठेगा, तो वह आपको इसके लिए धन्यवाद देगा।

उन्होंने आगे बताया कि पौधों को काले प्लास्टिक में रखने की बजाय, पौधों को गाय के गोबर के छोटे गमलों में रखा जाए क्योंकि उपयोग के बाद प्लास्टिक पर्यावरण को प्रभावित करता है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा, हम पौधे लगाते हैं, लेकिन वे काले प्लास्टिक के कवर में आते हैं। रोपण के बाद, उन्हें (काले प्लास्टिक को) जंगलों में फेंक दिया जाता है और फिर वे नदियों और नालों में चले जाते हैं। जिससे उनका दम घुटता है। हमने इस दिशा में एक पहल की है। अब प्लास्टिक के बजाय, गाय के गोबर के छोटे गमले बनाए जाएंगे और उनमें पौधे रखे जाएंगे।

सड़क पर मना रहे थे बर्थडे पार्टी, तेज आवाज में गाने का विरोध पड़ा भारी

8 महीने की गर्भवती सहित पूरे परिवार को पीटा

नईदिल्ली, एजेंसी। फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी स्थित एक घर में आयोजित जन्मदिन की पार्टी के दौरान 15-20 युवक सड़क पर कार खड़ी कर शोर मचाते हुए शराब पी रहे थे। वह तेज आवाज में गाना और साइरन बजा रहे थे। पड़ोसी ने इसका विरोध किया तो सभी उन हमला कर दिया। इसमें आठ महीने की गर्भवती महिला समेत परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सेक्टर-58 थाना की पुलिस जांच में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित पवन शर्मा ने शिकायत में बताया है कि वह रोहतक के गांव सांपला का रहने वाला है। मुजेसर स्थित एक कंपनी में काम करता है। सोमवार को वह राजीव कॉलोनी निवासी सहकर्मी राजेश तिवारी के घर पर रुक गया। रात करीब 12 बजे राजेश तिवारी के पड़ोसी विक्की के घर में जन्मदिन की पार्टी थी। इस दौरान विक्की अपने 15-20 दोस्तों के साथ सड़क पर कार खड़ी कर शोर कर रहे थे। सभी सड़क पर ही शराब पी रहे थे और कार में तेज आवाज में गाना और साइरन बजा रहे थे। यह सुनकर राजेश तिवारी की पत्नी संगीता तिवारी उन लोगों को आठ महीने की गर्भवती बेटी की तबीयत खराब होने का हवाला देकर शोर नहीं करने को कहा।

उनका आरोप है कि इस पर सभी युवक राजेश तिवारी की पत्नी पर हमला कर दिया और सड़क पर ही मारपीट शुरू कर दी। वह उन्हें बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। यहां तक कि सभी घर में घुस आए और पथराव करने लगे। आरोपियों ने बीच-बचाव करने पहुंची संगीता की आठ माह की गर्भवती बेटी के सिर पर ईंट मारकर उसे लहुलूहान कर दिया।

एयरपोर्ट पर कच्ची एक्टिंग से पकड़ा गया 'चाचा 420', 67 साल का बुजुर्ग 24 का निकला

नईदिल्ली, एजेंसी। बॉलीवुड की फिल्म चाची 420 में कमल हसन मेकअप की बदौलत पुरुष से महिला बने। उनके मेकअप और अभिनय को लोगों ने खूब सराहा। कुछ इसी तर्ज पर एक युवा ने बुजुर्ग बनकर कनाडा जाने की कोशिश की, मगर ना मेकअप ने साथ दिया और ना ही अभिनय अच्छा कर पाया।

दरअसल, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सीआईएसएफ ने एक ऐसे शख्स को पकड़ा है जो बुजुर्ग बनकर कनाडा जाने की कोशिश कर रहा था। उसकी वास्तविक उम्र 24 वर्ष है, लेकिन वह 67 वर्षीय बुजुर्ग बनकर आया था। खुद को बुजुर्ग दिखाने के लिए उसने न केवल बाल और दाढ़ी सफेद करवाए, बल्कि व्हीलचेयर का भी इस्तेमाल कर रहा था।

सीआईएसएफ प्रवक्ता अपूर्व पाण्डेय ने बताया कि मंगलवार शाम को उनकी टीम टर्मिनल-3 से सफर कर रहे यात्रियों पर नजर रख रही थी। इस दौरान उन्हें व्हीलचेयर पर जा रहे बुजुर्ग पर संदेह हुआ। पूछताछ में बुजुर्ग ने अपना परिचय 67 वर्षीय रशविंदर सिंह के रूप में दिया। पासपोर्ट में उनका जन्म 10 फरवरी 1967 दर्ज था। यह शख्स सफेद दाढ़ी, बाल से बुजुर्ग लग रहा था, मगर उसकी त्वचा व आवाज युवाओं जैसी थी। जब उसका मोबाइल खंगाला तो उसमें एक अन्य पासपोर्ट की कॉपी मिली जो 24 वर्षीय गुरु सेवक सिंह की थी। यह उसका असली पासपोर्ट था।

चकमा देने के लिए व्हीलचेयर का प्रयोग: सीआईएसएफ टीम की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रात 10:50 बजे की उड़ान से कनाडा जाने वाला था। गहनता से जांच की तो पता चला कि शख्स बुजुर्ग नहीं युवा है। उसने अपने बाल और दाढ़ी सफेद करवा रखी है। खुद को बुजुर्ग दिखाने के लिए चश्मा भी लगा रखा है। चकमा देने के लिए वह व्हीलचेयर से जा रहा था।

एनसीआर के दो शहरों में बुलडोजर एक्शन, वन भूमि में बने 100 घर तोड़े

गुरुग्राम में 9 कॉलोनियां जमींदोज

नईदिल्ली, एजेंसी। फरीदाबाद और गुरुग्राम में अवैध निर्माण पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बुलडोजर चला दिया। फरीदाबाद में खोरी की वन भूमि पर बनाए गए 100 घरों में तोड़फोड़ कर कब्जा मुक्त करवाया। वहीं, गुरुग्राम में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने गांव फर्रुखनगर, खुर्मपुर और मुबारिकपुर में अवैध निर्माण गिरा दिए।

फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन ने खोरी की वन भूमि पर बनाए गए 100 घरों में तोड़फोड़ कर वन भूमि को कब्जा मुक्त करवा लिया। कब्जाधारियों ने विरोध जताने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस बल के कारण वे कार्रवाई को रोकने में कामयाब नहीं हो सके। सुप्रीम कोर्ट आदेश पर करीब तीन साल पहले दिल्ली बॉर्डर पर खोरी गांव में पूरे वन क्षेत्र से अवैध कब्जे हटवा दिए गए थे। इसके बाद से लोग यहां अस्थाई घर बनाते आ रहे हैं। नगर निगम प्रशासन यहां कई बार तोड़फोड़ कर चुका है।

पिछले कुछ समय से लोगों ने यहां 100 घर बना लिए थे। नगर निगम प्रशासन ने हाल ही में इन्हें तोड़ने की योजना बनाई थी। नगर निगम का दस्ता यहां तोड़फोड़ करने पहुंच गया। यहां डयुटी मजिस्ट्रेट कार्यकारी अभियंता नितिन कादियान थे। पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने 100 घरों को ढहा दिया। नगर निगम के एसडीओ सुरेंद्र हुड्डा ने बताया कि सन् 2022 में यहां करीब दो हजार से अधिक घरों को तोड़कर वन भूमि को कब्जा मुक्त करवाया गया था। काफी लोगों को बापू नगर और डबुआ में बसाया गया था। लेकिन कुछ लोगों ने फिर से जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया है।

गुरुग्राम नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने फर्रुखनगर ब्लॉक के गांव फर्रुखनगर, खुर्मपुर और मुबारिकपुर में अवैध रूप से पनप रही नौ कॉलोनियों को मलबे में तब्दील कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चला, किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया। इस मौके पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रूप में एटीपी दिनेश सिंह मौजूद रहे।

सुबह 11 बजे डीटीपीई मनीष यादव के नेतृत्व में तोड़फोड़ दस्ता गांव फर्रुखनगर में पहुंच गया। यहां 24 एकड़ जमीन पर अवैध रूप से सात कॉलोनियां विकसित की जा रही थी। मौके पर सर्विस स्टेशन का निर्माण हुआ था, जिसे मलबे में मिला दिया। एक निर्माणाधीन मकान को तोड़ दिया।

एनसीआर में 100 से ज्यादा मौतें; गर्मी ने कहर बरपा दिया

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद समेत पूरे एनसीआर में भीषण गर्मी ने कहर बरपा दिया है। 48 घंटे में एनसीआर के अस्पतालों में करीब 150 लाशें पहुंचीं हैं, जिनमें से अधिकतर की मौत लू की वजह से होने की आशंका व्यक्त की गई है। जान गंवाने वाले अधिकतर लोग ऐसे हैं जिनके पास अपना घर या गर्मी से निजात पाने के इंतजाम नहीं हैं। हालत यह है कि अस्पतालों में लाशों को रखने के लिए फ्रीजर की कमी हो गई है। कुछ वैसी ही स्थिति बन गई है जैसी कोरोना की दूसरी लहर के दौरान थी। पुलिस ने कहा कि उसे सुरक्षा गार्डों, भिखारियों या बेघर लोगों की अस्वभाविक मौतों के संबंध में फोन पर सूचना मिल रही है। दिल्ली में पिछले 48 घंटों के दौरान अलग-अलग इलाकों से 50 लोगों के शव बरामद किए गए। इनमें से अधिकतर बेघर हैं। हालांकि, पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या सभी की मौत गर्मी से संबंधित कारणों से हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इंडिया गेट के निकट बच्चों के पार्क में 55 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला। उन्होंने बताया कि मौत के कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। बेघर लोगों के लिए काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन 'सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट' ने दावा किया है कि 11 से 19 जून के बीच दिल्ली में भीषण गर्मी के कारण 192 बेघर लोगों की मौत हुई।

संक्षिप्त समाचार

Archery

भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम फाइनल में

नजरें विश्व कप खिताब की हैट्रिक पर

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी। शीर्ष वरीय टीम के रूप में क्वालीफाई करने वाले भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली जहां टीम ने अल सल्वाडोर को 235-227 से हराया। भारत की ज्योति सुरेखा वेनाम, अदिति स्वामी और परणीत कौर की तीरंदाजी कंपाउंड महिला तिकड़ी ने बुधवार को यहां विश्व कप चरण तीन के फाइनल में जगह बनाई और अब उनकी नजरें इस वैश्विक प्रतियोगिता में खिताबी हैट्रिक पर टिकी हैं।

इस साल अप्रैल और मई में शंघाई और येचियोन में लगातार दो विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली दुनिया में नंबर एक भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में मेजबान तुर्की को 234-227 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उनका सामना एस्टोनिया से होगा। शीर्ष वरीय टीम के रूप में क्वालीफाई करने वाले भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली जहां टीम ने अल सल्वाडोर को 235-227 से हराया।

Football

फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने लिया चौंकाने वाला निर्णय

भारत में अपनी फुटबॉल अकादमियों पर डाला ताला

नई दिल्ली, एजेंसी। मासिया (युवा अकादमी) शैली में बच्चों को फुटबॉल के गुण सिखाने के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और पुणे में इन अकादमियों की शुरुआत हुई थी। हालांकि, एक जुलाई से यह बंद हो जाएंगी। मशहूर फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने बुधवार को भारत में अपनी सारी अकादमियां

बंद करने का फैसला लिया है। क्लब में अपने इस निर्णय के पीछा का कारण नहीं बताया है। ला मासिया (युवा अकादमी) शैली में बच्चों को फुटबॉल के गुण सिखाने के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और पुणे में इन अकादमियों की शुरुआत हुई थी। हालांकि, एक जुलाई से यह बंद हो जाएंगी।

क्लब ने जारी किया बयान

क्लब ने अपने बयान में कहा, फुटबॉल बार्सिलोना ने दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और पुणे में परिवारों को सूचित कर दिया है कि एक जुलाई 2024 से अकादमियां बंद हो रही हैं। बार्सिलोना ने भारत में 2010 में पदार्पण किया था और तब से हजारों बच्चे क्लब की शैली में फुटबॉल खेलना सीखे हैं। लियोनल मेसी, आंद्रेस इनिएस्ता, सर्जियो बस्केत और गेरार्ड पीक जैसे दिग्गजों ने बार्सिलोना की अकादमियों से ही कैरियर का आगाज किया था।

स्मृति मंधाना ने द. अफ्रीका के खिलाफ जड़ा बैक टू बैक शतक

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे वनडे में लगातार दूसरा शतक जड़ा है। श्रृंखला के पहले मैच में 117 रन की शतकीय पारी के बाद मंधाना ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा।

मैच की शुरुआत में मंधाना काफी सतर्क थी। पहले पावरप्ले के दौरान दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने उन्हें शांत रखा। भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को जल्दी खो दिया, जिससे मंधाना को पारी की कमान संभालनी पड़ी। उन्होंने अपनी पारी को धीरे-धीरे आगे बढ़ाया। एक समय ऐसा था, जब उन्होंने 40 गेंदों पर मात्र 19 रन बनाए थे। लेकिन यहां के बाद उन्होंने अपना अंदाज बदला और विरोधी गेंदबाजों पर हावी हो गईं। हालांकि, टीम ने इस दौरान विकेट भी गंवाए।

मगर एक छोर से टिककर बल्लेबाजी कर रही मंधाना ने 103 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील कर दिया। मंधाना की पारी में 18 चौके और दो छक्के शामिल थे। वह 120 गेंदों पर 136 रन बनाकर आउट हुई। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर (103) ने भी एक शानदार पारी खेली और मंधाना के साथ मिलकर 171 रन की साझेदारी की। मंधाना का साथ देते हुए हरमनप्रीत कौर ने 87 गेंदों पर शतक जड़ा। दोनों की साझेदारी ने गति बनाए रखने और दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर दबाव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंधाना अब भारतीय महिला टीम की ओर से संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान मिताली राज की बराबरी की है।

बता दें कि मिताली ने 232 वनडे में 7 शतक की बदौलत 7,805 रन बनाए थे। इनके बाद हरमनप्रीत ने 6 शतक लगाए हैं। भारत ने मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर के शतकों की मदद से 50 ओवर में 3 विकेट पर 325 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। और भारत ने यह मैच 04 रन से जीता।

स्टोइनिस बने टी-20 में नंबर-1 ऑलराउंडर

दुबई, एजेंसी। आईसीसी ने ताजा टी20 रैंकिंग जारी की है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने बल्ले और गेंद दोनों से अपनी शानदार क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम आसानी से सुपर-8 में पहुंच गई।

टीम के इस दमदार प्रदर्शन में मार्कस स्टोइनिस ने अहम भूमिका निभाई है। स्टोइनिस इस विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 4 मुकाबलों की 3 पारियों में 78 की औसत से 156 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 190.24 की रही है। उनके बल्ले से 2 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 67 रन है। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 4 मैच में 8.66 की औसत और 5.77 की इकॉनमी रेट से 6 विकेट झटके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/19 का रहा है। इस प्रदर्शन की बदौलत स्टोइनिस ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने मोहम्मद नबी को पछाड़ दिया है, जो अब चौथे स्थान पर हैं।

श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन अब क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। गेंदबाजी में अकील हुसैन को 6 पायदान का फायदा हुआ है और वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। एडम जम्पा को भी 3 पायदान का फायदा हुआ है और वह 8वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में ज्यादा फेरबदल नहीं हुआ है। सूर्यकुमार यादव नंबर-1 पर बने हुए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष चार

सूर्यकुमार यादव, फिल साल्ट, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान अपने स्थान पर बने हुए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की लगातार अच्छी फॉर्म ने उन्हें पांच पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया है। वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन को 8 पायदान का फायदा हुआ है। वह 11वें स्थान पर आ गए हैं।

अमेरिका को हराने में साउथ अफ्रीका के छूटे पसीने

एंटीगुआ, एजेंसी। अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जा रहे टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर-8 राउंड का आगाज हो गया है. पहला मुकाबला बुधवार (19 जून) को अमेरिका और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया. मैच में अफ्रीकी टीम ने 18 रनों से जीत दर्ज की. आखिर में जब एंड्रीस गौस और हरमीत सिंह बैटिंग कर रहे थे, तब मैच अमेरिका की ओर जाता भी दिख रहा था. ऐसे में कह सकते हैं कि अमेरिका के खिलाफ जीतने में अफ्रीकी टीम को पसीना आ गया. यह अमेरिकी टीम वही है, जिसने पहले राउंड यानी ग्रुप स्टेज में पाकिस्तान को सुपर ओवर में करारी शिकस्त दी. जबकि कनाडा को 7 विकेट से हराया था. अमेरिकी टीम का एक मैच बारिश से धुल गया था, जिस कारण उसने सुपर-8 में एंट्री की थी.

19वें ओवर में रबाडा ने पलटा मैच, अमेरिका से छीनी जीत

अमेरिका को आखिरी 12 गेंदों पर जीते के लिए 28 रन चाहिए थे और उनके 5 विकेट बाकी थे. गौस और हरमीत क्रीज पर थे. मगर 19वें ओवर में कगिसो रबाडा ने 2 रन देकर 1 विकेट लिया और पूरी बाजी ही पलट दी. यदि यह ओवर ठीक नहीं आता, तो अफ्रीका मैच भी गंवा सकती थी.

गौस ने जड़ी फिफ्टी पर टीम को नहीं जिता सके

इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 195 रनों का टारगेट दिया था. इसके जवाब में अमेरिकी टीम 6 विकेट गंवाकर 176 रन बना दिए. अमेरिका की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज एंड्रीस गौस ने फिफ्टी जमाई और 47 गेंदों पर नाबाद 80 रनों की पारी खेली. जबकि स्टीवन टेलर ने 24 और हरमीत सिंह ने 38 रन बनाए. इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज अपनी छाप नहीं छोड़ सका. जबकि अफ्रीका के लिए कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए. जबकि केशव महाराज, एनरिक नॉर्किया और तबरेज शम्सी को 1-1 सफलता मिली.

डिकॉक की आतिशी पारी, मार्करम-क्लासेन भी चमके

दूसरी ओर अफ्रीकी टीम ने 4 विकेट पर 194 रनों का स्कोर बनाया था. टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 40 गेंदों पर 74 रनों की आतिशी पारी खेली. जबकि कप्तान एडेन मार्करम ने 32 गेंदों पर 46 रन जड़े. आखिर में हेनरिक क्लासेन 36 और ट्रिस्टन स्टब्स 20 रन बनाकर नाबाद रहे. अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रवलकर और हरमीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए.

इंग्लैंड ने सुपर-8 के दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को हराया

- सॉल्ट का नाबाद अर्धशतक
- बेयरस्टो के साथ नाबाद 97 रन की साझेदारी

सेंटलूसिया, एजेंसी। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के दूसरे सुपर-8 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 180 रन बनाए और इंग्लैंड को 181 रन का टारगेट दिया। जवाब में इंग्लैंड ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

अमेरिका से मैच हारने के लिए बाबर को मिली ऑडी और विदेशों में अपार्टमेंट?

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर विवादों में हैं. पिछले टी20 वर्ल्ड कप की यह उपविजेता टीम इस बार टूर्नामेंट के पहले ही दौर में बाहर हो गई. यहां टीम को पहले ही मैच में अमेरिका के खिलाफ हार (सुपर ओवर) का सामना करना पड़ा और फिर वह भारत के खिलाफ हार गया.

इसके बाद उनसे कनाडा और आयरलैंड को जरूर मात दी लेकिन टीम सुपर 8 में क्वॉलीफाई नहीं कर पाई. अब पाकिस्तान में टीम के प्रदर्शन पर हंगामा मचा है और इस बीच पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर मैच फिक्सिंग के आरोप लगे हैं. आरोप हैं कि बाबर आजम ने अमेरिका के खिलाफ मैच फिक्सिंग की थी. पाकिस्तान में सोशल

मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कहा गया है कि अमेरिका के खिलाफ पाकिस्तान के हारने के बाद बाबर आजम को उससे महंगे-महंगे तोहफे मिले हैं. यह आरोप पाकिस्तान के ही सीनियर पत्रकार मुबाशिर लुकमान ने लगाए हैं.

इन आरोपों वाला उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. इस वीडियो में लुकमान ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर आरोप लगे हैं कि अमेरिका से मैच हारने के लिए उन्हें महंगे गिफ्ट मिले हैं. बता दें इस टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का यह पहला मैच था और वह यहां टाई खेल गया था, जिसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से हुआ और पाकिस्तान ने यहां मैच गंवा दिया.

टी-20 वर्ल्डकप: 2024

पहले स्टेडियम के पार पहुंचाई बॉल, फिर खुद हो गया बाहर, वर्ल्ड कप में भी खेलना हुआ मुश्किल

सेंटलूसिया, एजेंसी। वेस्टइंडीज के ओपनर ब्रैंडन किंग सुपर-8 के पहले ही मुकाबले में चोटिल हो गए हैं. इंग्लैंड के खिलाफ हो रहे मुकाबले के दौरान उन्हें एक लंबा छक्का लगाना भारी पड़ गया. इसके चक्कर में उन्हें साइड स्ट्रेन की इंजरी हुई और फिर उन्हें खेल को बीच में ही छोड़कर मैदान के बाहर जाना पड़ा. रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी चोट गहरी है, इसलिए वो दोबारा बल्लेबाजी या फील्डिंग के लिए भी नहीं आए. अब वो पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं और काइल मेयर्स टीम में उनकी जगह ले सकते हैं.

बड़े शॉट के चक्कर में हुई इंजरी

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर मेजबान टीम वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी का न्यौता दिया. वेस्टइंडीज ने पारी शुरुआत बहुत संभलकर की. इंग्लैंड के गेंदबाजों भी उन्हें हाथ खोलने का कोई मौका नहीं दे रहे थे. पावरप्ले के दो ओवर में वेस्टइंडीज के दोनों ओपनर ब्रैंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स केवल 13 रन ही बना सके थे. इसके बाद किंग ने पारी को तेजी से बढ़ाने का सोचा. उन्होंने रीस टॉप्ली की गेंद पर 101 मीटर का लंबा छक्का लगाया.

किंग ने टॉप्ली के बाद जोफ्रा आर्चर के ओवर में दो बाउंड्री लगाकर मोमेंटम वेस्टइंडीज की तरफ कर दिया. आर्चर के बाद उन्होंने सैम करन को टारगेट किया.

पहलवान से एमएमए फाइटर बने संग्राम सिंह को याद आया फ्लैशबैक

नई दिल्ली, एजेंसी। संग्राम सिंह भारतीय पहलवान, एक्टर और एमएमए फाइटर भी हैं। संग्राम 38 साल की उम्र में एमएमए की दुनिया में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय पुरुष एथलीट हैं। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूपी कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियन ने बातचीत में अपनी यात्रा, अपने करियर और एमएमए फाइटर में इतनी देर से एंट्री के बारे में बात की। संग्राम सिंह ने बताया कि मैं अभी शुरुआत कर रहा हूं।

मेरा मानना है कि यूएफसी और एमएमए दोनों बहनें हैं। यूएफसी ने भी मुझसे संपर्क किया था, लेकिन मेरा मानना है कि मुझे एमएमए से शुरुआत करनी चाहिए। जब अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की बात आती है, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहां खेलते हैं, इसलिए निश्चित रूप से यूएफसी मेरी भविष्य की योजनाओं में भी है। कोई मुझसे मजाक कर रहा था कि मैं क्रिकेट भी आज़माऊं।

जीवन बहुत छोटा है, इसलिए आपको हर मौके पर दूसरों को प्रेरित करने की कोशिश करनी चाहिए, और मेरा मानना है कि जीने का सबसे अच्छा तरीका निस्वार्थ जीवन जीना है। कई सालों की कड़ी मेहनत और 25 साल से ज़्यादा के शानदार करियर के बाद एक मजबूत शरीर पाने के बावजूद, पूर्व कुश्ती चैंपियन ने खुलासा किया कि उनका जीवन आसान नहीं रहा है।

उन्होंने खुद को कभी हार न मानने के लिए कैसे प्रेरित किया और उन्होंने लड़ाकू खेलों के क्षेत्र में वापसी करने का फैसला क्यों किया। संग्राम छह साल से कुश्ती से दूर थे और हाल ही में उन्होंने दुबई प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के मुहम्मद सईद को हराकर कुश्ती में वापसी की। उनका लक्ष्य एमएमए के साथ-साथ कुश्ती में भी अपना करियर जारी रखना है।

एक नजर

हीट स्ट्रोक से बचाव में कारगर होम्यापैथी की कई दवाएं : डॉ. शर्मा

औरंगाबाद (का.सं.)। भीषण गर्मी के इस मौसम में अधिकतर लोग लू के शिकार हो रहे हैं। लू की वजह से मौतें भी हो रही है। लू को हीट स्ट्रोक भी कहते है। धूप में जाने पर लू लगने का खतरा बना रहता हैं। इसे साधारण नहीं समझना चाहिए बल्कि तुरंत उपचार कराना चाहिए क्योंकि ज्यादा होने पर व्यक्ति के प्राण भी जा सकते हैं। होम्योपैथी से न सिर्फ लू से बचाव किया जा सकता हैं बल्कि धूप में जाने से पहले होम्योपैथिक दवा खाने से लू भी नहीं लगती हैं। होम्योपैथिक के पुराने रोगों के विशेषज्ञ व पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेंद्र शर्मा बताते हैं कि शरीर का तापमान बढ़ जाना, तेज सिरदर्द होना, उल्टी होना, बुखार होना, पैर के तलवे में जलन होना, पसीना कम आना, कमजोरी लगना, हाथ-पैर कांपना, सांस लेने में तकलीफ, घबराहट होना, उल्टी होना आदि ये लू लगने के लक्षण हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि होम्योपैथिक में लू लगने से बचने व लू लगने के बाद स्वस्थ होने, दोनों की दवा है। उन्होंने बताया कि अगर चक्कर आता है। धूप में जाने पर सिरदर्द होता है। बुखार और घबराहट होती है। सिर में गर्मी लगती है। शरीर का तापमान बहुत अधिक बढ़ जाता है। जी मचलाये। तेज गर्मी से होने वाली तकलीफ। तकिये पर सिर नहीं रखा जाता। धड़कन बढ़ जाती है। सांस लेने में तकलीफ होती है। ब्लड-प्रेशर बढ़ जाता है। तो ग्लोनाईन दवा लेने से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि वहीं त्वचा गर्म सूखी और लाल होती है। बेचैनी रहती है। बहुत तेज सिरदर्द रहता है। प्यास बहुत लगती है। गाल बहुत गर्म और लाल होते है। चक्कर आते है। कान में तेज दर्द होता है। धड़कन बहुत तेज हो जाती है। हाई फीवर में मानसिक अवस्था बहुत आक्रामक हो जाती है तो बेलाडोना लेने से राहत महसूस होगी। कहा कि अगर चक्कर बहुत आता हैं। रोगी ऊंघता रहता है। हर समय नींद सी आती रहती है। सुस्ती छाई रहती है। पल्स बहुत धीमा हो जाता है। डिप्रेशन धूप में जाने बाद बढ़ जाता हैं। पलके इतनी भारी लगती है कि मरीज आखें नहीं खोल पाता है। रोगी को प्यास नहीं लगती है। त्वचा पर लाल रंग के दाने निकलते हैं। हमेशा थकान लगती है तो जेलसीमियम दवा लेने से राहत मिलेगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि धूप में जाने पर पसीना अधिक आने से शरीर में नमक और पानी की कमी हो जाती हैं तो नेट्रम-म्यूर लेने से राहत महासूस होगा। चूंकि यह दवा नमक से बनती हैं, इसलिए इससे शरीर में नमक की पूर्ति हो जाती हैं। दिन में 10-11 बजे तकलीफ ज्यादा बढ़ती हैं। सिरदर्द होता है। कमजोरी लगती है। आंखों में जलन होती है। प्यास अधिक लगती है। ब्लड-प्रेशर कम हो जाता है। इसे धूप में जाने से पहले खाने से लू नहीं लगती है।

पीडब्ल्यूसी : कैजुअल रिक्तियों के तहत आवेदन शुरू

पटना (नि.सं.)। पटना वीमेंस कॉलेज में नए सत्र में नामांकन के लिए कैजुअल रिक्तियों के तहत आवेदन शुरू हो चुका है। जो छात्राएं आवेदन फॉर्म नहीं भर सकी थीं वह कैजुअल रिक्तियों के तहत आवेदन कर सकती हैं। बीए, बीएससी, कॉमर्स में कुल 30 विषयों में कैजुअल रिक्तियों के तहत नामांकन लिए जाएंगे। बीए प्रोग्राम के तहत हिन्दी, दर्शनशास्त्र, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, संस्कृत, उर्दू, फैशन डिजाइनिंग, सीईएमएस व बीएमसी शामिल है। बीएससी प्रोग्राम के तहत गणित, वनस्पति विज्ञान, रसायन शास्त्र, भौतिकी, सांख्यिकी, डेटा साइंस एंड एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग शामिल है। वहीं कॉमर्स में अकाउंटिंग एंड फाइनेंस, कॉमर्स प्रोफेसनल व एएमएम में नामांकन लिए जाएंगे। इसके अलावे बीसीए में भी कैजुअल रिक्तियों के तहत नामांकन लिए जाएंगे।

जलसमस्या से जूझ रहे मदनपुर अंतर्गत महुआवाँ पंचायत के कंचनपुर वासी

प्रमोद कुमार सिंह ने निजी कोष से लगवाया चापाकल, ग्रामीणों ने किया आभार व्यक्त

निज संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। भीषण गर्मी की वजह से जलस्तर नीचे चले जाने की वजह से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। इस जल संकट ने मदनपुरवासियों को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। मदनपुर प्रखंड के महुआवाँ पंचायत के ग्राम कंचनपुर में पेय जल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस गांव में दलित समाज की बड़ी जनसंख्या है, जो इस समस्या से जूझ रही है और दैनिक जीवन के लिए पानी की किल्लत से त्रस्त है। गांव में भारी पेय जल की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने लोजपा नेता प्रमोद कुमार सिंह से मदद की गुहार लगाई। प्रमोद कुमार सिंह ने तुरंत अपनी निजी कोष से चापाकल लगवाने का काम शुरू करवा दिया। इस कदम से गांव के लोगों ने राहत की सांस ली और प्रमोद कुमार सिंह का धन्यवाद किया। ग्रामीणों का कहना है कि हर मुश्किल घड़ी में प्रमोद सिंह ही उनके काम आते हैं। प्रमोद कुमार सिंह ने रफीगंज विधानसभा के लिए बहुत सारे विकासात्मक कार्य किए हैं। वे हमेशा लोगों के सुख-दुःख में खड़े रहते हैं, चाहे वह सड़क और नाली बनवाना हो या गरीब की बेटी की शादी करानी हो। विगत 20 वर्षों से प्रमोद कुमार सिंह क्षेत्र का कल्याण कर रहे हैं। प्रमोद कुमार सिंह ने कहा, 'क्षेत्र का प्रत्येक घर मेरा घर है और सभी लोग मेरे परिवार के सदस्य हैं। बिना जात-पात, अमीर-गरीब के भेदभाव के, मैंने हमेशा लोगों की मदद की है और आगे भी करता रहूंगा। ग्राम कंचनपुर के निवासियों ने इस पेय जल संकट में तुरंत मदद के लिए प्रमोद कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वे उनके सच्चे मसीहा हैं। सिंह के इस सराहनीय कार्य ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि वे वास्तव में जनता के नेता हैं।

क्षेत्रीय विकास के लिए प्रमोद कुमार सिंह की प्रतिबद्धता

प्रमोद कुमार सिंह ने रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकासात्मक परियोजनाओं को अंजाम दिया है। सड़कों की मरम्मत से लेकर नई सड़कों के निर्माण तक, जल निकासी व्यवस्था को सुधारने और नालियों के निर्माण तक, उन्होंने क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अलावा, उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को भी सुदृढ़ करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

प्रमोद सिंह को मार्गदर्शक के रूप में देखते हैं ग्रामीण

प्रमोद कुमार सिंह ने गरीब और वंचित परिवारों के लिए विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कई गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में सहायता की है और उन्हें आर्थिक मदद दी है। वे नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा करते हैं और लोगों की समस्याओं को सुनते हैं, जिससे वे तुरंत समाधान कर सकें। प्रमोद कुमार सिंह की इन सभी कोशिशों और सेवाओं के कारण क्षेत्र के लोग उनमें अपना सच्चा नेता और मार्गदर्शक देखते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रमोद कुमार सिंह ने कभी भी जात-पात या आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव नहीं किया और हमेशा सभी की मदद की है। प्रमोद कुमार सिंह ने कहा, 'मेरे लिए, सेवा ही धर्म है। मैं अपने क्षेत्र के लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ और उनके हर सुख-दुःख में हमेशा उनके साथ खड़ा रहूँगा।

विशाल मेगा मार्ट के सामने से चोरी हुई बाइक

पीड़ित बोला-लॉक लगी थी, मास्टर चाभी लगा ले गया चोर, सीसीटीवी में घटना कैद

कार्यालय संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद के एमजी रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट में एक चोर ने बड़ी आसानी से बाइक चोरी की और फरार हो गया। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है। फुटेज में देखा जा सकता है कि एक चोर बाइक की लॉक खोलने का प्रयास कर रहा है तो दूसरा लोगों पर नजर रख रहा है। घटना को लेकर फेसर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी चंदन कुमार ने नगर थाना में तहरीर समर्पित कर बाइक खोजबीन की मांग है। उसने बताया कि मार्ट के आगे वह अपनी बाइक खड़ी कर कुछ सामग्रियों की खरीदारी करने अंदर गया जब वापस लौटा तो देखा कि उसकी बाइक उस जगह से गायब थी। इस दौरान उसने अपने स्तर से काफ़ी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। उसने बताया कि चोर ने संभवतः मास्टर चाबी का इस्तेमाल किया होगा, क्योंकि हमारी बाइक लॉक थी। इधर, थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एक युवक की शिकायत पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसका एक सीसीटीवी भी सामने आया है। घटनास्थल के आसपास लगे फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है।

नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का खुलासा

पटना(नि.सं.)। पटना के ट्रांसपोर्ट नगर जकरियापुर में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का खुलासा हुआ है। इस मामले में 2 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौके से शराब बनाने का सामान, विभिन्न ब्रांड की खाली बोतलें, रैपर और लाखों रुपए का शराब बरामद हुआ है। होम्योपैथिक दवा और फिनाइल बनाने के नाम पर नकली शराब बनाई जा रही थी। आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि बुधवार को गुप्त सूचना मिली थी कि जकरियापुर में एक जगह पर नकली शराब बनाने का कारोबार चल रहा है। सूचना मिलने के बाद टीम रात में ही उक्त स्थल पर पहुंच गई।

दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार महिला समेत पांच घायल

निज संवाददाता

बारूण (औरंगाबाद)। जिले के नरारी कला थाना क्षेत्र के सदुरी गांव में बीते बुधवार के अपराहन दो पक्षों के बीच हुई मारपीट। इस घटना में चार महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया।

सदर अस्पताल में इलाज कराने पहुंची महिलाओं ने बताया कि गांव के दबंग प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। इसकी सूचना थाने को दे दी गई है।

श्रेया हत्याकांड में हत्यारों का पता लगाए पुलिस नहीं तो दुष्टों को सजा देगी राजपा : शेर सिंह राणा

कार्यालयसंवाददाता

औरंगाबाद। देश के चर्चित राजपूत नेता व राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी(सत्य) के राष्ट्रीय संयोजक शेर सिंह राणा ने औरंगाबाद के नबीनगर की छात्रा हत्याकांड को लेकर बड़ा बयान दिया है। चेतावनी देते हुए कहा कि दुष्ट हत्यारें कौन है, पुलिस इसका जितनी जल्दी हो सके, पता लगाए वरना हमें खुद आकर दुष्ट हत्यारों को सजा देनी पड़ेगी। बहन-बेटियों के साथ निर्दयता को राजपा बर्दाश्त नही करेगी। पुलिस से हमारा निवेदन ही नही बल्कि चेतावनी है कि वह जल्द से जल्द हत्याकांड का खुलासा करे नही तो हमें अपने तरीके से काम करना आता है। कहा कि राजपा कार्यकर्ता बिटिया को न्याय दिलाने के लिए लगे हुए है। कार्यकर्ताओं से गुजारिश है कि वें पूरी ताकत लगाए और पुलिस पर दबाव बनाएं। उनका दबाव बनाना व्यर्थ नही जाएगा। उन्होंने कहा कि इस निर्मम हत्याकांड की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम होगी। हम दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़े है। राजपा बिटिया को इंसाफ की लड़ाई लड़ रही है। पार्टी इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाकर ही दम लेगी, इसके लिए हमें कुछ भी क्यों न करना पड़े।

गौरतलब है कि 11 जून को सुबह 6.15 बजे नबीनगर की नाबालिग छात्रा अपने घर से कोचिंग के लिए निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। छात्रा के समय पर घर नहीं लौटने के बाद परिजन खोजबीन करने लगे। पूरे दिन खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं मिलने पर थक हार कर नाबालिग छात्रा की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें बेटी को अगवा किए जाने का आरोप लगाया था। प्राथमिकी में मां ने लड़की की सहेली, उसकी मां और बगल के गांव के युवक को आरोपी बनाया था। इस दौरान घटना के तीसरे दिन 13 जून को रोहतास के इंद्रपुरी बराज के पास नहर से नाबालिग छात्रा की लाश मिली थी। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद औरंगाबाद के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ)-1 संजय कुमार पांडेय ने छात्रा की मौत डूबने से होना बताते हुए इसे यह हत्या या आत्महत्या का मामला करार दिया था। इसके बाद बवाल मच गया था। बवाल के बाद एसआईटी गठित की गई। एसआईटी ने मामले के तीन नामजदों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया। इसके बावजूद मामले को लेकर बवाल मचा हुआ है। पीड़ित परिवार से मिलने नेताओं के आने का सिलसिला जारी है। नेता लगातार पूरे मामले का खुलासा करने की मांग कर रहे है। इसी कड़ी में शेर सिंह राणा ने भी पुलिस को चुनौती देने और कानून को हाथ में लेने की धमकी वाला यह बयान दिया है। राणा देश के चर्चित राजपूत नेता है और वें पहली बार अफगानिस्तान से हिंदु हृदय सम्राट पृथ्वी राज चौहान की अस्थियों को वापस लाकर देशव्यापी चर्चा में आए थे।

ससुराल से लौट रहे 35 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर हुई मौत

निज संवाददाता

रफीगंज(औरंगाबाद)। पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत डिहरी-गया रेलखंड पर औरंगाबाद के रफीगंज स्टेशन पर डाउन लुप लाइन में खड़ी मालगाड़ी के नीचे से प्लेटफॉर्म पार करने के दौरान ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजस्थान के टोंक जिले के निवही निवासी मो. शहजाद के 35 वर्षीय पुत्र फारुक के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतक की मां शकीना बेगम ने बताया कि मैं अपने बेटे के साथ बहु को विदा कराने आई थी। हमलोग रफीगंज में एक परिवार के यहां रुके हुए थे। बेटे की गया में ससुराल है। वह तीन दिनों से पत्नी को लेने अपने ससुराल गया हुआ था। इस दौरान ससुराल वालों ने बीवी को उसके साथ विदा करने के बजाये मारपीट कर भगा दिया। इसके बाद मेरा बेटा मेरे पास वापस रफीगंज आ गया। हमलोग वापस जाने के लिए टिकट बनवाने के लिए जा रहे थे। रफीगंज स्टेशन पर डाउन लूप लाईन में मालगाड़ी खड़ी थी। मेरा बेटा प्लेटफार्म पर टिकट लेने जाने के लिए फुट ओवरब्रिज पर न चढ़कर खड़ी मालगाड़ी के नीचे से पार हो रहा था। इसी दौरान सिग्नल हो गया और ट्रेन चालू हो गया, जिससे चपेट में आकर वह बुरी तरह जख्मी हो गया।आनन-फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से ईलाज के लिए रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया। इलाज करने वाले चिकित्सक डॉ. एके केसरी ने बताया कि युवक का दोनों पैर एवं एक हाथ पूरी तरह से कट गया था। इसके चलते काफी खून बह गया था।प्राथमिक उपचार बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता : हसान सिद्दिकी

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। लोकसभा चुनाव में औरंगाबाद और काराकाट संसदीय सीट के लिए इंडी-महागठबंधन के प्रभारी रहे बिहार प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव हसान सिद्दिकी दोनो सीटो पर महागठबंधन की जीत के बाद गुरुवार को रफीगंज पहुंचे। उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव में पूरे लगन के साथ काम किया। परिणामस्वरूप दोनों सीटो पर महागठबंधन को जीत मिली। किया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2025 के विधानसभा चुनाव की तैयारी भी अभी से ही जूट जाए। कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का वफादार कार्यकर्ता हूं और रफीगंज क्षेत्र अल्पसंख्यक बहुल है। 2025 का विधानसभा चुनाव मैं रफीगंज से ही लड़ूंगा। पूरी संभावना है कि कांग्रेस पार्टी मुझे टिकट देगी। मैंने पहले भी रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से दो बार पर्चा भरा था।

हीट स्ट्रोक से बेहोश हो रहे दुधारू पशु

निज संवाददाता

पटना। भीषण गर्मी के प्रकोप से पशु सुस्त होकर खाना-पीना कम कर दे रहे हैं। पशुओं में तेज सांस लेने और नाड़ी की गति तेज होने की ज्यादा समस्या हो रही है। ज्यादातर पशु खासकर दुधारू पशु इस बीमारी से बेहोश हो जा रहे हैं। अधिकतर पशु में हांफनी की बीमारी बढ़ी है।

पटना जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार ने बताया कि हीट स्ट्रोक से पशु को तेज बुखार हो रहा और पशु सुस्त होकर खाना-पीना कम कर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में होने वाली बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए उन्हें दिन में दो से तीन बार नहलाना चाहिए। पशुओं को छायादार पेड़ों के नीचे बांधना चाहिए। ज्यादा-ज्यादा हरे चारे का प्रयोग करें। बीमारी होने पर पशु चिकित्सक से संपर्क करें। इस भीषण गर्मी में पशुओं पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

पशुपालन अधिकारी ने बताया कि पशुओं के कई लक्षण देखकर हीट स्ट्रोक बीमारी की पहचान की जा सकती है।

दूध देने की भी क्षमता हुई कम

भीषण गर्मी में गाय और भैंस की दुग्ध उत्पादन क्षमता कम हो गई है। दुधारू पशुओं ने तकरीबन दो से तीन किलो दूध कम कर दिया है। पशुपालक महेन्द्र यादव ने बताया कि पहले जो भैंस 10 किलो दूध दे रही थी वह घटकर सात किलो पर आ गई है।

मध्यम अवधि के धान का बिचड़ा गिराने में हो रही देरी, सब्जी का उत्पादन हुआ आधा

निज संवाददाता

पटना। तेज धूप और गर्मी के कहर से खेती-किसानी चौपट हो रही है। किसान मानूसन की झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं, ताकि खेतीबारी सामान्य रूप से कर पाएं। गर्मी का ऐसा असर खेती पर पड़ा है कि सब्जियों के उत्पादन आधे से भी कम हो गया है और धान की खेती प्रभावित हो रही है। मध्यम अवधि वाले धान का बिचड़ा गिराने के समय में भी 12 दिन की देरी हो गई है। इससे रोपनी में विलंब होगा और इसका असर रबी की फसलों पर पड़ेगा। सुबह और शाम पटवन करने के बाद भी सब्जियों की फसल झुलस रही है। उत्पादन 50 से 70 फीसदी तक कम हो गया है। नौबतपुर के वरिष्ठ किसान अजय कुमार ने बताया कि रोहिणी नक्षत्र में लंबी अवधि वाले धान का बिचड़ा कई जगह गिरा चुका है। अभी मृगशिरा नक्षत्र चल रहा है। इसमें किसान मध्यम अवधि वाले बिचड़ा गिराते हैं। इसके नर्सरी का उचित समय 10 जून से 25 जून तक है। अब नर्सरी के लिए महज पांच दिन बचे हैं। बारिश के इंतजार में अधिकतर किसान बिचड़ा नहीं गिरा पाए हैं। इससे उनकी खेती प्रभावित हो रही है। बारिश होगी तभी ऐसे किसान बिचड़ा गिरा पाएंगे। लंबी अवधि वाले धान की रोपाई आद्रा नक्षत्र में 22 जून से शुरू हो जाएगी। किसानों को इसके लिए बारिश का इंतजार है। कृषि वैज्ञानिक पीके द्विवेदी के अनुसार मध्यम अवधि के किस्मों की नर्सरी 10 जून से 25 जून तक और कम अवधि वाले नर्सरी 25 जून से 10 जुलाई तक कर लेनी चाहिए। इससे रोपाई सही समय पर होगी और उत्पादन बेहतर होगा। भीषण गर्मी से सब्जियों की फसल बर्बाद हो गई है। सुबह और शाम पटवन के बाद भी फसल झुलस रही है। फसल में फूल लग रहे तो फल नहीं बन पा रहा। धूप की तपिश से फूल जल जा रहे हैं। इससे सब्जियों के उत्पादन 50 से 70 फीसदी तक कम हो गया है। किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पटना जिले के फतुहा, बख्तियारपुर, मनेर, नौबतपुर, पालीगंज में सब्जियों की खेती प्रभावित हुई है। किसान उत्पादन कम होने से परेशान हैं। परेव के किसान विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी ने पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जिसके कारण सब्जियों का उत्पादन घटकर आधा से भी कम हो गया है। कट्ठे में 30 किलो उत्पादित होने वाली सब्जियां 10 से 15 किलो हो रही है।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार
Directorate of Fisheries, Bihar, Patna

जून माह में मत्स्य–पालकों द्वारा ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बातें:–

- मत्स्य प्रजनकों का उचित देखभाल करें।
- भारतीय/विदेशी कार्प मछलियों का प्रजनन प्रारंम्भ कर दें।
- हैचरी/हापा ब्रिडिंग के प्रबंधन एवं संचालन के लिए विशेषज्ञों से समय–समय पर सलाह लेते रहें।
- मत्स्य बीज संचयन से पूर्व तालाब की तैयारी जैसे–जलीय खरपतवार की निकासी, जलीय कीटों तथा अवांछित मछलियों का उन्मूलन कर लें।
- हैचरियों से स्पॉन प्राप्त कर नर्सरी तालाबों में संचयन करें।
- मछली पालन तालाब (ग्रो आउट तालाब) में इयरलिंग मत्स्य बीज संचयन औसत वजन 100 ग्राम का 2000 एवं औसत वजन 50 ग्राम का 4000 प्रति एकड़ की दर से जून के अंतिम सप्ताह में शुरू कर दें।
- मत्स्य बीज परिवहन का कार्य हमेशा रात में या 10 बजे पूर्वाहन से पहले करें।
- तालाब में मछलियों को संक्रमित होने से बचाने के लिए 30–45 दिन पर 400 ग्राम प्रति एकड़ की दर से पोटाशियम परमैंगनेट का छिड़काव करते रहें।
- मौसम खराब रहने यानि अत्यधिक गर्मी, आर्द्रता वर्षा रहने पर भोजन का प्रयोग आधा कर दें।
- वर्षापात् के पश्चात चूना 15–20 कि0ग्रा0 प्रति एकड़ की दर से घोल कर तालाब के जल के उपर छिड़काव करें।
- अत्याधिक गर्मी एवं आर्द्रता बढ़ने के कारण एवं अचानक वर्षापात के कारण तालाब में घुलनशील ऑक्सीजन की कमी हो जाती है। ऐसी परिस्थिति आने पर तालाब में एयरेटर का प्रयोग करें। तालाब के पानी को तालाब में हीं पंपसेट चला कर तोरें (एयरेट करें) या घुलनशील ऑक्सीजन बढ़ाने वाली टैबलेट का प्रयोग 500 ग्राम प्रति एकड़ की दर से करें या तालाब में मछली के घनत्व को कम करें।

PR No.- 002223 (Animal)D. 2024-25

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (मत्स्य प्रभाग), बिहार सरकार द्वारा जनहित में जारी